@Qpatrika
@qaumipatrika hindi
instagram.com/qaumipatrika

# कौमी पत्रिका
राष्ट्रीय दैनिक अखबार

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित
शुक्रवार, 31 अक्टूबर 2025

VISIT:
www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 18 अंक 361 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)

# बिहार को लालू यादव ने अपराध का अड्डा बनाया था : अमित शाह

**एजेंसी**

**लखीसराय ।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह गुरुवार को लगातार दूसरे दिन बिहार में चुनावी प्रचार मैदान में उतरे। उन्होंने लखीसराय में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए राजद शासनकाल को जंगलराज बताते हुए जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जिस बिहार को लालू यादव ने अपराध का अड्डा बनाया था, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार उसे जंगलराज से बाहर निकालकर विकास का पर्याय बना रहे हैं। उन्होंने लखीसराय में लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि 2005 के पहले पूरा बिहार जंगलराज की चपेट में था। तब अपहरण होता था और खून बहाया जाता था। इस चुनाव में आपका एक-एक वोट नक्सलवाद, आतंकवाद और जंगलराज समाप्त करने के लिए होगा। उन्होंने कहा कि यह चुनाव विकसित बिहार बनाने का चुनाव है। उन्होंने कहा, ÷छह नवंबर को मतदान है। आप सभी को कमल और तीर के



निशान पर बटन दबाना है। लेकिन आप ऐसा सोचकर बटन मत दबाना कि आपके वोट से कोई विधायक या मंत्री बनेगा, बल्कि आप ये सोचकर वोट दीजिएगा कि आपका एक-एक वोट सीएम नीतीश और पीएम मोदी के नेतृत्व में बिहार को विकसित बनाने के लिए है। आपका एक-एक वोट जंगलराज को रोकने के लिए है।' उन्होंने बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री श्रीकृष्ण बाबू की चर्चा करते हुए कहा कि कृष्ण बाबू ने ही 14 साल तक बिहार के विकास की नींव रखने का काम किया और श्रीकृष्ण बाबू के समय में ही बिहार भारत के प्रमुख राज्यों में से एक राज्य बना, जिसे आगे चलकर लालू-राबड़ी ने जंगलराज से बर्बाद कर दिया।

उन्होंने लखीसराय के सिंदूर और गुलाल की चर्चा करते हुए कहा कि लखीसराय का जो सिंदूर है, वो सिर्फ सिंदूर नहीं है, हमारी माताओं-बहनों के सौभाग्य का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहलगाम में मारे गए यात्रियों की मौत का बदला लेने के लिए जो ऑपरेशन चलाया, उसे 'ऑपरेशन सिंदूर' नाम देकर हमारी माताओं-बहनों का सम्मान पूरे विश्व में बढ़ाया है।

उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बुधवार के एक बयान की चर्चा करते हुए कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अपमान करते-करते छठी मईया का अपमान कर दिया। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता छठी मईया के अपमान का बदला जरूर लेगी। उन्होंने इस दौरान केंद्र सरकार और बिहार सरकार द्वारा चलाई गई योजनाओं और सीतामढ़ी में मां जानकी के भव्य मंदिर बनाने की भी चर्चा की।

## राहुल पर तेजप्रताप का तंज- जो विदेश भाग जाए, उन्हें छठ पूजा का ज्ञान कैसे होगा

**एजेंसी**

**पटना ।** जनशक्ति जनता दल (जेजेडी) प्रमुख तेज प्रताप यादव ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के पीएम मोदी और छठ पूजा को लेकर दिए बयान पर जोरदार पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति विदेश भाग जाता है, उसे छठ पूजा का ज्ञान कैसे होगा। पटना में मीडिया से बातचीत के दौरान तेज प्रताप ने कहा कि राहुल गांधी को छठ के बारे में क्या पता है? क्या राहुल गांधी ने कभी ये पर्व मनाया है, जो उन्हें इसके बारे में कुछ पता है? जो आदमी विदेश भाग जाता है, उसे छठ पर्व के बारे में क्या जानकारी होगी? बता दें कि तेजप्रताप ही नहीं, बल्कि एनडीए नेताओं ने भी राहुल गांधी के छठ पूजा और पीएम मोदी को लेकर दिए बयान पर आपत्ति जताई है। कई नेताओं का मानना है कि राहुल गांधी की बातों को गंभीरता से लेने की जरूरत नहीं है, क्योंकि वे गंभीर नेता नहीं हैं। मुकेश सहनी के बयान पर कि वे तेजप्रताप यादव को नहीं जानते, इस पर उन्होंने कहा कि मुकेश सहनी कौन हैं? जब पत्रकारों ने बताया कि सहनी महागठबंधन की ओर से डिप्टी सीएम पद के उम्मीदवार हैं, तो उन्होंने कहा कि हम मुकेश सहनी को नहीं जानते हैं। बिहार में किसकी लहर चल रही है, जब उनसे पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि बिहार में जनशक्ति जनता दल की लहर चल रही है।



## 'सभ्य समाज में अमर्यादित भाषा अस्वीकार्य'

### राहुल के बयान पर रिजिजू ने किया पलटवार

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और छठ पूजा को लेकर दिए गए बयान पर केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने पलटवार किया है। रिजिजू ने कहा सभ्य समाज में गंदी भाषा कभी स्वीकार नहीं की जा सकती है। बातचीत में उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने एक बार फिर प्रधानमंत्री के बारे में ऐसी टिप्पणी की है, जिससे कांग्रेस के सदस्य भी शर्मिंदा हैं।

उनके द्वारा इस्तेमाल किए गए शब्दों से उनकी अपनी पार्टी को बहुत नुकसान हुआ है। कांग्रेस के अच्छे लोग भी शर्मिंदा हैं, क्योंकि किसी भी जिम्मेदार नेता को ऐसी भाषा का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। मीडिया से बातचीत के दौरान केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कांग्रेस नेता इस तरह की बातें करते हैं कि देश की जनता उन्हें दोबारा सत्ता में आने का मौका नहीं देगी। कांग्रेस पार्टी एक विचारधारा विहीन पार्टी और ऐसी गंदी भाषा का इस्तेमाल करने वाले नेताओं को सभ्य समाज में स्वीकार नहीं किया जा सकता। भारत की जनता इस तरह के व्यवहार को कभी स्वीकार



नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी राहुल गांधी से परेशान हो चुकी है। कांग्रेस में कुछ अच्छे लोग भी हैं, जो यह जानते हैं कि राहुल गांधी जब भी मुंह खोलते हैं, कांग्रेस पार्टी को नुकसान कराते हैं। देश तो प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है, लेकिन राहुल गांधी अपने बयानों से कांग्रेस को धूमिल करने का लगातार काम कर रहे हैं।

## प्राथमिक रिपोर्ट में एयर इंडिया के ऑपरेशन में नहीं मिला कोई फॉल्ट

### एआई-171 क्रैश पर बोले सीईओ कैंपबेल विल्सन

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** एयर इंडिया के प्रबंधक निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) कैंपबल विल्सन ने कहा कि एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (एएआईबी) की प्राथमिक रिपोर्ट में एआई-171 क्रैश में एयरलाइन के परिचालन करने के तरीके में कोई खराबी नहीं मिली है। एविएशन इंडिया 2025 समिट में बोलते हुए विल्सन ने कहा कि जुलाई की रिपोर्ट में निष्कर्ष निकाला गया कि एयर इंडिया की प्रक्रियाओं या विमान रखरखाव में कुछ भी गलत नहीं था, जिसके लिए किसी भी बदलाव की आवश्यकता थी। उन्होंने आगे कहा, 'अंतरिम रिपोर्ट से संकेत मिलता है कि



विमान के इंजनों या कार्यप्रणाली में कोई ऐसी गड़बड़ी नहीं थी जिसे बदलने की जरूरत हो। लेकिन, हम हमेशा इस पर फोकस करते हैं कि हम कैसे और सुधार करते रहें, बेहतर होते रहें और सीखते रहें। एयर इंडिया का विमान एआई-171, 12 जून को क्रैश हो गया था। अहमदाबाद से लंदन जा रहा बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद एक कॉलेज की इमारत से टकरा गया, जिससे उसमें सवार 241 लोगों की मौत हो गई और केवल एक ही जीवित बचा। विल्सन ने पैनल चर्चा के दौरान कहा, उस दुखद दिन के बाद से भारत में यह हमारी पहली सार्वजनिक बातचीत है। उन्होंने आगे कहा, यह घटना में शामिल लोगों, उनके परिवारों, कंपनी और हमारे कर्मचारियों के लिए बेहद विनाशकारी थी। एएआईबी की 12 जुलाई को जारी प्रारंभिक रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि उड़ान भरने के तुरंत बाद दोनों इंजनों की ईंधन आपूर्ति बंद कर दी गई थी।

## लखनऊ में जहाज के आकार में बनेगा 'नौसेना शौर्य संग्रहालय'

- भारतीय नौसेना की अदम्य वीरता और सामुद्रिक क्षमता का जीवंत प्रतीक होगी यह परियोजना : मुख्यमंत्री-भारत की समुद्री आत्मा और सभ्यता की गौरवगाथा को जन-जन तक पहुँचाएगा यह संग्रहालयः मुख्यमंत्री

**एजेंसी**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को संस्कृति विभाग की समीक्षा बैठक में राजधानी लखनऊ में प्रस्तावित 'नौसेना शौर्य संग्रहालय' की प्रस्तुति का अवलोकन किया और उन्होंने इसके शीघ्र निर्माण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह संग्रहालय भारतीय नौसेना की अदम्य शौर्यगाथाओं और हिन्द महासागर क्षेत्र में भारत की सामुद्रिक क्षमता का जीवंत प्रतीक बनेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि समुद्र भारत की सभ्यता का मंथन स्थल रहा है और भारतीय नौसेना उस गौरवशाली परंपरा की आधुनिक अभिव्यक्ति है। लखनऊ का यह संग्रहालय उसी परंपरा को जन-जन



तक पहुंचाने का माध्यम बनेगा। प्रस्तावित 'नौसेना शौर्य संग्रहालय' की प्रस्तुति संबंधी बैठक में बताया गया कि संग्रहालय का स्वरूप एक जहाज के आकार के रूप में होगा। जहाज की रेलिंग, पोर्थोल जैसी खिड़कियां, नौसैनिक वास्तुकला और समुद्री प्रतीकों के साथ इसे विशिष्ट पहचान दी जाने की योजना है। परिसर में इंटरप्रिटेशन सेंटर, सेंट्रल डेक, ओपन एयर मेमोरियल, थीमैटिक वॉकवे, प्रदर्शनी गैलरी, फाउंटेन और लाइट-एंड-साउंड एरिना शामिल होंगे। डिज़ाइन को ऊर्जा-संवेदनशील रखा गया है, जिसमें प्राकृतिक रोशनी, वेंटिलेशन और हरित निर्माण तकनीक का उपयोग किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि संग्रहालय को केवल देखने योग्य नहीं बल्कि अनुभव का केंद्र बनाया जाए, जहाँ दर्शक इतिहास को महसूस कर सकें। उन्होंने निर्देश दिए कि डिस्प्ले में डिजिटल, इंटरएक्टिव और इमर्सिव तकनीकों का प्रयोग हो, ताकि लोग नौसेना के अभियान, युद्ध और तकनीकी प्रगति को प्रत्यक्ष अनुभव कर सकें।

उन्होंने निर्देश दिए कि नौसेना संग्रहालय में छत्रपति शिवाजी महाराज के बारे में आवश्यक जानाकरी उपलब्ध कराई जाए। प्रस्तुति में बताया गया कि परियोजना दो प्रमुख हिस्सों में विकसित हो रही है। पहली-'आईएनएस गोमती शौर्य स्मारक' और दूसरी-'नौसेना शौर्य वाटिका'। बताया गया कि 'आईएनएस गोमती (स्न-21)' गोदावरी श्रेणी का स्वदेशी मिसाइल फ्रिगेट है जिसने 34 वर्षों तक भारतीय नौसेना में सेवा दी और 'ऑपरेशन कैक्टस', 'ऑपरेशन पराक्रम' जैसे अभियानों में भाग लिया। इसे संरक्षित कर संग्रहालय परिसर में प्रदर्शित किया जाएगा ताकि नागरिक और युवा उसकी बहादुरी की कहानी को प्रत्यक्ष देख सकें। मुख्यमंत्री ने 'नौसेना शौर्य वाटिका' को परियोजना का विशेष आकर्षण बताते हुए इसके शीघ्र पूर्ण होने के निर्देश दिए।

## उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने दो सरकारी शिक्षकों को किया बर्खास्त

- आतंकवादियों से संबंध रखने का आरोप

**एजेंसी**

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने आतंकवादियों से संबंध के आरोप में दो सरकारी शिक्षकों को सेवा से बर्खास्त करने का आदेश दिया है। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कर्मचारियों की पहचान गुलाम हुसैन और माजिद इकबाल डार के रूप में हुई है। हुसैन रियासी जिले की माहौर तहसील के कलवा मुलास का निवासी है जबकि डार राजौरी जिले के खेओरा क्षेत्र के वार्ड नंबर 1 का निवासी है। अलग-अलग बर्खास्तगी आदेशों में कहा गया है कि मामले के तथ्यों और



परिस्थितियों पर विचार करने और उपलब्ध जानकारी के आधार पर उपराज्यपाल इस बात से संतुष्ट हैं कि दोनों कर्मचारियों की गतिविधियां ऐसी हैं कि उन्हें सेवा से बर्खास्त किया जाना उचित है। आदेशों में कहा गया है कि उपराज्यपाल संविधान के अनुच्छेद 311 के खंड (2) के उप-खंड (सी) के तहत इस बात से संतुष्ट हैं कि राज्य की सुरक्षा के हित में इन मामलों में जांच कराना उचित नहीं है।

## केंद्रीय मंत्री बघेल ने चलाया स्वच्छता और 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान

### बघेल ने एक्यूसीएस परिसर का निरीक्षण किया

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय तथा पंचायती राज राज्य मंत्री एस.पी. सिंह बघेल ने गुरुवार को नई दिल्ली के एनिमल क्वारंटाइन एंड सर्टिफिकेशन सर्विसेज़ (एक्यूसीएस) में स्वच्छता अभियान और 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम की शुरुआत पौधारोपण कर की। साथ ही उन्होंने पुराने रिकॉर्ड और फाइलों की समीक्षा कर अनुपयोगी सामग्री का निपटान कराया। पशुपालन और डेयरी विभाग (डीएएचडी) की ओर से आयोजित विशेष अभियान 5.0 के तहत बघेल ने एक्यूसीएस परिसर का निरीक्षण किया और वहां की स्वच्छता व सुव्यवस्था की सराहना की। उन्होंने कहा कि एक्यूसीएस भारत का अहम केंद्र है, जो देश में आने वाले पशुओं की वैज्ञानिक जांच और स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करता है। केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के अनुसार, विशेष अभियान 5.0 के तहत विभाग ने लंबित मामलों के निपटान, फाइल समीक्षा और स्वच्छता के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। कबाड़ और अनुपयोगी सामग्री की बिक्री से कुल पांच लाख 54 हजार रुपये की आय हुई है। मंत्रालय के अनुसार, सांसदों से मिले 15 संदर्भों



में से 11 का निपटान किया गया। संसदीय आश्वासनों में 5 में से 3 पूरे हुए। राज्य सरकार से मिले सभी 8 संदर्भों पर कार्रवाई की गई और 214 सार्वजनिक शिकायतों का पूरी तरह समाधान किया गया। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) से मिले तीनों निर्देशों या मामलों पर विभाग ने पूरी कार्रवाई कर ली है।

## साइप्रस-भारत विदेश मंत्री वार्ता, संयुक्त कार्य योजना की समीक्षा

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने गुरुवार को साइप्रस के अपने समकक्ष डॉ. कॉन्स्टेंटिनोस कोम्बोस के साथ यहां वार्ता की और दोनों देशों की संयुक्त कार्ययोजना 2025-29 की समीक्षा की। इसी साल जून में प्रधानमंत्री की साइप्रस यात्रा के दौरान इस कार्ययोजना पर सहमति बनी थी। विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने आज एक्स पोस्ट में कहा कि हमारी चर्चाओं में वैश्विक भू-राजनीतिक स्थिति, हमारे संबंधित क्षेत्रों में विकास और बहुपक्षीय मंचों पर हमारे सहयोग पर भी चर्चा हुई। साल 2026 में साइप्रस के यूरोपीय संघ की अध्यक्षता संभालने के साथ हमें विश्वास है कि भारत-यूरोपीय संघ के संबंध और भी मज़बूत होंगे। इससे पहले विदेश मंत्री ने हैदराबाद हाउस में हुई वार्ता के दौरान अपने शुरुआती वक्तव्य में भारत के



महत्वपूर्ण हितों के मुद्दों पर साइप्रस के निरंतर समर्थन की सराहना की। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से सीमा पार आतंकवाद के विरुद्ध हमारी लड़ाई में साइप्रस ने पहलगाम हमले की कड़ी निंदा की और भारत के साथ एकजुटता व्यक्त की। वहीं, विदेश मंत्री ने भारत की ओर से प्रासंगिक संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद संकल्पों के अनुसार साइप्रस की संप्रभुता, एकता और क्षेत्रीय अखंडता तथा राजनीतिक समानता के साथ द्वि-क्षेत्रीय, द्वि-सांप्रदायिक संघ के लिए अपने अटूट समर्थन को दोहराया।

## नालंदा में बोले राहुल गांधी, सीएम नीतीश का रिमोट कंट्रोल पीएम मोदी के पास है

**एजेंसी**

**बिहारशरीफ ।** बिहार विधानसभा चुनाव प्रचार में गुरुवार को लगातार दूसरे दिन लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी उतरे। यहां उन्होंने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के गृह जिले नालंदा में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए एनडीए सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का रिमोट कंट्रोल पीएम नरेंद्र मोदी के पास है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि आज बिहार की सरकार पीएम मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और नागपुर से चल रही है। उन्होंने बिहार के लोगों को मेहनती बताते हुए कहा कि यहां के लोग सभी प्रदेशों में दिखाई देते हैं। बिहार के लोगों ने दुबई, बेंगलुरु, मुंबई जैसे कई शहरों में इंफ्रास्ट्रक्चर को अपने खून-पसीने से बनाया है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल है कि आखिर बिहार में क्या कमी है कि बिहार के लोगों की यही ऊर्जा और



क्षमता बिहार को बनाने में नहीं लग पा रही है? उन्होंने बिहार में पेपर लीक को लेकर सरकार को घेरते हुए कहा कि यहां के युवा सपना देखते हैं और उन सपनों को पूरा करने के लिए प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी भी करते हैं, लेकिन परीक्षा के पहले ही पेपर लीक हो जाता है। कुछ खास लोगों को परीक्षा के पहले पेपर मिल जाते हैं। उन्होंने नीतीश कुमार के विकास के दावे पर कटाक्ष करते हुए कहा कि नीतीश कुमार कहते हैं कि उन्होंने बिहार को बदल दिया है, लेकिन सच्चाई ये है कि बिहार में लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य जैसी सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। दिल्ली के एम्स में बिहार के लोगों की लंबी लाइन लगी रहती है, जो यहां के अलग-अलग जिलों से वहां इलाज करवाने जाते हैं। उन लोगों का कहना होता है कि कोई बिहार के अस्पताल में इलाज करवाने जाता है, तो वह वापस नहीं आता है। यह बिहार का असली चेहरा है। उन्होंने दिल्ली में यमुना के प्रदूषित होने की चर्चा करते हुए कहा कि एक तरफ मां यमुना बह रही हैं।

## हमारे पास ब्लू इकोनॉमी ग्रोथ के लिए एक एंबिशियस विजन : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

### मोदी ने निवेशकों को भारत में निवेश करने के लिए आमंत्रित किया

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** पीएम मोदी ने मैरीटाइम लीडर्स कॉन्क्लेव को संबोधित करने के बाद गुरुवार को निवेशकों को भारत में निवेश करने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि वे पूरे विश्वास के साथ कह सकते हैं कि भारत निवेश के लिए एक सही स्थान है। उन्होंने अपनी बात पर जोर देते हुए कहा, ÷हमारे पास वर्ल्ड-क्लास पोर्ट्स, एक लंबी कोस्टलाइन, स्ट्रेटेजिक ग्लोबल ट्रेड रूट्स और इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ इनोवेशन और इरादा है। हमारे युवाओं की वजह से हमारा इकोसिस्टम इनोवेशन के लिए पूरी तरह तैयार है। आइए, हमारे साथ जुड़िए!' पीएम मोदी ने कहा कि हमारे पास ब्लू इकोनॉमी ग्रोथ के लिए एक एंबिशियस विजन है। उन्होंने सोशल नेटवर्किंग सर्विस प्लेटफॉर्म लिंक्डइन पर एक पोस्ट में इंडिया मैरीटाइम वीक 2025 को लेकर जानकारी देते हुए बताया कि वे इस कार्यक्रम का हिस्सा बने। उन्होंने बताया कि वे कई बड़े सीईओ से मिले और



इस सेक्टर के बड़े स्टेकहोल्डर्स से बात की। देश के मैरीटाइम सेक्टर को लेकर उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में इंफ्रास्ट्रक्चर, सुधारों और लोगों की भागीदारी के साथ इस सेक्टर में कई बड़े बदलाव हुए हैं। इन बदलावों के साथ मैरीटाइम सेक्टर मॉडर्न इंफ्रास्ट्रक्चर, ग्लोबल ट्रस्ट और राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक बन गया है। पीएम मोदी ने अपने लिंक्डइन पोस्ट में रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म का मंत्र देते हुए कहा कि बिल्स ऑफ लैडिंग बिल से लेकर इंडियन पोर्ट्स बिल (2025) तक पांच महत्वपूर्ण बिलों ने मैरीटाइम गवर्नेंस को मॉडर्न बनाया है, व्यापार को आसान बनाया है, राज्यों को मजबूत किया है और भारत को ग्लोबल स्टैंडर्ड्स के साथ जोड़ा है। उन्होंने बताया कि इस ग्रोथ को बढ़ावा देने के लिए सरकार की ओर से समुद्री सेक्टर के लिए 70,000 करोड़ रुपए का एक अम्ब्रेला पैकेज मंजूर किया गया है। पीएम मोदी ने कहा कि शिपबिल्डिंग असिस्टेंस स्कीम, मैरीटाइम डेवलपमेंट फंड और शिपबिल्डिंग डेवलपमेंट स्कीम से 4.5 लाख करोड़ रुपए से अधिक का इन्वेस्टमेंट आएगा और 2,500 से अधिक जहाज बनाने में मदद मिलेगी।

## बिहार के मुजफ्फरपुर कोर्ट में राहुल गांधी के खिलाफ परिवाद दाखिल

**पटना।** बिहार में चुनावी सभा के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और छठ महापर्व पर अमर्यादित टिप्पणी को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ मुजफ्फरपुर की एक अदालत में परिवाद दाखिल किया गया है। यह परिवाद अधिवक्ता सुधीर ओझा ने दाखिल कर उनके खिलाफ केस चलाने और गिरफ्तार करने की मांग की है। अधिवक्ता ओझा ने आरोप लगाया है कि राहुल गांधी ने मझौलिया हाट में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा था कि चुनाव जीतने के लिए पीएम मोदी कुछ भी कर सकते हैं।

चुनाव के बाद वह नजर नहीं आएंगे। उन्होंने यह भी कहा था कि छठ पर्व पर प्रधानमंत्री मोदी ड्रामा कर रहे हैं। अधिवक्ता ने आरोप लगाया है कि राहुल गांधी के इस बयान से करोड़ों हिंदुओं की भावना को ठेस पहुंची है। प्रधानमंत्री मोदी के सम्मान को ठेस पहुंचाने और देश को अपमानित करने के उद्देश्य से ही कांग्रेस नेता ने इस तरह का बयान दिया है। शिकायतकर्ता ने कोर्ट से राहुल गांधी के खिलाफ बीएनएसएस की धारा 223 के तहत केस चलाने और गिरफ्तार करने की मांग की है।

## अहमदाबाद में कार चला रहे नाबालिग ने 3 साल की बच्ची पर चढ़ा दी कार, वायरल हुआ हादसे का वीडियो

अहमदाबाद (एजेंसी)। अहमदाबाद के नोबलनगर इलाके में बुधवार को एक किशोर की ओर से कथित तौर पर चलाई जा रही कार ने तीन साल की बच्ची को करीब कुचल दिया था। यह चौंकाने वाली घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। इसका फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। गौरतलब है कि कार पर नंबर प्लेट भी नहीं थी। पुलिस ने घटना की सूचना पाकर मामला दर्ज किया है घटना के समय बच्ची अपने घर के बाहर खेल रही थी। कार चालक नाबालिग ने बच्ची को देखा नहीं और गाड़ी उसके ऊपर चढ़ा दी। लेकिन स्थानीय लोगों के शोर मचाने पर कार रुक गई। लोग इकट्ठा हो गए और सीसीटीवी फुटेज में एक महिला नाबालिग कार ड्राइवर को थप्पड़ मारती हुई भी दिखाई दे रही है। हालांकि, बच्ची बच गई। अहमदाबाद पुलिस ने वीडियो पर रिएक्शन देकर पुष्टि की कि उन्होंने ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच कर रहे हैं।

## चलती हुई एक निजी बस में अचानक लगी आग, ड्राइवर और कंडक्टर बाहर निकले

गुरुग्राम (एजेंसी)। गुरुग्राम शहर के सेक्टर-59 क्षेत्र में चलती हुई एक निजी बस में अचानक आग लगी। गनीमत रही कि बस में केवल ड्राइवर और कंडक्टर मौजूद थे, जिन्होंने समय रहते बाहर निकलकर जान बचा ली। हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, हालांकि आग के कारण बस को नुकसान पहुंचा है। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने तुरंत मोर्चा संभालते हुए आग पर काबू पाया। सब फायर अफसर ने बताया कि प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट लग रहा है। उन्होंने बताया कि जैसे ही सूचना मिली, फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर रवाना कर दी गई थी और कुछ ही मिनटों में आग पर काबू पा लिया गया। बस एक प्राइवेट कंपनी की ओर से कर्मचारियों को ड्राप करने के लिए लगाई गई थी। उस समय बस में यात्री मौजूद नहीं थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बस में अचानक धुआं उठने लगा था। ड्राइवर ने तुरंत बस को सड़क किनारे रोका और कंडक्टर के साथ बाहर निकल आया। देखते ही देखते आग ने पूरी बस को अपनी चपेट में ले लिया। स्थानीय लोगों ने फायर विभाग को सूचित किया और आग बुझाने के प्रयास भी किए, लेकिन आग इतनी तेज थी कि बस को पूरी तरह नुकसान पहुंचा। राहत की बात यह रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई।

## तेलंगाना : एसीबी ने 1.9 लाख रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में अभियंता को हिरासत में लिया

(एजेंसी)। तेलंगाना के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने बृहस्पतिवार को बताया कि उसने यदाद्री-भुवनगिरी जिले में स्थित श्री लक्ष्मी नरसिंह स्वामी मंदिर के कार्यपालक अभियंता को 1.9 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा है। एसीबी की एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि आरोपी को बुधवार को मेडचल मलकाजगिरी जिले से उस समय पकड़ा गया जब उसने एक शिकायतकर्ता से रिश्वत की राशि स्वीकार की। विज्ञप्ति के अनुसार आरोपी अधिकारी ने मंदिर में खाद्य मशीनें लगाने से संबंधित 11.5 लाख रुपये (जीएसटी रहित) के बिल को पास करने के लिए शिकायतकर्ता से रिश्वत की मांग की थी। एसीबी ने बताया कि आरोपी अधिकारी के पास से 1.9 लाख रुपये बरामद किए गए हैं। उसने बताया कि मामले की जांच जारी है।

## हिमाचल के चंबा में कार गहरी खाई में गिरी, तीन की मौत, दो घायल

चंबा (एजेंसी)। हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले के चुराह क्षेत्र में एक कार 200 मीटर गहरी खाई में गिर गई, जिससे तीन लोगों की मौत हो गई और दो गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा बुधवार देर शाम देवीकोटी-टेपा मार्ग पर हुआ, जब सभी लोग एक विवाह समारोह से लौट रहे थे। इस घटना में तीन लोगों की मौत हुई है, जिनकी पहचान राजिंदर कुमार, पम्मी कुमार और सचिन के रूप में हुई है, जबकि अमर सिंह और धर्म सिंह को गंभीर हालत में चंबा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत बचाव कार्य शुरू कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया जाएगा। मामला दर्ज कर लिया गया है और दुर्घटना के कारणों की जांच जारी है। अधिकारियों का कहना है कि क्षेत्र में संकीर्ण और फिसलन भरी सड़कों के कारण इस तरह के हादसे अक्सर होते हैं।

## गुस्साए डॉक्टर ने किया खुलासा कहा- पुलिस 20 गोलियां मारती है कहती है रिपोर्ट में 1 लिखो

शामली (एजेंसी)। डॉक्टरों को रिपोर्ट कैसी बनानी है ये फिल्मों में तय होता दिखाई देता था। लेकिन अब उत्तर प्रदेश के शामली में भी कुछ इसी तरह का मामला होता दिखाई दे रहा है। यहां एक डॉक्टर ने खुलासा किया कि पुलिस किसी आरोपी पर ताबड़तोड़ गोलियां चलाती है। उसके शरीर में 20 गोलियां ठसी दिखाई देती हैं लेकिन पुलिस कहती है कि रिपोर्ट में एक ही लिखो। शामली में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्साधीक्षक डॉ दीपक कुमार पुलिस पर फेक एनकाउंटर के आरोप जड़ दिए। दरअसल, हाल ही में डॉ दीपक कुमार के कैंप कार्यालय से साढ़े पांच लाख रुपये की चोरी हुई थी। खुलासा न होने पर स्वास्थ्यकर्मियों ने बीते बुधवार को पुलिस के खिलाफ धरना-प्रदर्शन किया। शहर कोतवाली में हंगामे के दौरान डॉ दीपक इतने आक्रोशित हो गए कि उन्होंने पुलिस मुठभेड़ों पर गंभीर आरोप लगा दिए। कैमरे में कैद हुए वायरल बयान में डॉ कुमार ने दावा किया, पुलिस खुद मुलजिम को 20 गोली मारकर लाती है, लेकिन सीओ और एसपी खड़े होकर जबरदस्ती रिकॉर्ड में सिर्फ एक गोली लिखवाते हैं। उन्होंने पुलिस को चुनौती देते हुए कहा, हम खोलेंगे इनके चिट्ठे, मानवाधिकार आयोग से जांच कराएं। डॉ के इस बयान से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। हालांकि, बयान वायरल होने के बाद डॉक्टर ने इसे फेक बताया। वीडियो वायरल हुआ तो सवाल उठने लगे।

# अहमदाबाद प्लेन हादसे की रिपोर्ट में कहा- परिचालन में कुछ भी गलत नहीं था



**नई दिठ्ठस्त्रठ्ठी (एजेंसी)।** इस साल 12 जून को अहमदाबाद से लंदन जाने वाली एयर इं?डिया फ्लाइट एआई-171 बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान की थी जो उड़ान भरने के कुछ क्षण बाद एक कॉलेज की इमारत से टकरा गई थी। उसमें सवार 241 लोगों की मौत हो गई और केवल एक व्यक्ति बचा। अब इस हादसे की रिपोर्ट आ गई है। इसमें साफ कहा गया है कि विमान परिचालन में किसी की कोई गलती नहीं है। दुर्घटना के संबंध में विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) की जुलाई में जारी शुरुआती जांच रिपोर्ट में संकेत दिया गया था कि एयर इंडिया के परिचालन में 'कुछ भी गलत नहीं था' और उसकी मौजूदा कार्यप्रणाली में किसी बदलाव की जरूरत नहीं है।

विल्सन ने कहा, 'हम जांचकर्ताओं के साथ भी काम कर रहे हैं। हम सीधे तौर पर जांच में शामिल नहीं हैं। यह सरकार की देखरेख में हो रही है। अंतरिम रिपोर्ट में संकेत दिया गया है कि विमान, इंजन अथवा परिचालन में कोई गड़बड़ी नहीं थी। जाहिर तौर पर दूसरों की ही तरह हम भी अंतिम रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं। अगर उसमें कुछ सीखने के लिए होगा तो हम निश्चित तौर पर वैसा करेंगे। मगर फिलहाल हम यह सुनिश्चित करने पर ध्यान दे रहे हैं कि हम हर संभव तरीके से उनकी मदद करें। एएआईबी ने 12 जुलाई को एआई-171 दुर्घटना पर अपनी शुरुआती रिपोर्ट जारी की थी, जिसमें पता चला था कि उड़ान भरने के तुरंत बाद दोनों इंजनों में फ्यूल सप्लाई बंद हो गई थी। दोनों फ्यूल कंट्रोल स्विच जल्दी-जल्दी 'कटऑफ' ?स्थिति में चले गए थे और हालांकि उन्हें लगभग 10 सेकंड बाद फिर से चालू कर दिया गया था। लेकिन इंजन पहले ही बंद हो चुके थे।

रिपोर्ट में कहा गया था कि एक पायलट ने दूसरे से पूछा कि उसने स्विच क्यों बंद किए और दूसरे पायलट ने इससे इनकार कर दिया। रिपोर्ट में यह ब्योरा नहीं दिया गया कि किस पायलट ने क्या कहा। एएआईबी ने तकनीकी खराबी से इनकार नहीं किया और कहा कि चल रही जांच में एविएशन मेडिसिन और मनोविज्ञान विशेषज्ञों को शामिल किया गया है।विमानन कंपनी के मुख्य कार्या?धिकारी और प्रबंध निदेशक कैंपबेल विल्सन ने कहा, 'उद्योग में जो कुछ भी होता है, चाहे वह हमारे साथ हो या दूसरों के, वह आत्मनिरीक्षण का कारण होता है। यह कार्यप्रणाली की समीक्षा करने का कारण होता है। अंतरिम रिपोर्ट में संकेत दिया गया था कि विमान के इंजन या कार्यप्रणाली में ऐसा कुछ भी नहीं था जिसे बदलने की जरूरत हो। बेशक हम हमेशा यह देखते हैं कि हम कैसे सुधार करते रहें, कैसे बेहतर होते रहें और कैसे सीखते रहें।

विल्सन ने यहां एविएशन इंडिया 2025 समिट में पैनल डिस्कशन के दौरान कहा, 'उस दुखद दिन के बाद यह भारत में लोगों से हमारा पहला सार्वजनिक संवाद है। उन्होंने कहा, 'पीड़ित लोगों के लिए, प्रभावित परिवारों के लिए, कंपनी के लिए, स्टाफ के लिए यह बहुत ही दुखद था।

विल्सन ने कहा, 'अहमदाबाद में हमारे 600 से ज्यादा लोग ग्राउंड पर मौजूद थे। हमने टाटा संस के जरिए (प्रभावित लोगों की मदद के लिए) ट्रस्ट बनाया है। हमने सभी प्रभावित परिवारों को एक्स-ग्रेशिया दिया है। जाहिर है कि हमने अंतरिम मुआवजा दे दिया है और अब हम अंतिम मुआवजे पर काम कर रहे हैं। एयर इंडिया और टाटा दोनों की प्रतिबद्धता है कि जो लोग प्रभावित हुए हैं, उन्हें राहत के लिए हम हर मुमकिन कोशिश करेंगे, भले ही इसमें कितना भी वक्त लगे।शुरुआती चरण यानी दुर्घटना के बाद 3 महीनों तक एयर इंडिया ने वाइड बॉडी विमानों के साथ अपनी अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में करीब 15 फीसदी की कटौती की थी। विल्सन ने कहा कि ऐसा केवल यह सुनिश्चित करने के लिए किया गया था कि सामान्य से बेहतर जांच के लिए समय मिल सके। साथ ही इस तथ्य को भी साबित किया जा सके कि पायलट और इंजीनियर अब ज्यादा सतर्क हैं।

## मोंथा तूफान की तबाही में 8 घंटे में सड़क बहाल, सीएम माझी की जीरो मौत नीति कर गई काम

**भुवनेश्वर (एजेंसी)।** चक्रवात 'मोंथा' से भारी बारिश के कारण मंगलवार को हुए भूस्खलन ने आर. उदयगिरि ब्लॉक के रामगिरीङ्कबड़गांव घाट मार्ग को पूरी तरह से अवरुद्ध किया था, जिससे पांच गांवों का संपर्क कट गया और गंजाम जिले से मुख्य मार्ग बंद हो गया था। इसपर मुख्यमंत्री मोहन चारण माझी लगातार चक्रवात की गतिविधि पर नजर बनाए रखने के साथ ही स्थिति की समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने जीरो कैजुअल्टी पर फोकस रखने के लिए अधिकारियों से लगातार संपर्क में रहे। जैसे ही बुधवार को बारिश कम हुई, गजपति जिला प्रशासन ने एक समन्वित राहत और सफाई अभियान शुरू किया। एनडीआरएफ, पुलिस और प्रशासनिक टीमों की मदद से भारी बोल्डरों और मलबे को नियंत्रित विस्फोट (कंट्रोल्ड ब्लास्टिंग) और दो जेसीबी मशीनों की मदद से हटाया गया। आठ घंटे की लगातार मेहनत के बाद रामगिरी-बड़ागांव घाट मार्ग को फिर से वाहनों के लिए खोल दिया गया। सूत्रों के अनुसार, राहत दल में अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (एडीएम), ब्लॉक विकास अधिकारी (बीडीओ), तहसीलदार, ग्रामीण विकास एवं निर्माण (पुर्त) विभागों के अभियंता और मशीन ऑपरेटर, एनडीआरएफ का एक दल और जिला पुलिस कर्मी शामिल थे। बड़े पत्थरों को तोड़ने के लिए नियंत्रित विस्फोट का उपयोग किया गया, जिसके बाद मलबा हटाने का काम जेसीबी मशीनों की मदद से किया गया। आठ घंटे के भीतर मार्ग को पूरी तरह साफकर यातायात के लिए खोल दिया गया। चक्रवात 'मोंथा' का ओडिशा पर प्रभाव राज्य के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री सुरेश पुजारी ने बुधवार को बताया कि चक्रवात 'मोंथा' और उससे जुड़ी वर्षा पट्टियों से राज्य के 33 ब्लॉक और 11 शहरी क्षेत्रों पर असर पड़ा है।



## भूमि अधिग्रहण के खिलाफ होगा बड़ा आन्दोलनः राकेश टिकैत

**अलीगढ़ (एजेंसी)।** भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने भूमि अधिग्रहण के खिलाफ बड़े आंदोलन का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि जल्द ही इसे लेकर टप्पल इलाके में महापंचायत होगी। इलाके के किसानों ने कई समस्याएं बताई हैं। उन्हें जमीन का उचित और बाजार दर के अनुसार ही मुआवजा मिलना चाहिए। वहीं किसान नेता ने बिहार चुनाव पर कहा कि वहां सरकार विपक्ष को तोड़ने में जुटी है, ऐसे में जनता को सचेत रहना चाहिए।



गुरुवार को टप्पल क्षेत्र के नूरपुर रोड स्थित विजय तालान के आवास पर राकेश टिकैत ने किसानों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने यमुना प्राधिकरण के भूमि अधिग्रहण पर सवाल खड़े किए। मीडिया से कहा कि भूमि अधिग्रहण किसानों के हित में नहीं है। टप्पल, मथुरा और आगरा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर भूमि अधिग्रहण की तैयारी चल रही है। जेवर एयरपोर्ट के विस्तार की शुरुआत हो चुकी है। किसान नेता ने कहा कि किसानों से जमीन तीन से चार हजार रुपये प्रति गज की दर से ली जा रही है, जबकि वही जमीन अथॉरिटी एक लाख रुपये प्रति गज तक में बेच रही है। अगर किसानों को ही मौका दिया जाए तो वे खुद अपनी जमीन डेवलप करके बेच सकते हैं। किसानों को ठगा जा रहा है, इसलिए इसके खिलाफ अब एक बड़ा आंदोलन जरूरी है।

भाकियू नेता राकेश टिकैत ने कहा कि यमुना प्राधिकरण को लेकर एक बड़ी महापंचायत आयोजित की जाएगी। यह पंचायत वहीं की जाएगी, जहां पर अथॉरिटी द्वारा किसानों की जमीनों का जबरन अधिग्रहण किया जा रहा है। हम प्राधिकरण के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन किसानों के साथ न्याय होना चाहिए। जमीन का नक्शा बनाकर किसानों को बाजार भाव पर मुआवजा दिया जाए। कॉलोनाइजरों को जो कीमतें दी जा रहीं हैं, वही किसानों को भी मिले। भारतीय किसान यूनियन किसानों के साथ खड़ी है।

# बांग्लादेश में लोकतंत्र की बहाली के बाद मैं वहां लौटना चाहूंगी... पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना का बयान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना बीते साल ढाका में छात्र आंदोलन के दौरान अपने महल से हेलिकॉप्टर के जरिए नाटकीय रूप से भागने के बाद से नई दिल्ली में शरण लेकर रह रही हैं। अगस्त 2024 से शेख हसीना दिल्ली में रह रही हैं और अब तक सार्वजनिक जीवन से करीब दूर हैं। उनके देश में वर्तमान में नोबेल शांति पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में एक अंतरिम सरकार काम कर रही है, जो कि फरवरी 2027 में आम चुनाव कराने का वादा कर चुकी है। वहीं, हसीना दिल्ली में शांत लेकिन एकाकी जीवन बिता रही हैं।



रिपोर्ट के अनुसार, कुछ महीने पहले हसीना को दिल्ली के ऐतिहासिक लोधी गार्डन में टहलते देखा गया था। उनके साथ दो सादे कपड़ों में सुरक्षा कर्मी मौजूद थे। उन्होंने राहगीरों को सिर हिलाकर नमस्कार किया और कुछ लोगों ने उन्हें पहचान लिया। सूत्रों के मुताबिक, शेख हसीना लुटियंस दिल्ली के हाई सिक्योरिटी में एक सुरक्षित आवास में रह रही हैं। यहां कई पूर्व और वर्तमान सांसद तथा वरिष्ठ अधिकारी रहते हैं। यह आवास भारत सरकार द्वारा दिया गया है। शेख हसीना ने हाल ही में दिए साक्षात्कार में कहा, 'मैं अपने देश लौटना चाहूंगी, लेकिन तभी जब वहां की सरकार वैध हो संविधान का सम्मान हो और कानून व्यवस्था बहाल हो।' उन्होंने कहा कि निर्वासन के बावजूद उनका उद्देश्य लोकतंत्र की बहाली है। उन्होंने ब्रिटिश मीडिया से कहा, 'केवल स्वतंत्र, निष्पक्ष और समावेशी चुनाव ही देश को ठीक कर सकते हैं। शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग ने घोषणा की है कि वह अगले वर्ष होने वाले राष्ट्रीय चुनावों का बहिष्कार करेगी। शेख हसीना ने कहा, 'लाखों लोग अवामी लीग का समर्थन करते हैं। उन्हें मतदान से बाहर रखना देश के लोकतंत्र के लिए घातक है। कोई भी राजनीतिक व्यवस्था तब तक काम नहीं कर सकती जब तक सभी को समान अधिकार न मिले।'

वहीं, अंतरिम सरकार के प्रमुख यूनुस ने कहा कि आगामी चुनावों को अंदरूनी और बाहरी ताकतें विफल करने की कोशिश करेंगी। उनके प्रेस सचिव शफीकुल आलम के अनुसार, 'कई शक्तिशाली ताकतें, न सिर्फ देश के भीतर बल्कि बाहर से भी चुनाव को बिगाड़ने का प्रयास करेंगी। अचानक हमलों की आशंका है।' यूनुस ने कहा कि चुनाव चुनौतीपूर्ण होने हैं, क्योंकि अंदर और बाहर से योजनाबद्ध तरीके से प्रचार और भ्रम फैलाने की कोशिश की जाएगी।

## कर्नाटक में खड़गे के राजनीतिक गढ़ में संघ को मिली पथ संचलन निकालने की अनुमति

बेंगलुरु (एजेंसी)। कर्नाटक के यादगीर जिला प्रशासन ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के राजनीतिक गढ़ गुरमिटकल में पथ संचलन निकालने की सशर्त अनुमति दी है। आरएसएस का यह कार्यक्रम 31 अक्टूबर को आयोजित होगा। जिला उपायुक्त हर्षल बोयाल ने अनुमति जारी की, इसके तहत जुलूस नरेंद्र राठौड़ लेआउट से शुरू होकर सम्राट सर्कल, बसवेश्वर सर्कल, हनुमान मंदिर, कुम्बरवाडी, मिलन चौक और सीहीनीरू बावी मार्केट मेन रोड से होकर राम नगर में समाप्त होगा। यह अनुमति 23 अक्टूबर को आरएसएस के जिला प्रचार प्रमुख बसप्पा संजनोल द्वारा दिए गए आवेदन के बाद दी गई।

# अदालतों में आपराधिक मामलों में आरोप तय होने में लंबी देरी पर चिंतित सुप्रीम कोर्ट

### भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता का पालन नहीं कर रही अदालतें



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को देशभर की अदालतों में आपराधिक मामलों में आरोप तय करने में हो रही लंबी देरी पर चिंता जाहिर की है। शीर्ष अदालत ने कहा कि यह देरी न्याय प्रणाली की दक्षता पर गंभीर सवाल पैदा करती है। कई बार आरोपी सालों तक जेल में बंद रहते हैं, लेकिन मुकदमा शुरू ही नहीं हो पाता। जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस एनवी अंजारिया की पीठ ने मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि देशभर में कई इसतरह के केस हैं, जिसमें चार्जशीट दाखिल हुए 3-4 साल हो गए, लेकिन मुकदमा शुरू ही नहीं हुआ। शीर्ष अदालत ने साफ संकेत दिया कि वह अब इस समस्या पर पूरे देश के लिए समान दिशानिर्देश जारी करने पर विचार होना चाहिए है, ताकि इस प्रणालीगत देरी को समाप्त कर सके। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सीनियर एडवोकेट सिद्धार्थ लूथरा को अमाइकस क्यूरी (न्यायालय मित्र) नियुक्त किया है। साथ ही भारत के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और अटॉर्नी जनरल से भी विषय पर न्यायालय की सहायता करने को कहा गया है। अदालत ने बिहार राज्य के वकील को भी इस प्रक्रिया में शामिल किया है।

पीठ एक इसतरह के मामले की सुनवाई कर रही थी, जिसमें आरोपी करीब दो साल से जेल में था। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि चार्जशीट 2023 में दाखिल की गई थी, लेकिन अभी तक आरोप तय नहीं हुए हैं। इस पर जस्टिस अरविंद कुमार ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा, दीवानी मामलों में मुद्दे तय नहीं होते, आपराधिक मामलों में आरोप तय नहीं होते। आखिर कठिनाई क्या है? अगर यह स्थिति जारी रही, तब हम पूरे देश के लिए स्पष्ट दिशानिर्देश जारी करने की कोशिश में है। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 251(बी) में यह प्रावधान है कि सत्र न्यायालय के मामलों में पहली सुनवाई से 60 दिनों के भीतर आरोप तय किए जाने चाहिए, लेकिन अदालतों में इसका पालन नहीं हो रहा।

# बाप रे बाप... अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नाम पर बना दिया फर्जी आधार कार्ड

### -रोहित पवार ने उठाया मामला, पुलिस ने एफआईआर दर्ज की




**मुंबई (एजेंसी)।** मुंबई पुलिस ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नाम पर कथित रूप से फर्जी आधार कार्ड बनाने और उसका उपयोग फर्जी मतदाता के रूप में पंजीकरण के लिए करने के मामले में अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज की है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के विधायक रोहित पवार ने 16 अक्टूबर को दिखाया था कि किस तरह एक वेबसाइट पर फर्जी आधार कार्ड तैयार किए जा रहे थे और उनका उपयोग फर्जी मतदाता के रूप में पंजीकरण के लिए हो रहा था। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सोशल मीडिया प्रकोष्ठ के सह-संयोजक धनंजय वागस्कर ने यह सामग्री एक यूट्यूब चैनल पर देखने के बाद पुलिस शिकायत दर्ज कराई। शिकायतकर्ता ने दावा किया कि यह धोखाधड़ी का कार्य भारत में एक स्वायत्त संस्थान और उनकी पार्टी (भाजपा) के खिलाफ जनता में क्रोध और घृणा भड़काकर सामाजिक सुरक्षा को खतरे में डालता है। उन्होंने आरोप लगाया कि फर्जी वेबसाइट के माध्यम से समाज के दो समूहों के बीच भ्रम पैदा करने और झगड़ा कराने का प्रयास किया गया। शिकायत के आधार पर, साइबर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत जालसाजी, पहचान की चोरी, झूठी जानकारी प्रसारित करने और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के प्रावधानों के तहत दो अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया। वहीं रोहित पवार ने 16 अक्टूबर को आरोप लगाया था कि पिछले वर्ष लोकसभा चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाली महायुति के लिए प्रतिकूल परिणाम आने के बाद फर्जी मतदाताओं का पंजीकरण, वास्तविक मतदाताओं के नाम सामूहिक रूप से हटाना और दोहरा मतदाता पंजीकरण जैसी अनियमितताएं हुई थीं। उन्होंने मतदाता वृद्धि के आंकड़ों पर सवाल उठाया, इसमें बताया गया कि 2024 के लोकसभा चुनावों और महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के बीच केवल छह महीनों में 48 लाख मतदाताओं को जोड़ा गया।

# केंद्र सरकार का ड्राफ्ट तैयारः अब मनुस्मृति के अनुसार तय होगी श्रमिकों की मजदूरी?

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश में हाड़तोड़ परिश्रम कर पसीना बहाकर दो जून की रोटी कमाने वाले मजदूरों की मजदूरी अब मनुस्मृति के अनुसार तय की जाएगी। इस आशय का ड्रॉफ्ट केंद्र सरकार ने तैयार कर लिया है। बता दें ये वही मनुस्मृति है जिसको लेकर आए दिन राजनीति गर्माती रहती है। केंद्र सरकार की ओर से तैयार की गई लेबर पॉलिसी, 2025 के ड्राफ्ट में इसका जिक्र किया गया है। ड्राफ्ट में बताया गया है कि मनुस्मृति में भी इस बात का उल्लेख किया गया है कि कैसे मजदूरी तय होनी चाहिए और कैसे श्रमिकों के हितों की रक्षा होनी चाहिए। ड्राफ्ट में कई ग्रंथों का जिक्र किया गया है, लेकिन मनुस्मृति को लेकर जिस तरह का विवाद रहा है, उससे आशंका है कि इस पर चर्चा छिड़ सकती है।

इस ड्राफ्ट में कहा गया है कि हमारे ग्रंथों में शुल्क न्याय की बात थी। इसमें बताया गया था कि कैसे किसी मजदूर को समय पर उसका वेतन मिलना जरूरी है और यह एक न्याय है। ऐसा ना किया जाना अन्याय की श्रेणी में रखा गया था। ग्रंथों का जिक्र करते हुए लिखा गया है, मनुस्मृति, याज्ञवल्क्यस्मृति, नारदस्मृति, शुक्रनीति और अर्थशास्त्र जैसे प्राचीन ग्रंथों ने राजधर्म की अवधारणा के माध्यम से श्रम की परिभाषा तय की है। इनमें न्याय, उचित मजदूरी और श्रमिकों को शोषण से बचाने के लिए कर्तव्यों पर जोर दिया गया है। इन प्रारंभिक सूत्रों ने आधुनिक श्रम कानून के उदय से सदियों पहले भारत के सभ्यतागत ताने-बाने में श्रम शासन के नैतिक आधार को अंतर्निहित कर दिया था। ड्राफ्ट में लिखा गया है कि श्रम के बारे में भारत की समझ इसके आर्थिक आयाम से कहीं आगे तक जाती है। यह एक पवित्र और नैतिक कर्तव्य का प्रतीक है जो सामाजिक सद्भाव, आर्थिक कल्याण और सामूहिक समृद्धि को बनाए रखता है। भारतीय विश्वदृष्टि में काम केवल आजीविका का साधन नहीं है बल्कि धार्मिक कर्तव्य के रूप में इसकी व्याख्या की गई है। इसके माध्यम से धर्म की व्यापक व्यवस्था में योगदान की बात भी कही गई है। यह दृष्टिकोण प्रत्येक श्रमिक को सामाजिक सृजन के चक्र में एक अनिवार्य भागीदार के रूप में मान्यता देता है। चाहे वह कारीगर हो, किसान हो, शिक्षक हो या औद्योगिक मजदूर हो, सभी को व्यवस्था के अंग के रूप में स्वीकार किया गया है।

इसके अलावा शुक्रनीति का उल्लेख करते हुए लिखा गया है कि किसी कर्मचारी को सुरक्षित और मानवीय माहौल प्रदान करना नियोक्ता का कर्तव्य है। वहीं इस मामले पर विपक्ष हमलावर हो गया है। कांग्रेस के कई नेताओं ने इस पर आपत्ति जताई है और कहा कि जातिभेद करने वाली मनुस्मृति का जिक्र करना गलत है। इससे पता चलता है कि इनके मूल्य क्या हैं और ये कैसा समाज बनाना चाहते हैं। कांग्रेस के सीनियर लीडर जयराम रमेश ने हमला बोलते हुए कहा कि मनुस्मृति के सिद्धांतों की ओर यह वापसी आरएसएस की सबसे प्रिय परंपराओं के अनुरूप है। आखिरकार, संविधान के अपनाए जाने के तुरंत बाद आरएसएस ने इस आधार पर संविधान पर हमला किया था कि भारतीय संविधान मनुस्मृति में निहित मनु के आदर्शों और मूल्यों से प्रेरणा नहीं लेता है।



## देवरानी की गला घोंटकर हत्या में पांच साल बाद गिरफ्तार

नई दिल्ली। देवरानी की गला घोंटकर हत्या करने के आरोप में एक महिला पांच साल तक पुलिस को चकमा देती रही। अब आखिर अपराध शाखा की टीम ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया है। इसकी पहचान बदायूं, यूपी निवासी कौशल्या देवी के रूप में हुई है। पुलिस इससे पूछताछ कर मामले की छानबीन कर रही है। वर्ष 2019 में कौशल्या ने अपने पति व देवर के साथ मिलकर देवरानी की गला घोंटकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने मामले में कौशल्या के पति राम अवतार और देवर ब्रह्म सिंह को गिरफ्तार कर लिया था। कौशल्या फरार हो गई थी। इस दौरान यह कई राज्यों में छिपती रही। अब पुलिस ने इसे दिल्ली के गांधी नगर इलाके से गिरफ्तार किया है। अपराध शाखा के पुलिस उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि वर्ष 2019 में नीरज (23) नामक महिला की उसके घर में गला घोंटकर हत्या कर दी गई थी। शुरुआत में इसे आत्महत्या का रंग देने का प्रयास किया गया, लेकिन बाद में पोस्टमार्टम से हत्या की बात साफ हुई। पुलिस ने नीरज के परिजनों के बयान पर हत्या, दहेज प्रताड़ना समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर लिया। मामले में पुलिस ने नीरज के पति ब्रह्म सिंह, कौशल्या के पति राम अवतार को दबोच लिया। इस बीच कौशल्या फरार हो गई। जांच के दौरान कौशल्या के मध्य प्रदेश में छिपे होने का पता चला। दिल्ली की अदालत ने 23 मार्च 2023 को कौशल्या को भगोड़ा घोषित कर दिया। इस बीच महिला दिल्ली के गांधी नगर इलाके में छिपकर रहने लगी। कौशल्या को गांधी नगर से पुलिस ने दबोच लिया। वह सिलाई की फैक्टरी में मजदूरी कर रही थी।

## दोस्त को तो बचा लिया लेकिन खुद डूब गया किशोर

नई दिल्ली। शास्त्री पार्क इलाके में शुक्रवार शाम बाढ़ के पानी में डूबने से किशोर की मौत हो गई। मृतक की शिनाख्त मोहम्मद कैफ (14) के रूप में हुई है। कैफ अपने दोस्त के साथ बाढ़ के पानी में मछली पकड़ने आया था। इस दौरान उसका दोस्त नहाने के लिए पानी में उतर गया और डूबने लगा। कैफ ने हिम्मत दिखाकर उसे तो बचा लिया लेकिन खुद डूब गया। दोस्त ने शोर मचाया तो लोगों ने पुलिस व बचाव दल को खबर दी। पुलिस, दमकल की टीम के अलावा एनडीआरएफ व अन्य बचाव दल की टीमें वहां पहुंचीं। कैफ को पानी से निकालकर नजदीकी अस्पताल भेजा गया। अस्पताल में उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने शनिवार को पोस्टमार्टम कराकर उसका शव परिजनों के हवाले कर दिया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। हादसे के बाद से कैफ के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। कैफ दो भाइयों में बड़ा बेटा था।

## दिल्ली में इस महीने 57 फीसदी मुफ्त राशन वितरण का काम पूरा

नई दिल्ली। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून (एनएफएसए) और वन नेशन वन राशन कार्ड (ओएनओआरसी) योजना के तहत इस महीने दिल्ली में 57 फीसदी राशन वितरण का काम पूरा किया गया है। इसमें 1.45 लाख प्रवासी भी शामिल हैं। रविवार को दिल्ली सरकार की ओर से यह जानकारी दी गई है। खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री मंजिंदर सिंह सिरसा ने शनिवार को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून (एनएफएसए) के तहत सितंबर माह के राशन वितरण की प्रगति की समीक्षा की। अधिकारियों ने बताया कि अब तक 57 फीसदी मुफ्त राशन वितरित हो गया है। इसके अलावा, वन नेशन वन राशन कार्ड योजना के तहत 1,45,610 प्रवासी लाभार्थियों ने दिल्ली में अपना राशन लिया है। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी सरकारी राशन दुकानें खुली रहें और वहां जरूरी जानकारी जैसे निगरानी समिति का विवरण, श्रेणी-वार पात्रता, स्टॉक की स्थिति, लाभार्थियों की संख्या, हेल्पलाइन नंबर और ओएनओआरसी योजना की पात्रता की जानकारी स्पष्ट रूप से प्रदर्शित की जाए।

# बाढ़ ने दी मानसिक व शारीरिक चोट... बर्बाद हो गईं फसलें

**कौमी पत्रिका**

नई दिल्ली। बाढ़ के बाद प्रभावित क्षेत्रों में जल और मच्छर जनित संक्रमण सहित कई दूसरी बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। यमुना का पानी अब धीरे-धीरे उतर रहा है। ऐसे में मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, हैजा, त्वचा और श्वसन संबंधी बीमारियों की चपेट में लोगों के आने की संभावना बढ़ गई है। सफदरजंग अस्पताल के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग प्रमुख डॉ. जुगल किशोर ने कहा कि बाढ़ के आने और उसका पानी उतरने पर कई तरह की समस्या देखने को मिलती है। बाढ़ में सांप और दूसरे कीड़-मकौड़े के काटने की घटना बढ़ जाती हैं। बाढ़ से कुत्ते भी हमलावर होकर काट लेते हैं। बाढ़ की चपेट में आने पर व्यक्ति को डायरिया और आई फ्लू हो जाता है। जब बाढ़ का पानी कम होने लगता है तो मच्छर जनित बीमारियों के होने की संभावना बढ़ जाती है। साथ ही बाढ़ से प्रभावित ऐसे लोग जो पहले से किसी बीमारी से जूझ रहे होते है दवा का सेवन न करने की वजह से उनकी परेशानी और बढ़ जाती है। ऐसे में लोग साफ-सफाई का जरूर ध्यान रखें। बाढ़ प्रभावित इलाकों में राहत एवं बचाव कार्य तेज कर दिए गए हैं। शुक्रवार रात 9 बजे कला, संस्कृति एवं भाषा मंत्री कपिल मिश्रा ने पुराने रेलवे पुल के पास स्थित प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर हालात का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने विशेष रूप से उस गोशाला का भी दौरा किया जहां बाढ़ के पानी में फंसी मवेशी मौजूद थे। उन्होंने बताया कि दिल्ली सरकार की टीमें और अधिकारी मौके पर तैनात हैं। रात 11 बजे के बाद गाड़ियों की मदद से इन पशुओं को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया जाएगा। बाढ़ प्रभावित लोगों व पशुओं दोनों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। गोशाला में फंसे बछड़ों और गायों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने की पूरी व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने गोरक्षा दल के युवाओं की सेवा भावना की सराहना की जो लगातार तीन दिनों से गोशाला में फंसे पशुओं की देखभाल कर रहे



हैं। मंत्री ने कहा कि जहां पशुओं को बाहर निकालना संभव नहीं है वहां उनके भोजन और देखभाल की व्यवस्था की जा रही है। सरकार की ओर से प्रभावित परिवारों के लिए भोजन, टेंट और अन्य जरूरी सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं। यमुना में उफान आने से न केवल लोग बेघर हुए हैं बल्कि किसानों की सारी फसलें भी बर्बाद हो गई हैं। इससे किसानों को काफी नुकसान उठाना पड़ा है। ऐसे में यमुना खादर, चिल्ला, पुराना उस्मानपुर, गढ़ी मांडू और सोनिया विहार के किसान यमुना का जलस्तर कम होने का इंतजार कर रहे हैं ताकि वह फिर से खेतों में लौटकर नई फसलें लगा सकें। यमुना डूब क्षेत्र में किसानों ने अधिकतर सब्जी की फसलें उगाई थीं। इनमें बैंगन, भिंडी, लौकी, मूली, गाजर, टमाटर, गोभी, मटर, आलू, प्याज और मिर्च समेत अन्य फसलें शामिल थीं। किसानों ने बताया कि वह फसलें उगाने के लिए जमीन को पट्टे पर लेते हैं। इसके लिए, वह अपने रिश्तेदारों, दोस्तों और बैंकों से लोन लेते हैं। उनका कहना है कि उगाई हुई फसलों में से कुछ हिस्सा वह अपनी जरूरतों के मुताबिक रख लेते हैं, बाकी कि फसलें वह पूर्वी दिल्ली के मयूर विहार फेस-1, मयूर विहार फेस-2, पांडव नगर, त्रिलोकपुरी, लक्ष्मी नगर, शकरपुर, गाजीपुर अनाज मंडी व अन्य इलाको में बेच देते हैं। फसल बेचकर जो पैसे आते हैं, उसी से ब्याज और उधार के पैसे देते हैं लेकिन बाढ़ ने सब कुछ बर्बाद कर दिया है। पूर्वी दिल्ली के मयूर विहार पक्षा क्षेत्र में आई बाढ़ ने दिल्ली वालों को मानसिक के साथ शारीरिक चोट भी पहुंचाई है। अपने आशियाने के साथ जमा-पूंजी बचाने के दौरान लगी चोटें शायद ही वह कभी भुला पाएं। यही नहीं, यमुना नदी के उफान ने न केवल लोगों के घर उजाड़े, बल्कि उनकी सेहत पर भी गहरा असर डाला है। बाढ़ प्रभावित इलाकों में बने राहत शिविरों में चोटिल और बीमार लोगों की भीड़ बढ़ती जा रही है। शनिवार को विभिन्न राहत शिविरों में 200 से अधिक लोगों का इलाज किया गया, जिनमें बच्चों की संख्या सबसे ज्यादा रही। ऐसे में जो सरकारी और निजी संस्थाएं कभी इन लोगों तक पहुंचती भी नहीं पाती थीं, मौजूदा समय में वह उनकी इन घावों को भरने का प्रयास कर रहे हैं। इसके लिए संस्थाएं शिविरों में मेडिकल कैंप लगाकर सेवाएं दे रही हैं। कैंपों में मौजूद डॉक्टरों के अनुसार कैंप में गंभीर चोटें लगने वाले मरीजों की संख्या अधिक है। बाढ़ के पानी में डूबने, फिसलने और मलबे से चोटिल होने के कई मामले सामने आए हैं। डॉ. प्रिंस ने बताया कि राहत शिविर में शनिवार को ही 200 से अधिक लोग कैंप में चिकित्सा सुविधा लेने पहुंचे। इनमें बच्चों और पुरुषों में ज्यादातर हाथों में गहरे कट, सिर पर चोट और पैरों में गंभीर घाव जैसी दिक्कतें देखने को मिलीं।

# वर्षों की दोस्ती...चलती कार में दोस्त का दिया कत्ल

नूंह। हरियाणा के नूंह जिले के पुन्हाना से करीब दस दिन से लापता चल रहे शहर के मशहूर डॉक्टर विनोद गोयल हत्याकांड का शनिवार को पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा कर दिया। पुलिस जांच में सामने आया कि डॉक्टर की हत्या किसी और ने नहीं बल्कि उनके परम मित्र दीपक राजस्थानी ने अपने फैक्टरी कर्मचारी अशोक के साथ मिलकर की थी। हत्या का कारण दोनों दोस्तों के बीच पैसों का लेन-देन बताया जा रहा है। हत्या के बाद आरोपियों ने शव को हरिद्वार में बहती गंगा नदी में फेंक दिया। मामले का खुलासा उस समय हुआ जब घटना के दौरान उनके साथ गए कार चालक मुस्तकीम को शक हुआ और उसने हिम्मत दिखाते हुए पुलिस को पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। पुलिस ने मुस्तकीम को सरकारी गवाह बनाया है। इस खुलासे के बाद पूरे शहर में शहर में आक्रोश और शोक की लहर दौड़ गई। शहर के लोगों ने रविवार को शोक स्वरूप मुख्य बाजार पूरी तरह बंद रखा। डीएसपी जितेंद्र राणा ने पत्रकारवार्ता में बताया कि 28 अगस्त की रात रोजाना की तरह डॉ विनोद गोयल अपने मित्र दीपक और उसकी फैक्टरी कर्मचारी अशोक के साथ दीपक की कार में घूमने निकले थे। देर रात दीपक और अशोक ने सुनियोजित तरीके से डॉ विनोद गोयल का गला कप?े से घोंट दिया। हत्या के बाद शव को शहर से बआक्रोश और शोक की लहर दौ? गई। शहर के लोगों ने रविवार को शोक स्वरूप मुख्य बाजार पूरी तरह बंद रखा। शहर के मशहूर डॉक्टर विनोद गोयल की हत्या दोस्ती पर रुपयों के भारी पड़ने की है। वहीं, डॉक्टर के कार चालक मुस्तकीम की हिम्मत की कहानी भी है। करीब एक सप्ताह तक कशमकश में रहने के बाद मुस्तकीम खुद को रोक नहीं पाए और पुलिस को जाकर पूरी जानकारी दी। तभी इस मामले का खुलासा हो पाया। इसके बाद पुलिस ने मुस्तकीम को सरकारी गवाह बनाया है। वहीं, इस खुलासे के बाद पूरे शहर में आक्रोश और शोक की लहर दौड़ गई। शहर के लोगों ने रविवार को शोक स्वरूप मुख्य बाजार पूरी तरह बंद रखा। डीएसपी जितेंद्र राणा ने पत्रकारवार्ता में बताया कि 28 अगस्त की रात रोजाना की तरह डॉ विनोद गोयल अपने मित्र दीपक और उसकी फैक्टरी कर्मचारी अशोक के साथ दीपक की कार में घूमने निकले थे। देर रात दीपक और अशोक ने सुनियोजित तरीके से डॉ विनोद गोयल का गला कप?े से घोंट दिया। हत्या के बाद शव को शहर से बाहर घी?ा मो? स्थित दीपक की बर्तन फैक्टरी में कंबल में लपेटकर छिपा दिया। अगले दिन सुबह दोनों आरोपियों ने शव को फैक्टरी से कार में डालकर हरिद्वार की ओर रुख किया। इस दौरान उनके साथ कार चालक मुस्तकीम भी था, लेकिन उसे हत्या की जानकारी नहीं दी गई। रास्ते में दीपक और अशोक बार-बार गा?ी में खुशबूदार स्प्रे करते रहे ताकि किसी को कोई गंध न आए। हरिद्वार पहुंचने से कुछ दूरी पहले दोनों ने चालक को चाय पानी पीने के लिए गाड़ी से उतार दिया और खुद शव को एक पुल से गंगा नदी में बहा दिया। वापसी में चालक को फिर कार में बैठा लिया और ऐसे व्यवहार किया जैसे कुछ हुआ ही नहीं। डीएसपी जितेंद्र राणा ने बताया कि मुस्तकीम को दीपक और अशोक की हरकतों पर शक हुआ। वह कई दिनों तक मानसिक तनाव में रहा। आखिरकार उसने पुलिस के सामने पेश होकर पूरी सच्चाई बयान कर दी। उसी की जानकारी के आधार पर पुलिस ने मुख्य आरोपी दीपक राजस्थानी को हिरासत में ले लिया। जबकि अशोक की तलाश में पुलिस की टीम लगातार दबिश दे रही है। डॉ. विनोद गोयल शहर के जाने-माने चिकित्सक थे और क्षेत्र में उनका खासा सम्मान था। उनकी हत्या की खबर जैसे ही फैली, लोगों के आंसू नहीं थम पाए। शहर के लोग विश्वास नहीं कर पा रहे कि जिस दोस्त के साथ डॉक्टर ने वर्षों का रिश्ता निभाया, वही उनकी जान ले लेगा। हत्याकांड का खुलासा होते ही शहर में भारी गुस्सा देखने को मिला।


### NAME CHANGE
I, PRIYANKA D/O ANIL SAHA residing at D-153, NAVJIWAN CAMP, GOVINDPURI, KALKA JI, DELHI-110019 . have changed my name to PRIYANKA SAHA for all future purposes.

### NAME CHANGE
I Mohammad Jamal S/O Mohammad Iqbal R/O. 758/759, 5th Floor, Haveli Azam Khan, Near Jama Masjid, Bazar Chitili Qabar, Delhi-110006 have changed my name to Mohd Jamal.

### NAME CHANGE
I, Kajal Ajay Shivharee D/o Ajay Shivhare R/o 4, Anandbag Flat, B/H Baliyadev Mandir, Vejalpur, Ahmadabad City, Ahmedabad, Gujarat - 380051, hereby undertake that I, Kajal Ajay Shivharee want to change my name to King Ajay Shivharee and gender as MALE

### NAME CHANGE
I, Raj Bala W/O Kishori Lal R/O 186, Gali No-3, Shankar Vihar, Khoda Colony, Shipra Sun City, Ghaziabad, Uttar Pradesh - 201014, have changed my name and shall hereafter be known as Bala Devi.

### NAME CHANGE
I PREMVEER S/O SANTA SINGH R/O Parsaul, Gautam Buddha Nagar, Parsol Uttar Pradesh-203201, have changed the name of my minor son ASHMIT MALIK aged 17 years and he shall hereafter be known as DEV MALIK.

### PUBLIC NOTICE
It is for general information that I Mini Chauhan D/O Mahendra Singh Chauhan, R/O House No- C-52, Gyan Mandir Road Jaitpur Extn, Badarpur, PO: Badarpur, DIST: South Delhi, Delhi-110044, declare that name of mine has been wrongly written as Minni Chauhan in my 10th class educational document and name of my father has been wrongly written as M S Chauhan in my all educational documents. The actual name of mine and my father are MINI CHAUHAN and MAHENDRA SINGH CHAUHAN, respectively which may be amended accordingly.

### NAME CHANGE
I, hitherto known as SANJU DEVI W/o MANSA RAM R/o RZH 345 A, GALI NO-11, RAJNAGAR PART II PALAM, SOUTH WEST DELHI, DELHI-110077, have changed my Name and shall hereafter be known as SANJU.

### PUBLIC NOTICE
Information is given to general public at large that our client Mr. Pawan Kumar S/o Mr. Parshotam Lal is the owner of Freehold Residential Built on Property No. RZ-H-46, on Ground Floor without roof rights Second Floor with Roof Right built on Plot No. 46, area measuring 70 sq. yard. out of Khasra No. 15/23, situated at Raghu Nagar Dadri New Delhi 110045., by virtue of Family Will dated 14.12.2015 duly regd. in SR- IX New Delhi, as Doc. No. 1285, in Book No. 3, Vol. No. 702, Page No. 88-90, dated 14.12.2015. in the chain documents below mentioned not available i.e. Probate Order of Family Will dated 14.12.2015. now our client is declaring that that any other Person does not have any right over the said property, and same property sold too be Mr. Deepak Chaudhary and same has been finance by Piramal Finance Ltd. Branch: Burari Delhi. If any person(s) have any objection(s) or claim(s) with respect to the` right, title or interest in the Said Property then contact us within 07 days from the date of Publication of this notice and or the same to the undersigned if found by anyone. Thereafter no claim shall be entertained

**[NAVEEN KUMAR VERMA]**
Advocate
F-211,sector-3 Vaishali Ghaziabad
Uttar Pradesh-201010, Contact at 09958871432

### NAME CHANGE
I, GOVIND, S/O HARISH KUMAR SHARMA, R/O HOUSE NO-212, GALI NO-3, NEAR HANUMAN MANDIR,BHARAT COLONY, Sector, FARIDABAD, HARYANA-121002, HAVE CHANGED MY NAME TO GOVIND SHARMA FOR ALL FUTURE PURPOSES

### NAME CHANGE
I, YASH, S/O HARISH KUMAR SHARMA, R/O HOUSE NO-212,GALI NO-3, NEAR HANUMAN MANDIR, BHARAT COLONY, SECTOR-87, FARIDABAD, HARYANA-121002, HAVE CHANGED MY NAME TO YASH SHARMA FOR ALL FUTURE PURPOSES

### NAME CHANGE
I, SIVA NAGESWARAMMA is legally Wife of No. 15692684H Rank- HAV, Name- SAMBASIVA RAO YENIKAPALLI R/o 4-20, KURAPPALEM SANGUPALEM KODURU, DIST-GUNTUR (AP)-522311 have changed my name from SIVA NAGESWARAMMA to SIVANAGESWARAMMA Y for all future purposes Vide Affidavit Dated 29/10/2025 before Notary Public new Delhi.

### NAME CHANGE
I, NARASIMHA RAO is legally father of No. 15692684H Rank- HAV, Name- SAMBASIVA RAO YENIKAPALLI R/o 4-20, KURAPPALEM SANGUPALEM KODURU, DIST-GUNTUR (AP)-522311 have changed my name from NARASIMHA RAO to YENIKEPALLI BULLI NARASIMHARAO And in my son service record my date of birth wrongly mentioned is 01/07/1961 instead of 01/01/1960 Vide Affidavit Dated 29/10/2025 before Notary Public New Delhi.

### NAME CHANGE
I, hitherto known as MAHINDER KUMAR BHANDARI S/O OM PRAKAS BHANDARI R/O FLAT NO-203C, POCKET-A, PHASE-2, MAYUR VIHAR, DELHI-110091 have changed my name and shall hereafter be known as MOHINDER KUMAR BHANDARI. It is certified that I have complied with other legal requirements in the connection.

### NAME CHANGE
I, MOHAMMAD ARSHAD S/O NAWAB ALI residing at H NO 1301, STREET NO-41, JAFRABAD, DELHI-110053 have changed my name to MOHD ARSHAD for all future purposes.

### NAME CHANGE
I hitherto known as Pawan Kumar S/O Alakh Dev Singh, R/O P-172, Pilanji Village, Sarojini Nagar, South West Delhi, Delhi, 110023,have changed my name and shall hereafter be known as Ramashray Singh.

### NAME CHANGE
I RENU GOYAL W/O PARVEEN KUMAR R/O 952 NAV SANSAD VIHAR APARTMENT OPPOSITE VIVANTA HOTEL DWARKA SECTOR 22 SOUTH WEST DELHI 110077 HAVE CHANGED MY NAME RENU MITTAL

### NAME CHANGE
I, Deepak Malhotra R/o C-56/X-2, Dilshad Garden, Delhi-110095 have changed my minor daughter name from Nirvi to Nirvi Malhotra for all future purposes

### NAME CHANGE
I, Deepak Malhotra R/o C-56/X-2, Dilshad Garden, Delhi-110095 have changed my minor daughter name from Hisha to Hisha Malhotra for all future purpose

### NAME CHANGE
I, Mohd Waseem Ahmed S/o Shabbir Ahmad R/o House No. 319, Ground Floor, Okhla Village, Jamia Nagar, New Delhi-110025 have changed my name to Wasim Ahmad for all future purposes

### नाम परिवर्तन
यह सामान्य जानकारी के लिए है कि मैं, हौशिला प्रसाद पुत्र राम अवध निवासी ए-221, हरिजन कैंप, कीर्ति नगर, चुन्ना भट्टी, रमेश नगर, पश्चिमी दिल्ली, दिल्ली - 110015, घोषित करता हूं कि मेरे नाबालिग बेटे शिवम के 10वीं कक्षा के शैक्षिक दस्तावेज में मेरा नाम गलती से हौशिला लिख दिया गया है। मेरा वास्तविक नाम हौशिला प्रसाद है।

### PUBLIC NOTICE
It is for general information that I AFIA D/O PAPPU R/O H.No- E-11/ 85C, Block- E11, Hauz Rani, Malviya Nagar, PO: Malviya Delhi-110017, declare that name of mine, my father and my mother have been wrongly written as AFIYA, MOHATTAR ALI and ALIYA BE in my 10th and 12th class educational documents. The actual name of mine, my father and my mother are AFIA, PAPPU and ALLIYA respectively, which may be amended accordingly.

### PUBLIC NOTICE
Be it known to all that my client Smt. Roshni Yadav W/o Late Sh. Dinesh Yadav R/o A/30-31, Block A-1, A-2, Mohan Garden, Uttam Nagar, West Delhi, Delhi-110059, have disowned/ debarred her son namely Sunil Yadav and his wife namely Priyanka and her daughter namely Kusum Yadav W/o Sh. Amit Yadav from all her moveable and immoveable properties due to their misbehavior, quarrelsome nature towards my client and severed all relations with them. My client shall not be responsible in future for any acts, legal or illegal and deeds of above named disowned children. If any person deals with them my client are not liable for any things.

**Pradeep Tyagi Advocate**
Seat No.59, Hall No.2
Dwarka Courts, New Delhi-110075

### सार्वजनिक सूचना
यह सूचित करने के लिए है कि श्री राजीव कुमार उक्त संपत्ति के द्वितीय तल (छत के अधिकारों के बिना), दाएँ हाथ की ओर (RHS Side), स्थित प्लॉट नंबर B-2, क्षेत्रफल 58द वर्ग गज, खसरा नंबर 39 में से, जो राजस्व ग्राम बिंदापुर, दिल्ली राज्य, दिल्ली के अंतर्गत स्थित है, तथा आबादी सुभाष पार्क कॉलोनी, उत्तम नगर, नई दिल्ली-110059 के नाम से जानी जाती है, को श्री संजय ग्रोवर से क्रय करना चाहते हैं। उक्त संपत्ति की मूल स्वामिनी श्रीमती हेमलता शर्मा थीं, जिन्होंने इसे श्री केसर दास के पक्ष में पंजीकृत जी.पी.ए. (GPA), विक्रय अनुबंध (Agreement to Sell) एवं पंजीकृत वसीयत (Will) दिनांक 29.05.1993 के माध्यम से स्थानांतरित किया था। तत्पश्चात श्री केसर दास ने उक्त संपत्ति को श्रीमती संतोष के पक्ष में नोटरीकृत सामान्य पावर ऑफ अटॉर्नी (GPA), नोटरीकृत विक्रय अनुबंध (ATS) एवं वसीयत दिनांक 20.04.2001 के माध्यम से स्थानांतरित किया। दुर्भाग्यवश, श्रीमती संतोष का निधन 30.09.2012 को हो गया तथा उनके पति श्री चंदर प्रकाश का निधन 03.02.2023 को हुआ। वे अपने विधिक उत्तराधिकारी श्रीमती ममता कट्याल (पुत्री), श्री राजीव ग्रोवर (पुत्र) एवं श्री संजय ग्रोवर (पुत्र) को पीछे छोड़ गए। इसके पश्चात श्री राजीव ग्रोवर एवं श्रीमती ममता कट्याल ने अपने-अपने हिस्से श्री संजय ग्रोवर के पक्ष में त्याग पत्र (Relinquishment Deed) दिनांक 11.09.2024 के माध्यम से त्याग दिए। परिणामस्वरूप, श्री संजय ग्रोवर उक्त संपत्ति के पूर्ण स्वामी (Absolute Owner) हैं। हैं। कृपया ध्यान दें कि उक्त संपत्ति वर्तमान में बजाज हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा वित्तपोषित किए जाने का प्रस्तावित है। यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त संपत्ति के संबंध में कोई आपत्ति हो, तो कृपया इस सूचना की तिथि से 07 दिनों के भीतर अपनी आपत्ति लिखित रूप में प्रस्तुत करें। उक्त आपत्ति नीचे दिए गए पते पर पंजीकृत डाक के माध्यम से एवं ई-मेल द्वारा अधोहस्ताक्षरी को भेजी जा सकती है। यदि निर्दिष्ट अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है, तो उक्त संपत्ति के संबंध में कोई भी दावा अमान्य और निष्प्रभावी माना जाएगा।

**[ASHWANI KUMAR] Advocate**
Chamber No. 122,
Tehsil Compound, Ghaziabad, U.P.

### NAME CHANGE
I, JATIN BANSWAL S/o BHAGWAN DASS, R/o H.No.-29, Kh. No.-64/8, Chandan Vihar, Nihal Vihar Nangloi, Nilothi, PO: Nilothi, Dist. West Delhi, Delhi-110041, have changed the name of my minor daughter GRISHA aged 08 years and she shall be hereafter known as GAURVIKA BANSWAL.

### NAME CHANGE
I, Shabana W/O Parvaiz Akhtar R/O House ano F-156/3, 2nd Floor, Abul Fazal Enclave Part-2, Shaheen Bagh, Jamia Nagar, Okhla, South Delhi, Delhi - 110025, declare that I have changed the name of my minor son Mohammad Ryyan Akhtar aged 15 years and he shall hereafter be known as Mohd Ryyan Akhtar

### PUBLIC NOTICE
The public at large is informed that my clients Desh Deep Aggarwal, S/o O.P. Aggarwal, R/o -1003 Royce, Vaishali Sector-3,I.E. Sahibabad, P.O. Sahibabad, DIST. Ghaziabad, Uttar Pradesh-201010 has disowned/debarred their son, namely Rohit Aggarwal, from their movable and immovable properties due to his disrespectful behaviour, out of control, and has severed their relations with him for all intents and purposes with immediate effect. Anyone who deals with him will do so at their own risk and responsibility.

**Ankit Mittal (Advocate)**

### सार्वजनिक सूचना
यह सूचित किया जाता है कि जनसामान्य को अवगत कराया जाए कि श्री कायम सिंह लोक सेवा एंव परीक्षण संस्थान, अपने प्रबंधक श्री श्यामवीर सिंह के माध्यम से, गैर-कृषि भूमि क्षेत्रफल 0.353 हेक्टेयर (कुल 0.405 हेक्टेयर में से), खाता संख्या 307, गाटा संख्या 731, जो ग्राम पंडौरी, परगना/तहसील जलेसर, जिला एटा (उ.प्र.) में स्थित है, का स्वामी है। उक्त भूमि का स्वामित्व विक्रय विलेख (Sale Deed) के माध्यम से स्थापित हुआ है, जो उप-पंजीयक, जलेसर कार्यालय में दस्तावेज संख्या 6183, पुस्तक संख्या 1, वॉल्यूम संख्या 3221, पृष्ठ संख्या 47-68, दिनांक 10.11.2014 को विधिवत पंजीकृत है। इसके अतिरिक्त, श्री कायम सिंह लोक सेवा एंव परीक्षण संस्थान, अपने प्रबंधक श्री श्यामवीर सिंह के माध्यम से, उपरोक्त संपत्ति को यूनिटी स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड, जिसका कार्यालय 1201, 12वीं मंजिल, अंसल भवन, 16 कस्तूरबा गांधी मार्ग, नई दिल्ली - 110001 पर स्थित है, के पक्ष में ऋण/क्रेडिट सुविधा के एवज में बंधक रख रहा है। यदि किसी व्यक्ति को संबंधित संपत्ति के संबंध में कोई आपत्ति हो, तो कृपया नोटिस की तिथि से 07 दिनों के भीतर अपनी आपत्ति लिखित रूप में प्रस्तुत करें। उक्त आपत्ति को पंजीकृत डाक के माध्यम से निम्नलिखित पते पर और ई-मेल के माध्यम से भेजा जा सकता है। यदि ऐसा नहीं किया जाता है, तो उपर्युक्त के अनुसार दावा को संबंधित संपत्ति के संबंध में शून्य और अमान्य माना जाएगा।

**[ASHWANI KUMAR] Advocate**
Chamber No. 122,
Tehsil Compound, Ghaziabad, U.P.

### NAME CHANGE
I, Ajab Singh S/O Rammahar Singh R/O Azampurgarhi, Gurukul Sikandrabad Gautam Buddha Nagar, Uttar Pradesh- 203202, have changed the name of my minor Son Mahit Bhati aged 14 years and he shall hereafter be known as Varun Bhati

### NAME CHANGE
I, Shabana W/O Parvaiz Akhtar R/O House ano F-156/3, 2nd Floor, Abul Fazal Enclave Part-2, Shaheen Bagh, Jamia Nagar, Okhla, South Delhi, Delhi - 110025, declare that I have changed the name of my minor son Mohammad Ryyan Akhtar aged 15 years and he shall hereafter be known as Mohd Ryyan Akhtar

### NAME CHANGE
It is for general information that I, RAJENDER SINGH RANA S/O RANVIR RANA R/O HOUSE NO-414, NEAR MTNL OFFICE, BIJWASAN, BIJWASAN, VASANT VIHAR, SOUTH WEST DELHI, DELHI-110061 declare that name of mine has been wrongly written as RAJENDER RANA in my minor daughter RISHIKA RANA aged 14 years in her Birth certificate-MCDOLIR-0113-005906098. The actual name of mine is RAJENDER SINGH RANA, which may be amended accordingly.

### NAME CHANGE
I, SABARI PANIGRAHI is legally mother of No-14668536H Rank-NK (ATOTECBV), Name- NRUSINGHA CHARAN PANIGRAHI R/o VPO-KHARIAR, TEH- KHARIAR, DIST-NUAPADA, (ODISHA)-766107 have changed my date of birth from 01/07/1954 instead of 13/07/1965 Vide Affidavit dated Before SUB DIVISIONAL MAGISTRATE New Delhi.

### NAME CHANGE
It is for general information that I, NITESH JAISWAL S/O PAMMU, R/O HOUSE NO-23/11, BHOLA RAM COLONY, POCHANPUR, SECTOR-23, DWARKA, DHULSIRAS, SOUTH WEST DELHI, DELHI-110077 declare that name of my father has been wrongly written as PAMMU JAISWAL in my 10th class educational documents, my Aadhar Card-790651500650 and birth certificate-MCDOLR06294515. The actual name of my father is PAMMU, which may be amended accordingly.

### NAME CHANGE
I, Ravi S/O Shambhu Dayal R/o-Plot No-6 ,Gali no-2, Dharam colony ,Near Mahindra showroom, Palam vihar extension, Gurgaon Haryana 122017 have changed my name from Ravi to Ravi sharma for all future purposes.

### NAME CHANGE
I, Meenakshi Saini D/o Beer Singh R/o PO-(Baderi Ghoghu), Sambhal Heri, Saharanpur, Uttar Pradesh-247001 hereby undertake that I Meenakshi Saini want to change my name to Rishi Saini and gender as male. I Meenakshi Saini henceforth be known as Rishi Saini S/o Beer Singh

### NAME CHANGE
I, IMRAN S/O SAHEED MALIK R/O H.NO-E-9, BUDH NAGAR, LONI, GHAZIABAD, UTTAR PRADESH-201102 have changed the name of my minor daughter SUHANA aged 17 years and she shall hereafter be known as IFRA.

### NAME CHANGE
I, ASHOK VERMA, S/O BANARSIDAS, R/O HOUSE NO-1, KATLA GALI K SAMNE, 11 HATTA BAZAAR, MAHENDERGARH, HARYANA-123029, HAVE CHANGED MY NAME TO ASHOK KUMAR VERMA FOR ALL FUTURE PURPOSES

### NAME CHANGE
I, Piyush Bhale S/o Manoj Kumar R/o H.No.X/888, Chand Mohalla, Pandit Ghasi Ram Ki Dairy, Gandhi Nagar, Nagar, Delhi-110031 have changed my name to Piyush.

### NAME CHANGE
I, No-15803516F Rank-NK Name-RAM BABU DANGI Presently residing at 538, BARDIYA MOHALLA, VILL-BARAI, PO-DONGAR GAON, TEH-SUSNER, DIST-AGARMALWA, MADHYA PRADESH-465449, have changed my mother's name from DALI BAI DANGI to DALI BAI for all future purposes vide Affidavit dated 30/10/2025 before Executive Magistrate, Delhi.

### NAME CHANGE
I HARISH KUMAR BHATIA S/O SURENDER KUMAR R/O 3E/9 WARD N0-15, NIT, FARIDABAD, HARYANA-121001 HAVE CHANGE MY NAME TO HARISH BHATIA FOR ALL PURPOSE

### NAME CHANGE
I, Mominur Rahman, R/o Dona Kuchi, Barpeta, Assam - 781314 have changed my Minor daughter's name from Aahana to Aahana Rahman for all future purposes

### NAME CHANGE
I Shipli Devi W/O Ranjeet Kumar R/O. H.No-178 Block no-20 Tirlokpuri Delhi-110091 changed my name to Shipli.

### NAME CHANGE
I Mohammad Kamil Abbasi S/O Abdul Qayyum R/O. 8142 2nd floor Flat No-6 Chimni Mill Bara Hindu Rao Delhi-110006 changed my name to Mohd Kamil Abbasi.

### NAME CHANGE
I Abdul Qayyum Abbasi S/O Mahmood Ali R/O. 8142 2nd floor Flat No-6 Chimni Mill Bara Hindu Rao Delhi-110006 changed my name to Abdul Qayyum.

### NAME CHANGE
It is for general information that I, Bobban John S/o O John R/o 338, LIG Flats, Pocket-3, Paschi Puri, Paschim Vihar, West-Delhi, Delhi-110063, declare that name of mine has been wrongly written as Boban John in my PPO-No.246201800067. The actual name of mine is Bobban John, which may be amended accordingly.

### NAME CHANGE
I,NAGENDER PRATAP SINGH S/o Harinarayan Singh R/o B-2691, 68, Near 25 Foot Road, Sant Nagar Burari, Delhi-110084 have changed my name to NAGENDRA PRATAP SINGH permanently

### NAME CHANGE
I, parmod Alias Parmod kumar S/O Mahi Chand R/O House No-B-54, Kardam Farm, Johri Pur, Dayalpur North Delhi-110094, Have changed my name to Pramod kumar for all future purposes.

### NAME CHANGE
I, INDU is legally mother of No. 13782345X Rank- RFN, Name-SAHIL is presently residing at VILL-ADARSH NAGAR MUKERIAN, PO- MUKERIAN, TEH - MUKERIAN, DIST- HOSHIARPUR, STATE (PB)- 144211 have changed my name from INDU to INDU SHARMA for all future purposes Vide Affidavit No IN-DL84261982510615X Dated 30/10/2025 before Notary Public New Delhi.

### NAME CHANGE
I, KAMALA THAKURI is a legally mother of No. 13764776F Rank-HAV, Name SANJAY THAKURI is presently residing at VILL-SAHAB NAGAR, PO- CHIDARWALA,TEH - RISHIKESH, DIST-DEHRADUN, STATE- (UK) PIN – 249204 have changed my name from KAMALA THAKURI to KAMLA DEVI for all future purposes Vide Affidavit No IN-DL84427871829313X Dated before Notary Public New Delhi.

### NAME CHANGE
I PAWAN is legally father of No. 13782345X Rank- RFN, Name-SAHIL is presently residing at VILL-ADARSH NAGAR MUKERIAN, PO- MUKERIAN TEH - MUKERIAN, DIST- HOSHIARPUR, (PB)-144211 have changed my name From PAWAN to PAWAN KUMAR for all future purposes Vide Affidavit No IN-DL84268873600233X Dated 30/10/2025 before Notary Public New Delhi.


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **फिरोज, पुत्रः मोहम्मद जैनू, निवासीः गली नंबर-1 दौलत नगर, ट्रोनिका सिटी, लोनी गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश** ने **FIR No.: 296/2021, U/s: 356/379/411/34 IPC, पुलिस थाना शास्त्री पार्क, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **फिरोज** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **फिरोज** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना शास्त्री पार्क, दिल्ली** के अभियुक्त **फिरोज** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 11.12.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
कनिका अग्रवाल
जेएमएफसी-03, कमरा संख्या 22,
प्रथम तल, उत्तर-पूर्व,
कड़कड़डूमा कोर्ट, नई दिल्ली

DP/14598/NE/2025

## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **गुलफाम, पुत्रः** रफीक, **पताः** 25 फुट रोड, अशोक विहार, लोनी, गाज़ियाबाद, उ.प्र. ने मुकदमा **FIR No. 139/2017 U/s 392/394/411/34 IPC, थानाः मानसरोवर पार्क, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **गुलफाम** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **गुलफाम** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 139/2017 U/s 392/394/411/34 IPC, थानाः मानसरोवर पार्क, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **गुलफाम** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **10.01.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
एशवर्या सिंह कश्यप
न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी - 06
कमरा नं. 25, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/12269/SHD/2025
(Court Matter)

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 सीआरपीसी देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **असगर अली, पुत्रः अली अहमद निवासः बुद्ध बाजार के पास, पूजा कॉलोनी, लोनी, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश** ने **CR No. 6865/2016 & FIR No. 421/2011 U/S 457/380/411/34 IPC, थानाः कृष्णा नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **असगर अली** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **असगर अली** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **CR No. 6865/2016 & FIR No. 421/2011 U/S 457/380/411/34 IPC, थानाः कृष्णा नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **असगर अली** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 20.12.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री पी. भार्गव राव
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी-05
कोर्ट नं. 3
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/14667/SHD/2025 (Court Matter)


**कौमी पत्रिका**

संपादक-गुरचरन सिंह बब्बर

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक, गुरचरन सिंह बब्बर ने कौमी पत्रिका प्रिंटिंग प्रेस, सेक्टर ए-4/ए-144 इंडस्ट्रीयल एरिया ट्रोनिका सिटी लोनी (गाजियाबाद), उत्तर प्रदेश से छापकर प्रकाशित किया।

**Corporate Office:**
5, Bahadurshah Zafar Marg
ITO, New Delhi-110002

फोन : 011-41509689, 23315814
मोबाइल नंबर : 9312262300

**E - mail address :** qpatrika@gmail.com
**Website:** www.qaumipatrika.in

**R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472**

**Legal Advisors:**
Advocate Mohd. Sajid
Advocate Dr. A.P.Singh
Advocate Manish Sharma
Advocate Pooja Bhaskar Sharma

## सोनीपत में डेनमार्क प्रतिनिधिमंडल से डेयरी सहयोग पर हुई चर्चा

**सोनीपत।** सोनीपत के मुरथल में पहुंचे डेनमार्क प्रतिनिधिमंडल का विधायक देवेंद्र कादियान ने स्वागत किया। प्रतिनिधिमंडल में हरियाणा पशुपालन विभाग के निदेशक डॉ. प्रेम सिंह, मुख्यमंत्री के ओएसडी पवन चौधरी और डेनमार्क दूतावास के सिद्धार्थ जैन शामिल थे। अतिथियों के साथ डेयरी व पशुपालन क्षेत्र में संभावनाओं पर वार्ता हुई। बैठक में तकनीकी आदान-प्रदान, आधुनिक डेयरी प्रबंधन, पशु स्वास्थ्य सेवाएं, प्रशिक्षण कार्यक्रम और गुणवत्ता सुधार पर विचार विमर्श हुआ। डेनमार्क प्रतिनिधियों ने हरियाणा की किसान-केंद्रित नीतियों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि राज्य में डेयरी उद्योग विस्तार लिए अनुकूल माहौल है और डेनमार्क की उन्नत तकनीक से दुग्ध उत्पादन में क्रांतिकारी बदलाव संभव है। विधायक कादियान ने मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व की सराहना करते हुए बताया कि सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता किसानों की आय दोगुनी करना और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाना है। यह सहयोग हरियाणा के पशुपालकों को वैश्विक स्तर की तकनीक व बाजार उपलब्ध कराएगा, जिससे स्थानीय डेयरी क्षेत्र नई ऊंचाइयों को छुएगा। दोनों पक्षों ने भविष्य में संयुक्त परियोजनाओं पर कार्य करने का संकल्प लिया।

## निरंकारी संत समागम में दस लाख श्रद्धालुओं के आने की दावा

**सोनीपत।** सोनीपत के निकट समालखा-गन्नौर हल्दाना बॉर्डर पर स्थित निरंकारी आध्यात्मिक स्थल पर होने वाले तीन दिवसीय 78वें वार्षिक निरंकारी संत समागम की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। 31 अक्टूबर से 3 नवंबर तक होने वाले इस समागम में देश-विदेश से दस लाख से अधिक अनुयायियों के शामिल होने की उम्मीद है। जिसके लिए 650 एकड़ में टैंट सिटी बनाया गया है। समागम स्थल पर आयोजित पत्रकार वार्ता में मंडल सचिव जोगिंदर सुखीजा और प्रेस एंड पब्लिसिटी मेंबर इंचार्ज राकेश मुटरेजा ने बताया कि समागम के चारों दिन दोपहर 3 बजे से रात्रि 9 बजे तक भक्ति और ज्ञान से परिपूर्ण मुख्य सत्र आयोजित होंगे। सेवादल के लगभग एक लाख सदस्य तैयारियों व संचालन में जुटे हैं, जो मिशन की सेवा, समर्पण और अनुशासन की मूल भावना को जीवंत करते हैं। स्वास्थ्य सुविधाओं पर विशेष जोर देते हुए 8 एलोपैथिक, 6 होम्योपैथिक डिस्पेंसरी, 15 प्राथमिक चिकित्सा केंद्र और एक कायरोप्रैक्टिक शिविर स्थापित किए गए हैं। इसके अलावा 120 बेड का अस्थाई अस्पताल और 42 एम्बुलेंस (मिलाकर 5 वेंटिलेटर युक्त) तैनात रहेंगी। सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से 60 चेक पोस्ट बनाए गए हैं, जहां सेवादार और पुलिसकर्मी मिलकर ट्रैफिक व सुरक्षा संभालेंगे।

## लुवास के डॉ. मान सिंह को एपीएसीओएन 2025 में सर्वश्रेष्ठ मौखिक प्रस्तुति पुरस्कार

**हिसार।** लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास) के पशु उत्पादन प्रबंधन विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. मान सिंह ने राष्ट्रीय स्तर पर विश्वविद्यालय का नाम गौरवांवित किया है। उन्होंने एनिमल फिजियोलॉजिस्ट्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित वार्षिक सम्मेलन एपीएसीओएन 2025 एवं जलवायु अनुकूल पशु उत्पादन के लिए अगली पीढ़ी के शारीरिक दृष्टिकोण विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में अपने उत्कृष्ट शोध कार्य के लिए सर्वश्रेष्ठ मौखिक प्रस्तुति पुरस्कार प्राप्त किया। यह प्रतिष्ठित सम्मेलन वेटरनरी कॉलेज, नंदी नगर, बीदर (कर्नाटक) में आयोजित किया गया था। इस आयोजन का सफल संचालन कर्नाटक वेटरिनरी, एनिमल एंड फिशरीज साइंसेज यूनिवर्सिटी, बीदर के पशु शरीर क्रिया एवं जैव रसायन विभाग द्वारा किया गया। इस राष्ट्रीय कार्यक्रम में देशभर के 150 से अधिक वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों एवं शोधकर्ताओं ने भाग लिया और अपने-अपने शोध कार्य प्रस्तुत किए। डॉ. मान सिंह ने इस सम्मेलन में अपने शोध विषय इन्फ्रारेड थर्मोग्राफी के उपयोग से डेयरी बकरियों में मास्टाइटिस का गैर-आक्रामक मूल्यांकन पर शोध पत्र प्रस्तुत किया। उनके शोध कार्य को सम्मेलन में उपस्थित विशेषज्ञों ने वैज्ञानिक नवीनता, अनुसंधान की उत्कृष्टता, सटीक तकनीकी दृष्टिकोण तथा पशुधन उत्पादन में व्यावहारिक उपयोगिता के लिए अत्यधिक सराहा।

## रन फॉर यूनिटी के लिए आयोजन स्थल पर की जा रही भव्य तैयारियां

**गुरुग्राम।** आगामी 31 अक्टूबर को गुरुग्राम में रन फॉर यूनिटी का भव्य आयोजन होगा। इसमें पांच हजार से अधिक नागरिकों के भाग लेने की संभावना है। इसे लेकर एएलसी कुशल कटारिया ने आयोजन स्थल ताऊ देवीलाल स्टेडियम में की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। एएलसी कुशल कटारिया ने कहा कि सुबह रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया जा रहा है। यह रन ताऊ देवीलाल स्टेडियम से शुरू होगी जोकि मेदांता अस्पताल के सामने से होते हुए बख्तावर चौक से यू-टर्न लेकर आयोजन स्थल पर ही सम्पन्न होगी। उन्होंने ट्रैफिक पुलिस को निर्देश देते हुए कहा कि आयोजन के दौरान आमजन को कोई परेशानी प्रकार ना उठानी पड़े। इसके लिए निर्धारित समय के दौरान आसपास से ट्रैफिक को भी डायवर्ट किया जाए व इस संबंध में ट्रैफिक पुलिस एडवाइजरी भी जारी करे। उन्होंने बताया कि रन को मुख्य अतिथि द्वारा सुबह सात बजे आयोजन स्थल से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। इसमें हिस्सा लेने वाले लोग बसों और प्राइवेट गाडियों से वेन्यू पर पहुंचेंगे। एएलसी ने बताया कि रन फॉर यूनिटी के दौरान मनोरंजन के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति होगी। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए रनर्स क्लब, खिलाड़ी, विश्वविद्यालय, स्कूल, कालेजों के विद्यार्थी निजी उद्यम क्षेत्र के खिलाड़ी कर्मचारी, रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन को आमंत्रित किया गया है।

# विकास, विश्वास और सशक्त नेतृत्व ही बिहार का भविष्य : नायब सिंह सैनी

**एजेंसी**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने सभी मतदाताओं से आह्वान करते हुए कहा कि भाजपा उम्मीदवार विशाल प्रशांत को भारी मतों से विजयी बनाएं और डबल इंजन की सरकार को और मजबूत करें। जनसभा में भारी संख्या में उपस्थित जनसैलाब ने भाजपा उम्मीदवार के प्रति अपना जबरदस्त उत्साह और समर्थन प्रकट किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार ने विकास की नई ऊंचाइयों को छुआ है। सड़कों, बिजली, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हुआ है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने बिहार के विकास की रफ्तार को दोगुना कर दिया है। सैनी ने कहा कि बिहार की विकास दर आज 14 प्रतिशत से अधिक है, जो देश में दूसरे स्थान पर है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने लगातार बिहार को आर्थिक मदद उपलब्ध करवाकर प्रदेश में विकास की गति को तेजी प्रदान की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सामाजिक न्याय को केवल भाषणों में नहीं, बल्कि धरातल पर उतारा गया है। उन्होंने कहा कि सामाजिक समरसता की सर्वोत्तम मिसाल बिहार की धरती पर दिखती है।



सैनी ने कहा कि बिहार सरकार ने महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। नौकरियों में महिलाओं को 35 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार हर घर की महिला को 'लखपति दीदी' बनाने के लक्ष्य पर काम कर रही है। वर्ष 2005 में जहां केवल 6 मेडिकल कॉलेज थे, अब उनकी संख्या 15 हो चुकी है। इंजीनियरिंग कॉलेजों की संख्या 3 से बढ़कर 38 हो गई है और स्टार्टअप्स की संख्या बढ़कर 1500 से अधिक हो चुकी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने मखाना को 'सुपरफूड' का दर्जा देकर बिहार को वैश्विक पहचान दी है। उन्होंने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि विपक्ष के पास न विकास का एजेंडा है, न ईमानदारी का संकल्प। उनके पास केवल वंशवाद, भ्रष्टाचार और झूठे आरोप हैं जबकि भाजपा जनसेवा और विकास की राजनीति करती है। जनसभा में पहुंचने पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का जोरदार स्वागत किया गया।

## हरियाणा में आरएमसी व हॉट मिक्स प्लांट्स के सीएलयू कर सकेंगे जिला उपायुक्त

**एजेंसी**

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने भूमि उपयोग स्वीकृतियों की प्रक्रिया को सरल और विकेन्द्रीकृत करते हुए बड़ा निर्णय लिया है। नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग ने अब रेडी मिक्स कंक्रीट (आरएमसी) और हॉट मिक्स प्लांट्स से संबंधित भूमि उपयोग परिवर्तन (सीएलयू) की स्वीकृति देने के अधिकार राज्य के सभी जिला उपायुक्तों को सौंप दिए हैं। विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार, हरियाणा नियोजित सड़कें एवं नियंत्रित क्षेत्र अधिनियम, 1963 की धारा 19(2) के तहत प्रदत्त शक्तियों के अंतर्गत तथा राज्य सरकार की पूर्व स्वीकृति के बाद, धारा 8(1) और 8(2) के तहत सीएलयू स्वीकृत करने का अधिकार उपायुक्तों को प्रदान किया गया है। यह अधिकार 22 मार्च, 2023 की नीति के अनुरूप होगा, जिसमें यह प्रावधान पहले ही किया गया था कि राज्य के विकास योजनाओं में आने वाले क्षेत्रों में ऐसे प्रस्ताव उपायुक्त स्तर पर ही निपटाए जाएंगे। आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि यदि आवेदन स्थल अंतिम विकास योजना (फाइनल डेवलपमेंट प्लान) का हिस्सा नहीं है, तो उस मामले की स्वीकृति का अधिकार राज्य सरकार के पास रहेगा। ऐसे प्रकरणों का प्रस्ताव उपायुक्त के माध्यम से सरकार को भेजा जाएगा। टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग के निदेशक अमित खत्री का कहना है कि यह कदम निर्णय प्रक्रिया को तेज, पारदर्शी और क्षेत्रीय स्तर पर जवाबदेह बनाएगा। आदेश की प्रति सभी उपायुक्तों, जिला व वरिष्ठ नगर नियोजकों को भेज दी गई है।

# राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई जाएगी सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती

**एजेंसी**

**चंडीगढ़।** भारत के लौह पुरुष व राष्ट्रीय एकता के मुख्य वास्तुकार सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती को प्रदेश में 31 अक्तूबर, 2025 को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस उपलक्ष्य में जिलों में विभिन्न कार्यक्रमों व शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जिला फतेहाबाद में आयोजित रन फॉर यूनिटी में बतौर मुख्य अतिथि शिकरत करेंगे। इसके साथ ही, प्रदेश के सभी जिलों में मंत्रीगण, सांसद, विधायक कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। सरकारी प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला करनाल में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल व हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण, जिला गुरुग्राम में केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत तथा जिला जींद में हरियाणा विधानसभा उपाध्यक्ष डॉ. कृष्णलाल मिड्ढा कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। इसी प्रकार जिला अंबाला में ऊर्जा मंत्री अनिल विज, जिला झज्जर में सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा, जिला यमुनानगर में कृषि एवं कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा, जिला हिसार में जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा, जिला भिवानी में महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी तथा जिला पंचकूला में स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती राव कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। इसी तरह जिला चरखी दादरी में सांसद धर्मबीर सिंह, जिला कैथल में सांसद कार्तिकेय शर्मा, जिला कुरुक्षेत्र में सांसद नवीन जिंदल, जिला फरीदाबाद में विधायक मूलचंद शर्मा, जिला महेंद्रगढ़ में विधायक कंवर सिंह, जिला नूंह में विधायक ओमप्रकाश यादव, जिला पलवल में विधायक हरिंद्र सिंह,




जिला पानीपत में विधायक प्रमोद कुमार विज, जिला रेवाड़ी में विधायक लक्ष्मण सिंह यादव, जिला रोहतक में विधायक कृष्णा गहलावत, जिला सिरसा में विधायक निखिल मदान तथा जिला सोनीपत विधायक पवन खरखौदा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रूप में शिरकत करेंगे।

# हमेशा किसानों के साथ खड़ी है हरियाणा सरकार : श्याम सिंह राणा

**एजेंसी**

**चरखी दादरी।** हरियाणा सरकार प्रदेश के किसानों के साथ खड़ी है और लगातार किसानों की भलाई के कार्य कर रही है। प्रदेश की मंडियों में एमएसपी पर फसलों का दाना-दाना खरीदा जा रहा है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि फसल खरीद के दौरान किसी भी किसान को परेशानी का सामना ना करना पड़े। हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा आज चरखी दादरी में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। कृषि मंत्री ने समिति के समक्ष रखी गई कुल 16 शिकायतों में से 8 का मौके पर ही समाधान करवाया और 8 शिकायतों के समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। पत्रकारों से बात करते हुए राणा ने कहा कि राज्य सरकार लगातार किसानों की भलाई के कार्य कर रही है। किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए सरकार की ओर से कल्याणकारी योजनाएं भी लागू की गई हैं। सरकार की योजना के अनुसार जल्द ही भावांतर भरपाई योजना की राशि जारी कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि बारिश के कारण खराब हुई फसलों के सत्यापन का कार्य अंतिम चरण में है और जल्दी ही किसानों के बैंक खातों में ज्यादा बरसात से खराब हुई फसलों का मुआवजा डाला जाएगा। उन्होंने




ओवरलोडिंग पर बोलते हुए कहा कि जिला प्रशासन द्वारा ओवरलोड को लेकर लगातार कार्यवाही की जा रही है और लाखों रूपए के चालान किए जा रहे हैं।

# जिला परिवेदना समिति बैठक में 15 में से आठ शिकायतों का निपटारा

**एजेंसी**

**जींद।** डीआरडीए सभागार में जिला परिवेदना समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा को करनी थी लेकिन किन्ही कारणों के चलते वो बैठक में नही आ पाए। जिस पर डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बैठक की अध्यक्षता की और एक-एक कर 15 शिकायतें सुनी। जिनमें से आठ शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया गया। शेष सात मामलों पर डीसी ने संबंधित अधिकारियों को अगली बैठक तक जांच पूर्ण कर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि जिला परिवेदना समिति आम जनता की शिकायतों के त्वरित निवारण का एक बेहद प्रभावी व पारदर्शी प्लेटफार्म है। इस बैठक में शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को अधिकारियों और समिति के गैर सरकारी सदस्यों की उपस्थिति में



ध्यानपूर्वक सुना जाता है तथा निष्पक्ष जांच के बाद उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाती है।

परिवेदना समिति की बैठक में अवैध खुर्दो के मामले में डीसी मोहम्मद इमरान रजा निर्णायक एवं एक्शन मोड़ में नजर आए। जिला के गांव नगूरां तथा अमरगढ़ से प्राप्त शिकायत अनुसार संबंधित गांवों में नाजायज तरीके से स्थापित खुर्दो पर सरेआम शराब ब्रिकी हो रही है। जिससे आमजन परेशान है। डीसी द्वारा इस मामले में उप आबकारी एवं कराधान आयुक्त से जब स्थिति अवगत करवाने बारे कहा गया तो डीईटीसी के अनुसार वहां विभागीय कर्मचारियों द्वारा विजिट कर ली गई है और ऐसा कोई मामला संज्ञान में नहीं आया है और साथ ही डीईटीसी ने बताया कि शिकायतकर्ताओं ने लिखित में भी अपनी संतुष्टि दी है। शिकायतकर्ताओं के समिति बैठक में अनुपस्थित होने पर डीसी ने स्वयं शिकायतकर्ता व अमरगढ़ निवासी से दूरभाष पर संपर्क किया तो शिकायतकर्ता ने खुर्दे ज्यों का त्यों होने और उनका संतुष्ट भी नहीं होने की बात रखी। मामले पर तुरंत अमल करते हुए डीसी ने डीटीसी को निर्देश दिए कि वे दोबारा व्यक्तिगत तौर पर दोनों गांवों का दौरा करें और इस दौरान वे गैर सरकारी सदस्यों को भी मौके पर मौजूद रहने के लिए कहें। यथास्थिति की रिपोर्ट आगामी कार्यवाही तक लंबित रखी जाए।

## राहुल गांधी को नायब सिंह सैनी ने दिया जवाब, कहा- नाच तो आईएनडीआई गठबंधन के लोग कर रहे

**एजेंसी**

**चंडीगढ़।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर राहुल गांधी की ओर से दिये गये आपत्तिजनक बयान की निंदा हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने की। बिहार के रोहतास जिले के डेहरी में एक निजी होटल में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रेस को संबोधित करते हुए बुधवार को कहा कि नाच तो आईएनडीआई गठबंधन के लोग कर रहे हैं। कभी वोट चोरी के नाम पर, तो कभी हाथों में पवित्र संविधान लेकर मंच पर नाचने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी कभी ईवीएम खराब होने को लेकर मंचों पर नाचने लगते



हैं और अब प्रधानमंत्री को लेकर आपत्तिजनक बयान दे रहे हैं। राहुल गांधी के पास अब बोलने और करने के लिए कुछ नहीं बचा है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आईएनडीआई एलाइंस को पूरे देश ने पूरी तरह से नकार दिया है और कांग्रेस की ना नीति है, न नियत है और ना हीं नेतृत्व है। मुजफ्फरपुर में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा था कि मोदी जी को अभी किसी चीज से मतलब नहीं है बस वोट से मतलब है। यदि आप कहोगे कि नरेंद्र मोदी जी मंच पर नाच कर दिखाओ तब हम वोट देंगे, तो वो मंच पर नाचने लगेंगे। बिहार की जनता का वोट हासिल करने के लिए वो कुछ भी कर सकते हैं।

# प्रतिबंधित दवा बेचने वाले मेडिकल स्टोर संचालकों पर होगी कार्रवाईः एसपी

**एजेंसी**

**सिरसा।** सिरसा के पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने मेडिकल स्टोर संचालकों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि सिरसा पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम में मेडिकल स्टोर संचालक भी कंधे से कंधा मिला कर पूर्ण सहयोग कर नशा मुक्त समाज बनाने में अहम भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि सिरसा पुलिस ने अब नशीली प्रतिबंधित दवाइयां बेचने वालों पर शिकंजा कस दिया है। उन्होंने कहा कि नशा एक सामाजिक समस्या है, इसलिए समाज के सभी लोग मिलकर इस समस्या का स्थाई हल करेंगे। एसपी ने किसी भी सूरत में दवाइयों का दुरुपयोग नहीं होना चाहिए तथा कोई भी मेडिकल स्टोर संचालक प्रतिबंधित नशीली दवाई न बेचें। डॉक्टरों की अधिकृत पर्ची के बिना दवाइयां किसी व्यक्ति को दवाई न दें। साथ ही एसपी ने कहा कि अभिवावक अपने बच्चों की दैनिक गतिविधियों पर नजर रखें तथा उन्हें नशे से दूर रहकर शिक्षा तथा खेलकूद में आगे बढने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग द्वारा युवाओं को नशे से दूर रखने तथा शिक्षा व खेलों के प्रति जागरुकर करने के लिए लगातार



अभियान चलाया जा रहा है, इसलिए मेडिकल संचालक भी इस अभियान का हिस्सा बन कर,युवाओं का जीवन बचाने में सहयोग करें। पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने कहा कि पुलिस विभाग द्वारा नशा तस्करों पर पूरी तरह शिकंजा कसा जा रहा है,अगर किसी कारण वंश कोई युवा नशे की दल-दल में फस गया है तो उसका इलाज करवाकर उसे फिर से समाज की मुख्यधारा में लाना ही हमारी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि अगर हम समाज के सभी लोग मिलकर चलेंगे तो नशे के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम में पूर्ण रुप से कामयाब होंगे। उन्होने ने कहा कि नशे के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम के काफी सार्थक परिणाम सामने आ रहे हैं। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त वीरेंद्र सहरावत ने भी मेडिकल स्टोर संचालकों से कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है और इस बुराई को जड़ मूल से समाप्त करने के लिए हम सभी को आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि नशा मुक्त समाज बनाने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी।

## पदक लाने वाले खिलाड़ी हमारे देश की शानः मोहनलाल बडौली

**एजेंसी**

**सोनीपत।** सोनीपत के गांव रिंडाना में गौरव और उत्साह से भर गया जब युवा खिलाड़ी अखिल नरवाल का यूथ एशियन कबड्डी प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर लौटने पर भव्य स्वागत किया गया। ग्रामीणों ने फूल-मालाओं और नारों के साथ खिलाड़ी का अभिनंदन किया। बतौर मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बडौली ने कहा कि पदक लाने वाले खिलाड़ी हमारे देश की शान हैं। खिलाड़ी जब राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच पर पदक जीतकर लौटते हैं, तो वे न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे देश का गौरव बढ़ाते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की नायब सरकार और केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार खिलाड़ियों को सम्मान और प्रोत्साहन देने के लिए अनेक योजनाएं चला रही हैं। सरकार



खिलाड़ियों को योग्यतानुसार नौकरियों और उचित इनामों से सम्मानित कर रही है। अध्यक्षता भाजपा गोहाना के जिला अध्यक्ष बिजेंद्र मलिक ने की। समारोह में महंत भलेगिरी जी महाराज का सानिध्य प्राप्त हुआ। विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री फणींद्र नाथ शर्मा, हलके से पूर्व प्रत्याशी प्रदीप सांगवान और कबड्डी खिलाड़ी द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित दीपक हुड्डा उपस्थित रहे। इस अवसर पर जसबीर दोदवा, महेंद्र चिड़ाना, प्रदीप बड़वासनी, अशोक सैन, तकदीर नरवाल, डॉ. राममेहर राठी, रणबीर ढाका, बलवंत नरवाल, रोहित नरवाल, कोच जगपाल नरवाल, प्रवीण राठी और कृष्ण मलिक सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# सेवाभावना से सशक्त बनती है सामाजिक व्यवस्था : डॉ. अरविंद शर्मा

**एजेंसी**

**सोनीपत।** सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार सेवा भावना के लक्ष्य को लेकर गरीब, वंचित और पात्र परिवारों के उत्थान के लिए समर्पित है। उन्होंने कहा कि सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं के साथ-साथ सेवाभावी नागरिकों की भागीदारी से ही समाज की व्यवस्था सशक्त होती है। सभी को यह संकल्प लेना चाहिए कि जरूरतमंद लोगों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुँचाया जाए। शाम डॉ. अरविंद शर्मा मुगलपुरा स्थित टीटू धर्मशाला में आयोजित बी.के.के. मेमोरियल ट्रस्ट रोहतक व विजय कत्याल परिवार

**NAME CHANGE**
I hitherto known as MADHU GUPTA alias MADHU BALA GUPTA W/o KOMAL GUPTA R/o Apartment No. T-B/12A08 on 12A Floor, Tower -B in Paras Dews, Sector-106, Gurgaon, Haryana-122006 have changed my name and shall hereafter be known as MADHU BALA GUPTA

कहा कि भाजपा सरकार ने पं. दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय सिद्धांत को व्यवहार में उतारते हुए सामाजिक सुरक्षा भत्ता को 3000 से बढ़ाकर 3200 रुपये मासिक करने की




घोषणा की है, जिससे नवंबर से लाखों पात्रों को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि सेवा भावना ही समाज और राष्ट्र को सशक्त बना सकती है। सरकार गरीब वर्गों को योजनाओं से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बना रही है, जिसमें सामाजिक संस्थाओं की भूमिका भी सहयोग की भावना को बढ़ाते हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में शुरू की गई दीनदयाल उपाध्याय लाडोलक्ष्मी योजना के तहत पात्र माताओं व बहनों को 2100 रुपये मासिक सहयोग मिलेगा। अब तक प्रदेश की छह लाख से अधिक महिलाओं ने इस योजना में पंजीकरण करवाया है। कार्यक्रम में जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय सचिव बाबा लक्ष्मण पुरी, महंत कमल पुरी महाराज, विजय कत्याल, डॉ. परमानंद महाराज, अनाज मंडी प्रधान श्यामलाल वशिष्ठ, मंडल अध्यक्ष भूपेंद्रमुदगिल, पार्षद भगवती राजपाल, अंजू कालड़ा, मुकेश देवगन सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

**NAME CHANGE**
I hitherto known as Anju Madan D/o Radha Kishan R/o Lal Masjid Chock, Kamla Nagar Bhiwani Haryana-127021 have changed my name and shall hereafter be known as Anju

# गुम हुए 45 मोबाइल को तलाश पुलिस ने मालिकों के हवाले किया

**एजेंसी**

**जींद।** जिला में अलग-अलग लोगों के गुम हुए 45 मोबाइलों को पुलिस ने तलाश कर उनके मालिकों को सौंपा है। गुम हुए मोबाइलों की कीमत लगभग सात लाख 15 हजार रुपये है। गुम हुए मोबाइल वापस पाकर फोन मालिक खुश नजर आ रहे थे। गौरतलब है कि हरियाणा सरकार ने दूरसंचार विभाग भारत सरकार द्वारा निर्मित पोर्टल सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर (सीईआईआर) से गुम हुए मोबाइलों के लिए शुरू किया जा चुका है। जींद पुलिस की साइबर सुरक्षा शाखा ने आम जनता के गुम हुए 45 मोबाइल फोन तलाश कर बुधवार को उनके असल मालिकों के हवाले किया। पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह द्वारा मोबाइल मालिकों को ये मोबाइल सौंपे हैं। जो व्यक्ति अपने मोबाइल लेने के लिए पुलिस अधीक्षक कार्यालय में नहीं आ पाए, पुलिस द्वारा उनके घर जाकर उन्हे मोबाइल दिए गए।पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने कहा कि मोबाइल चोरी के संबंध में मिली शिकायतों पर कार्यवाही करते हुए जींद साईबर सुरक्षा इंचार्ज उप निरीक्षक अनमोल के नेतृत्व में सिपाही अनिल कुमार ने एक अगस्त से लेकर अक्टूबर 2025 तक के जींद जिले से गुम हुए 45 मोबाइल फोन की तलाश की है। बरामद किए गए मोबाइल की कीमत लगभग सात लाख 15 हजार रुपये है। साइबर सैल को आम जनता के गुम हुए मोबाइल को बरामद करने के संबंध में विशेष दिशा-निर्देश जारी किए हुए हैं। जिस पर साइबर शाखा द्वारा आम जनता के गुमशुदगी के फोन को सर्च करके उनके असल मालिक को कार्यालय में बुला कर उनके सुपुर्द किया जाता है। अक्सर लोगों की लापरवाही से मोबाइल गुम हो जाते हैं, मोबाइल के गुम होने की सूचना तुरंत पुलिस को और संबंधित कंपनी जिसका सिम कार्ड प्रयोग किया जाता है को दें ताकि आपके मोबाईल का कोई दुरुपयोग ना कर सके। अपना गुमशुदा मोबाइल फोन मिलने पर आमजन बहुत खुश हुए।

## भारत में एमवे की 100 करोड़ के निवेश की योजना




**नई दिल्ली** एफएमसीजी क्षेत्र की डायरेक्ट सेलिंग कंपनी एमवे अगले तीन से पांच साल में भारत में 100 करोड़ रुपये (1.2 करोड़ डॉलर) के निवेश करने की तैयारी कर रही है। एमवे के एक प्रमुख अे धिकारी के इस सप्ताह भारत दौरे के बाद कंपनी ने इसकी घोषणा की। भारत अमेरिका और चीन के साथ एमवे के तीन वैश्विक विनिर्माण केंद्रों में शामिल है तथा कंपनी के भारतीय विनिर्माण को हाल ही में 10 साल पूरे हुए हैं।

## रेडिको खेतान का तिमाही मुनाफा 73 फीसदी बढ़ा

**नई दिल्ली** रेडिको खेतान लिमिटेड ने जुलाई-सितंबर तिमाही में मुनाफा 139.56 करोड़ रुपये दर्ज किया, जो पिछले साल इसी अवधि के 80.66 करोड़ रुपये की तुलना में 73 फीसदी अधिक है। कंपनी की परिचालन आय इस तिमाही में 5,056.72 करोड़ रुपये रही, जबकि पिछले वर्ष यह 3,906.59 करोड़ रुपये थी। इसका मतलब है कि बिक्री और अन्य आय में लगभग 29 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। कुल व्यय 4,872.75 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले साल के 3,795.84 करोड़ रुपये से अधिक है। एक अे धिकारी ने बताया कि उपभोक्ता और बाजार सहभागिता बढ़ाकर मजबूत परिचालन मुनाफा हासिल किया गया है, जो कंपनी की रणनीति की सफलता को दर्शाता है।

## सैमसंग का जुलाई-सितंबर तिमाही में परिचालन लाभ 32.5 फीसदी बढ़ा

**सियोल** सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने जुलाई-सितंबर तिमाही में परिचालन लाभ में 32.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की। कंप्यूटर मेमोरी चिप की बढ़ती मांग इसकी मुख्य वजह रही। इसके साथ ही कंपनी को उम्मीद है कि कृत्रिम मेधा (एआई) के दम पर यह मांग बढ़ती रहेगी। दक्षिण कोरियाई प्रौद्योगिकी कंपनी ने समीक्षाधीन तिमाही रिकॉर्ड राजस्व हासिल किया जो सालाना आधार पर करीब नौ प्रतिशत बढ़कर 60.4 अरब अमरीकी डॉलर हो गया। सेमीकंडक्टर उत्पादों और मोबाइल फोन की बढ़ी हुई बिक्री के दम पर यह मुमकिन हो पाया। कंपनी ने बयान में कहा कि एआई निवेश में गति से सेमीकंडक्टर बाजार के मजबूत बने रहने की उम्मीद है।

## ट्रंप ने शी चिनफिंग से मुलाकात के बाद चीन पर शुल्क कम किया

**बुसान** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि उन्होंने चीन के अपने समकक्ष शी चिनफिंग के साथ बातचीत के बाद चीनी वस्तुओं के आयात पर शुल्क दरों को घटाकर 47 प्रतिशत करने का फैसला किया है। ट्रंप ने पत्रकारों के साथ बातचीत में कहा कि उन्होंने वार्ता के बाद वर्तमान दर को 57 प्रतिशत से कम करने का निर्णय लिया है। अमेरिका के राष्ट्रपति ने बैठक से पहले शुल्क में भारी बढ़ोतरी करने की धमकी दी थी। हालांकि बैठक के बाद उन्होंने पत्रकारों से कहा कि उन्हें ऐसा करने की जरूरत नहीं पड़ी।

## दिल्ली एयरपोर्ट की क्षमता में होगी 20 फीसदी बढ़ोतरी

### 2029-30 तक 12.5 करोड़ यात्रियों को संभालने की तैयारी

**नई दिल्ली** दिल्ली का इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट (आईजीआई) जल्द ही बिना टर्मिनल 2 को तोड़े अपनी यात्री क्षमता में करीब 20 फीसदी की बढ़ोतरी करने जा रहा है। विभाग से संबें धित एक अे धिकारी के अनुसार 2029-30 तक एयरपोर्ट की क्षमता 10.5 करोड़ से बढ़कर 12.5 करोड़ यात्रियों तक पहुंच जाएगी। इसके लिए तीन प्रमुख योजनाएं तैयार हैं, टर्मिनल 3 पर नया पियर 'ई' बनाया जाएगा, जो सालाना 1 से 1.2 करोड़ अतिरिक्त यात्रियों को संभालेगा; टर्मिनल 1 पर भीड़ कम करने के उपाय होंगे; और अतिरिक्त एयरक्राफ्ट पार्किंग स्टैंड्स जोड़े जाएंगे। फिलहाल टी3 में चार पियर्स हैं, जिनमें से एक घरेलू पियर को इंटरनेशनल में बदला जा रहा है। 1986 में बना टर्मिनल 2 फिलहाल रिटायर नहीं होगा और मरम्मत के बाद दोबारा संचालन में है। नया टर्मिनल तभी बनेगा जब यात्री ट्रैफिक मौजूदा क्षमता के 80 फीसदी से अधिक पहुंच जाएगा।

# अगला बजट आने में तीन म हीने, सरकार ने शुरू की तैयारियां

## 50 लाख तक कमाई पर कम होगा इनकम टैक्स!

**नई दिल्ली**

अगला बजट पेश होने में बस तीन महीने शेष हैं। सरकार ने इसकी तैयारियां शुरू कर दी हैं। इस बीच उद्योग संगठन पीएचडी चैंबर्स ऑफ कॉमर्स ने सरकार से गुहार लगाई है कि आम आदमी को इनकम टैक्स में और राहत दी जानी चाहिए। उद्योग संगठन ने कहा है कि सालाना 50 लाख रुपये तक कमाई करने वाले ेयक्तिगत करदाताओं को टैक्े स की दरों में राहत दी जानी चाहिए। सरकार ने अगर उद्योग संगठन की बातों पर गौर किया तो सालाना 50 लाख रुपये तक की कमाई टैक्े स फ्री हो सकती है। उद्योग संगठन ने अपील की है कि नए टैक्े स रिजीम के तहत लगने वाले 30 फीसदी दर को बढ़ाकर 50 लाख से ऊपर की कमाई पर लागू किया जाए। अभी नए रिजीम में सालाना 24 लाख रुपये से ज्े यादा कमाई वाले करदाता पर 30 फीसदी का स्लैब लगाया जाता है। उद्योग संगठन ने अपनी सिफारिश राजस्व सचिव अरविंद श्रीवास्े तव को सौंप दी है। साथ ही अप्रत्यक्ष कर में भी कुछ बदलाव करने का सुझाव दिया है। वित्े तमंत्री निर्मला सीतारमण अगले साल 1 फरवरी को बजट पेश करेंगी। इससे पहले पीएचडी चैंबर्स ऑफ कॉमर्स ने व्यक्तिगत करदाताओं के साथ कॉरपोरेट टैक्स को भी 25 फीसदी से नीचे लाने की सिफारिश की है। पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स ने कहा है कि देश में मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए इनकम टैक्स की धारा 115 बीएबी में बदलाव करना चाहिए और नई इकाइयों को टैक्े स में राहत देना चाहिए। इन पर शुरुआती इनकम टैक्े स 15 फीसदी से ज्यादा नहीं होना



चाहिए। इस पर सरचार्ज लगाया जा सकता है। सरकार ने यह टैक्े स रेट सितंबर, 2019 में लागू किया था, जिसे बढ़ाकर 31 मार्च, 2024 तक कर दिया था, लेकिन इस टैक्े स रेट को आगे भी लागू रखना चाहिए। इससे विदेशी कंपनियों को भारत में मैन्युफैक्चरिंग करने के लिए काफी प्रोत्साहन मिलेगा।

## भारत 2025-26 में ले सकता है चीनी निर्यात पर निर्णय



**नई दिल्ली** केंद्रीय खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने कहा कि 2024-25 में इथेनॉल उत्पादन के लिए 34 लाख टन चीनी का उपयोग हुआ, जो अनुमानित 45 लाख टन से कम है। 2025-26 विपणन वर्ष के लिए शुरुआती स्टॉक अधिक है और घरेलू मांग 2.85 करोड़ टन के मुकाबले उत्पादन 3.4 करोड़ टन होने की उम्मीद है। मंत्रियों की समिति अगले सप्ताह बैठक कर सकती है। सरकार उद्योग को लंबा समय देकर निर्यात योजना बनाने में मदद करना चाहेगी। पिछले विपणन वर्ष में 10 लाख टन आवंटन में से 8 लाख टन का निर्यात हुआ। शीरे से इथेनॉल उत्पादन पर प्रतिबंध हटा दिए गए हैं। इससे मिलें आसानी से इथेनॉल बना सकती हैं। वर्तमान में अंतरराष्ट्रीय रिफाइंड चीनी की कीमतें 3,829 प्रे ति क्विंटल हैं, जबकि घरेलू एक्स-मिल कीमत 3,885 प्रति क्विंटल है।

## एलआईसी ने टाटा कंज्यूमर और डाबर में बढ़ाई हिस्सेदारी

### एफएमसीजी सेक्टर में निवेश बढ़ाने की रणनीति

**मुंबई** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने देश की दो प्रमुख एफएमसीजी कंपनियों टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स और डाबर इंडिया में अपनी हिस्सेदारी बढ़ा ली है। यह कदम उपभोक्ता वस्तुओं के तेजी से बढ़ते बाजार में एलआईसी की निवेश रणनीति को और मजबूत करता है। एलआईसी ने टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स में अपनी हिस्सेदारी 6.633 फीसदी से बढ़ाकर 8.645 फीसदी कर दी है। कंपनी ने 11 जुलाई से 23 अक्टूबर 2025 के बीच लगभग 1.99 करोड़ शेयर खरीदे। वहीं डाबर इंडिया में हिस्सेदारी 4.918 फीसदी से बढ़ाकर 6.985 फीसदी की गई है, जिसके तहत एलआईसी ने 3.66 करोड़ से अधिक शेयर खरीदे। दोनों निवेश लगभग दो प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाते हैं। सरकार द्वारा पारंपरिक जीवन बीमा योजनाओं पर जीएसटी हटाने के बाद एलआईसी को निवेशकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली। पहले ही दिन कंपनी को 1,100 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश फ्लो प्राप्त हुआ। वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में एलआईसी ने 10,957 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया, जो पिछले साल की तुलना में 3.91 फीसदी अधिक है। यह एलआईसी की बढ़ती वित्तीय मजबूती और लंबी अवधि की निवेश नीति का प्रमाण है।

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

## सेंसेक्स 592, निफ्टी 176 अंक गिरा

**मुंबई**




भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को गिरावट पर बंद हुआ। बाजार में ये गिरावट अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ब्याज दरों में कटौती के बाद दुनियाभर के बाजारों से मिले मिले-जुले संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी होने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 592.67 अंक नीचे आकर 84,404.46 और 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 176.05 अंक टूटकर 25,877.85 पर बंद हुआ लार्जकैप की जगह मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में मिलाजुला कारोबार हुआ। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 52.80 अंक नीचे आकर 60,096.25 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 17.85 अंक गिरकर 18,469.70 पर था। आज ऑटो, आईटी, पीएसयू बैंक,फाइनेंशियल सर्विसेज, फार्मा, एफएमसीजी, मेटल, मीडिया, प्राइवेट बैंक, इन्फ्रा, कमोडिटी और सर्विसेज के शेयर गिरावट पर रहे जबकि रियल्टी और एनर्जी शेयरों में तेजी रही।

सेंसेक्स पैक में बीईएल, अल्ट्राटेक सीमेंट, मारुति सुजुकी, अदाणी पोर्ट्स,टाइटन और टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल सबसे अधिक लाभ में रहे । वहीं भारती एयरटेल, पावर ग्रिड, टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस, एमएंडएम, एचडीएफसी बैंक, बजाज फिनसर्व, एचयूएल, के शेयर नुकसान में रहे।

इससे पहले आज सुबह सेंसेक्स और निफ्टी दोनों हल्की गिरावट के साथ खुले। सेंसेक्स 84,750.90 अंकों पर खुला, जो पिछले बंद स्तर से 0.29 फीसदी नीचे है।

वहीं निफ्टी 50 ने 25,984.40 पर शुरुआत की, जो इसके पिछले बंद 26,053.90 से कम है। इसी तरह निफ्टी बैंक भी कमजोर खुला और 58,152.05 पर कारोबार शुरू किया, जबकि बुधवार को यह 58,385.25 पर बंद हुआ था।

ब्रॉडर मार्केट में निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स लगभग स्थिर रहा लेकिन इसमें हल्की गिरावट दिखी। वहीं निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स मामूली बढ़त के साथ कारोबार कर रहा था।

# टैक्सपेयर्स के लिए बड़ी राहत! अब 10 दिसंबर 2025 तक कर सकेंगे फाइलिंग

## गुजरात, पंजाब-हरियाणा और हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने केंद्र को दिया था निर्देश

**नई दिल्ली**

इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने टैक्सपेयर्स को बड़ी राहत देते हुए असेसमेंट ईयर 2025-26 के लिए इनकम टैक्स रिटर्न (आईटीआर) फाइल करने की आखिरी तारीख बढ़ा दी है। विभाग ने 29 अक्टूबर 2025 को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जानकारी साझा करते हुए बताया कि सेंट्रल बोर्ड ऑफ डायरेक्ट टैक्सेज (सीबीडीटी) ने ऑडिट केसों में आईटीआर फाइल करने की पुरानी डेडलाइन 31 अक्टूबर 2025 से बढ़ाकर अब 10 दिसंबर 2025 कर दी है। यह निर्णय देशभर के लाखों टैक्सपेयर्स और प्रोफेशनल्स के लिए राहत लेकर आया है, जिन्हें समय की कमी के चलते परेशानी हो रही थी। सीबीडीटी ने यह फैसला टैक्सपेयर्स की मुश्किलों और अदालतों के निर्देशों को ध्यान में रखते हुए लिया है। गुजरात, पंजाब-हरियाणा और हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने केंद्र को निर्देश दिया था कि टैक्स ऑडिट रिपोर्ट और आईटीआर फाइलिंग के बीच कम से कम एक महीने का अंतर होना चाहिए। इसी के अनुरूप अब नई डेडलाइन तय की गई है। जिन व्यवसायों का सालाना टर्नओवर 1 करोड़ से अधिक है या 10 करोड़ तक है और कैश ट्रांजैक्शन 5 फीसदी से कम हैं, उन्हें टैक्स ऑडिट कराना जरूरी है। वहीं डॉक्टर, वकील जैसे प्रोफेशनल्स जिनकी सालाना ग्रॉस रिसीट्स 50 लाख से ऊपर हैं, उन्हें भी ऑडिट करवाना होता है। यदि कोई टैक्सपेयर समय पर




ऑडिट रिपोर्ट या आईटीआर जमा नहीं करता, तो धारा 271बी के तहत कुल टर्नओवर का 0.5 फीसदी या अधिकतम 1.5 लाख रुपए तक पेनल्टी लग सकती है। हालांकि, देरी का उचित कारण होने पर राहत भी मिल सकती है।

## अदाणी एयरपोर्ट्स में एआईओएनओएस के साथ नई कृत्रिम मेधा सेवा की शुरुआत

### इंटेलिजेंस कंसीयज यात्रियों को बहुभाषी और व्यक्तिगत अनुभव प्रदान करेगा




**नई दिल्ली** अदाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड (एएएचएल) ने इंटरग्लोब एंटरप्राइजेज की इकाई एआईओएनओएस के साथ सहयोग किया है, ताकि हवाई अड्डों पर यात्रियों के अनुभव को और व्यक्तिगत बनाया जा सके। इस साझेदारी के तहत एएएचएल सात हवाई अड्डों पर 'इंटेलिजेंस कंसीयज' नामक एआई-संचालित सेवा लागू करेगा। यह प्रणाली चौबीसों घंटे यात्रियों को उड़ान जानकारी, गेट और सामान की स्थिति, दिशा-निर्देश और हवाई अड्डे की अन्य सुविधाओं के बारे में बहुभाषी जानकारी प्रदान करेगी। अंग्रेजी और हिंदी के अलावा अन्य भाषाओं में भी सेवाएं उपलब्ध होंगी। एएएचएल के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने कहा कि यह नई एआई सेवा यात्रियों का अनुभव बदल देगी। कंपनी जल्द ही नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का संचालन भी शुरू करने वाली है, जिससे यात्रियों को और सुविधाजनक और स्मार्ट सेवाएं मिल सकेंगी।

# अल्फाबेट का रेवेन्यू सितंबर तिमाही में 100 बिलियन डॉलर के पार

## कंपनी के परफॉर्मेंस को लेकर एआई रहा मददगार

**नई दिल्ली**

गूगल और अल्फाबेट के सीईओ सुंदर पिचाई ने सितंबर तिमाही के लिए घोषणा करते हुए इसे माइलस्टोन तिमाही बताया है, जिसमें कंपनी ने अपना पहला 100 अरब डॉलर का रेवेन्यू हासिल किया। कंपनी का यह सकारात्मक प्रदर्शन सर्च, क्लाउड और यूट्यूब सभी वर्टिकल्स में मजबूत डबल-डिजिट ग्रोथ के साथ देखा गया है। 2025 की तीसरी तिमाही के लिए अल्फाबेट की अर्निंग कॉल के दौरान पिचाई ने जानकारी दी कि जेमिनी ऐप पर मंथली यूजर्स की संख्या 650 मिलियन से भी अधिक हो गई है। इसी के साथ, दूसरी तिमाही के बाद से क्वेरीज को लेकर भी तीन गुना वृद्धि दर्ज की गई है। क्लाउड ने एआई रेवेन्यू के साथ तेज ग्रोथ वाली एक शानदार तिमाही दर्ज की, जिसमें क्लाउड बैकलॉग पिछली तिमाही के मुकाबले 46 प्रतिशत बढ़कर 155 बिलियन डॉलर हो गया। पिचाई ने कहा, हमने गूगल वन और यूट्यूब प्रीमियम में ग्रोथ के कारण पेड सब्सक्रिप्शन में 300 मिलियन डॉलर का आंकड़ा पार कर लिया है। उन्होंने कहा कि बीती तिमाही में हमने एआई मोड को 40 भाषाओं के साथ रिकॉर्ड टाइम में रोल आउट किया, जिसके अब 75 मिलियन डेली एक्टिव यूजर्स हो चुके हैं। इसके अलावा, कंपनी ने प्रोडक्ट को लेकर 100 से ज्यादा सुधार किए हैं। एआई मोड पहले से ही कंपनी के सर्च वर्टिकल के लिए क्वेरी ग्रोथ को बढ़ा रहा है। गूगल के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट और चीफ बिजनेस ऑफिसर फिलिप शिंडलर ने तिमाही अर्निंग्स कॉल में कहा कि गूगल सर्विसेज का रेवेन्यू सितंबर तिमाही में 87 बिलियन डॉलर रहा, जो पिछले वर्ष की तुलना में 14 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। यह बढ़ोतरी कंपनी के सर्च और यूट्यूब में तेज ग्रोथ के कारण दर्ज की गई। गूगल सर्च में 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी सभी प्रमुख वर्टिकल्स में मजबूत बढ़त के साथ दर्ज की गई, जिसमें



रिटेल और फाइनेंशियल सर्विसेज का महत्वपूर्ण योगदान रहा। यूट्यूब ने भी सभी वर्टिकल्स में इसी तरह का प्रदर्शन दर्ज करवाया, जिसमें ऐड रेवेन्यू में 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई। उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि एआई ओवरव्यू और एआई मोड को लेकर गूगल के निवेश से कुल क्वेरीज में वृद्धि को बढ़ावा दिया, जिसमें कमर्शियल क्वेरीज भी शामिल रही।

# एन विडिया का मार्केट कैप 5 ट्रिलियन डॉलर के पार

## कंपनी दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं से भी आगे निकली

**मुंबई**

चिप और एआई क्षेत्र की दिग्गज कंपनी एने विडिया ने इतिहास रचते हुए अपनी मार्केट कैप 5 ट्रिलियन डॉलर तक पहुँचाई है। यह वैल्यूएशन दुनिया के लगभग 190 देशों की जीडीपी से भी अधिक है। फिलहाल केवल अमेरिका (30.4 ट्रिलियन डॉलर) और चीन (19.3 ट्रिलियन डॉलर) की अर्थव्यवस्था एने विडिया से बड़ी है। भारत ने अपनी जीडीपी को 5 ट्रिलियन डॉलर तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा है। इस तुलना में एने विडिया का मार्केट कैप ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी और जापान जैसी बड़ी अर्थव्यवस्थाओं से भी अधिक है। किसी कंपनी का मार्केट कैप उसके शेयरों की कुल बाजार वैल्यू होती है, न कि उसके पास मौजूद नकदी। एने विडिया के पास नकद के रूप में लगभग 4.19 लाख करोड़ रुपए हैं, जो मार्केट कैप का सिर्फ एक छोटा हिस्सा है। किसी देश की जीडीपी साल भर में कुल उत्पादन और सेवाओं का मूल्य होती है, जबकि संपत्ति में जमीन, उद्योग और प्राकृतिक संसाधन शामिल हैं। ये बेचे नहीं जा सकते। एनविडिया या कोई भी कंपनी किसी देश को खरीद नहीं सकती, लेकिन निवेश कर सकती है, जैसे उद्योग लगाना, रोजगार




देना और नई तकनीक लाना। अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत किसी संप्रभु देश का मालिकाना हक हासिल करना असंभव है।

# वीवो का नया एक्स300 सीरिज स्मार्टफोन 30 को होगा लांच



**नई दिल्ली**

चाइनीज कंपनी वीवो अपने नए एक्स300 सीरिज स्मार्टफोन को 30 अक्टूबर को ग्लोबली लॉन्च करने जा रहा है। इसमें दो मॉडल शामिल हैं वीवो एक्स300 और वीवो एक्स300 प्रो । यह दोनों ही स्मार्टफोन मीडियाटेक डाइमेंसिटी 9500 प्रोसेसर से लैस हैं और चार-चार कलर विकल्पों में उपलब्ध होंगे। जानकारी के अनुसार, स्टैंडर्ड एक्स300 हेलो पिंक, आइरिस पर्पल, मिस्ट ब्लू और फैंटम ब्लैक रंग में आएगा, जबकि एक्स300 प्रो मिस्ट ब्लू, फैंटम ब्लैक, क्लाउड व्हाइट और ड्यून ब्राउन में उपलब्ध होगा। ग्लोबल वेरिएंट में दोनों फोन 16जीबी तक रैम और 512जीबी स्टोरेज के विकल्प के साथ आएंगे। अलग-अलग देशों में कलर ऑप्शन्स अलग होंगे, जैसे ऑस्ट्रेलिया में एक्स300 प्रो केवल फैंटम ब्लैक और ड्यून ब्राउन में मिलेगा, जबकि एक्स300 केवल रेड कलर में उपलब्ध होगा। बैटरी और चार्जिंग के मामले में भी दोनों डिवाइस शक्तिशाली हैं। एक्स300 प्रो में 6,510एमएएच और एक्स300 में 6,040 एमएएच की बैटरी है, जो 90वॉट वायर्ड और 40वॉट वायरलेस चार्जिंग सपोर्ट करती है।

प्रो वर्जन में 6.78 इंच का 1.5के बीओई क्यू10 प्लस एलटीपीओ ओलेड डिस्प्ले है, 120एचझेड रिफ्रेश रेट और सर्कुलर पोलराइजेशन 2.0 फीचर के साथ।

दोनों फोन मीडियाटेक डाइमेंसिटी 9500 चिपसेट, एलपीडीडीआर5एक्स रैम, यूएफएस 4.1 स्टोरेज और एंड्रॉयड 16 आधारित ओरिजनओएस 6 पर चलते हैं। कैमरा की बात करें तो एक्स 300 प्रो में झेसिस ट्यून्ड ट्रिपल रियर कैमरा है, जिसमें ओआईएस के साथ 50एमपी का सोनी एलवायटी-828 मेन सेंसर, 50एमपी का सैमसंग जेएन1 अल्ट्रावाइड लेंस और 200एमपी पेरिस्कोप टेलीफोटो लेंस शामिल है।

# एसयूवी बनी भारतीयों की पहली पसंद

**नई दिल्ली**



बीते पांच सालों में एसयूवी ग्राहकों की पहली पसंद बन चुकी हैं, जबकि हैचबैक मॉडलों की बिक्री में लगातार गिरावट दर्ज की गई है। ताजा रिपोर्ट के अनुसार, ऑटो कंपनियां अब इस बदलते ट्रेंड को भुनाने में जुटी हैं और लेटेस्ट फीचर्स से लैस अधिक से अधिक एसयूवी मॉडल पेश कर रही हैं। रिसर्च की रिपोर्ट 'प्रीमियमाइजेशनः इंडियाज नेक्स्ट कंजम्पशन वेव' के अनुसार, पिछले पांच वर्षों में हैचबैक सेगमेंट की बिक्री में गिरावट आई है, वहीं एसयूवी ने घरेलू बाजार में अपनी मजबूत पकड़ बना ली है। अब देश में बिकने वाली लगभग हर दूसरी पैसेंजर गाड़ी एसयूवी है, जो ऑटो उद्योग के प्रीमियमाइजेशन की ओर बढ़ने का संकेत है। रिपोर्ट में बताया गया है कि एफवाय 2018-19 से एफवाय 2023-24 के बीच हैचबैक की गिरती बिक्री की भरपाई एंट्री-लेवल और प्रीमियम एसयूवी की बढ़ती डिमांड ने की है। महिंद्रा ग्रुप के एमडी और सीईओ डॉ. अनीश शाह ने कहा, महिंद्रा एंड महिंद्रा ने सेडान, हैचबैक और छोटी एसयूवी नहीं बनाने का फैसला किया है। वहीं टाटा मोटर्स के एमडी शैलेश चंद्र ने बताया कि एसयूवी सेगमेंट में कंपनी की ग्रोथ इंडस्ट्री औसत से काफी अधिक है, जिसका श्रेय अपग्रेड करने वाले और पहली बार खरीदने वाले ग्राहकों को जाता है।

आंकड़ों के मुताबिक, 2024 में एसयूवी सेगमेंट में 23प्रतिशत की ग्रोथ दर्ज की गई, जबकि हैचबैक की बिक्री में 17प्रतिशत की गिरावट आई। वर्तमान में भारत में पैसेंजर गाड़ियों की कुल बिक्री में एसयूवी का मार्केट शेयर 52प्रतिशत हो गया है, जबकि हैचबैक का हिस्सा घटकर 26प्रतिशत रह गया है जो लगभग दो दशकों में सबसे कम है। मारुति सुजुकी के चेयरमैन आर.सी. भार्गव के मुताबिक, भारत अब छोटी कारों से अपर-सेगमेंट की ओर बढ़ रहा है। उद्योग विशेषज्ञों का मानना है कि आने वाले वर्षों में स्कूह्य की बिक्री में और अधिक तेजी देखने को मिलेगी। जहां कभी लोग हैचबैक और एंट्री-लेवल कारों को प्राथमिकता देते थे, वहीं अब खरीदारों का झुकाव तेजी से एसयूवी की ओर बढ़ गया है।

# राष्ट्रीय एकता के बेजोड़ शिल्पी थे सरदार पटेल



रमेश सर्राफ धमोरा

**महात्मा गांधी ने सरदार वल्लभभाई पटेल को सरदार की उपाधि दी थी। उन्हें भारत के बिस्मार्क के रूप में भी जाना जाता है क्योंकि उन्होंने भारत को एकजुट करने में एक प्रमुख भूमिका निभाई थी। भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन को वैचारिक एवं क्रियात्मक रूप में एक नई दिशा देने के कारण सरदार पटेल ने राजनीतिक इतिहास में एक गौरवपूर्ण स्थान प्राप्त किया। उनके कठोर व्यक्तित्व में संगठन कुशलता, राजनीति सत्ता तथा राष्ट्रीय एकता के प्रति अटूट निष्ठा थी। भारत के स्वतंत्रता संग्राम मे उनका महत्वपूर्ण योगदान था।**

सरदार वल्लभभाई पटेल स्वतंत्रता सेनानी और राजनेता थे जो भारत के पहले उप-प्रधानमंत्री और गृह मंत्री बने। उन्होंने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और स्वतंत्र भारत में सभी रियासतों के एकीकरण में महत्वपूर्ण योगदान दिया। जिसके लिए उन्हें लौह पुरुष भी कहा जाता है। सरदार वल्लभभाई पटेल ने भारतीय नागरिक सेवाओं आईसीएस का भारतीयकरण कर इन्हें भारतीय प्रशासनिक सेवाएं आईएएस बनाया। अंग्रेजों की सेवा करने वालों में विश्वास भरकर उन्हें देशभक्ति की ओर मोड़ा।

स्वतंत्र भारत के पहले तीन वर्ष सरदार पटेल देश के प्रथम उप-प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, सूचना प्रसारण मंत्री रहे। पटेल ने भारतीय संघ में उन रियासतों का विलय किया जो स्वयं में सम्प्रभुता प्राप्त थीं। उनका अलग झंडा और अलग शासक था। सरदार पटेल ने आजादी के पूर्व ही देशी राज्यों को भारत में मिलाने के लिये कार्य आरम्भ कर दिया था। सरदार पटेल के प्रयास से 15 अगस्त 1947 तक हैदराबाद, कश्मीर और जूनागढ़ को छोडकर शेष भारतीय रियासतें भारत संघ में सम्मिलित हो चुकी थी।

महात्मा गांधी ने सरदार वल्लभभाई पटेल को सरदार की उपाधि दी थी। उन्हें भारत के बिस्मार्क के रूप में भी जाना जाता है क्योंकि उन्होंने भारत को एकजुट करने में एक प्रमुख भूमिका निभाई थी। भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन को वैचारिक एवं क्रियात्मक रूप में एक नई दिशा देने के कारण सरदार पटेल ने राजनीतिक इतिहास में एक गौरवपूर्ण स्थान प्राप्त किया। उनके कठोर व्यक्तित्व में संगठन कुशलता, राजनीति सत्ता तथा राष्ट्रीय एकता के प्रति अटूट निष्ठा थी। भारत के स्वतंत्रता संग्राम मे उनका महत्वपूर्ण योगदान था।

सरदार वल्लभ भाई पटेल का जन्म 31 अक्टूबर 1875 में गुजरात के नाडियाड में लेवा पट्टीदार जाति के एक जमींदार परिवार में हुआ था। वे अपने पिता झवेरभाई पटेल एवं माता लाड़बाई की चौथी संतान थे। सरदार पटेल ने करमसद में प्राथमिक विद्यालय और पेटलाद स्थित उच्च विद्यालय में शिक्षा प्राप्त की थी। लेकिन उन्होंने अधिकांश ज्ञान स्वाध्याय से ही अर्जित किया। 16 वर्ष की आयु में उनका विवाह हो गया। 22 साल की उम्र में उन्होंने मैट्रिक की परीक्षा पास की और जिला अधिवक्ता की परीक्षा में उत्तीर्ण हुए। जिससे उन्हें वकालत करने की अनुमति मिली। सरदार पटेल के पांच भाई व एक बहन थी। 1908 में पटेल की पत्नी की मृत्यु हो गई। उस समय उनके एक पुत्र और एक पुत्री थी। इसके बाद उन्होंने विधुर जीवन व्यतीत किया। वकालत के पेशे में तरक्की करने के लिए कृतसंकल्प पटेल ने अध्ययन के लिए अगस्त 1910 में लंदन की यात्रा की।



सरदार पटेल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष पद के तीन बार उम्मीदवार बने मगर तीनो ही बार महात्मा गांधी ने हस्तक्षेप कर पण्डित जवाहरलाल नेहरू को कांग्रेस का अध्यक्ष बनवा दिया था। 1930 में नमक सत्याग्रह के दौरान पटेल को तीन महीने की जेल हुई। मार्च 1931 में उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के करांची अधिवेशन की अध्यक्षता की। जनवरी 1932 में उन्हें फिर गिरफ्तार कर लिया गया। जुलाई 1934 में वह रिहा हुए और 1937 के चुनावों में उन्होंने कांग्रेस पार्टी के संगठन को व्यवस्थित किया।

अक्टूबर 1940 में कांग्रेस के अन्य नेताओं के साथ पटेल भी गिरफ्तार हुए और अगस्त 1941 में रिहा हुए। 1945-1946 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष पद के लिए सरदार पटेल प्रमुख उम्मीदवार थे। लेकिन महात्मा गांधी ने हस्तक्षेप करके जवाहरलाल नेहरू को अध्यक्ष बनवा दिया। कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में नेहरू को ब्रिटिश वाइसरॉय ने अंतरिम सरकार के गठन के लिए आमंत्रित किया। इस प्रकार यदि घटनाक्रम सामान्य रहता तो सरदार पटेल भारत के पहले प्रधानमंत्री होते।

गृहमंत्री बनने के बाद भारतीय रियासतों के विलय की जिम्मेदारी सरदार पटेल को ही सौंपी गई थी। उन्होंने अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए562 छोटी-बड़ी रियासतों का भारतीय संघ में विलीनीकरण करके भारतीय एकता का निर्माण किया। विश्व के इतिहास में एक भी व्यक्ति ऐसा नहीं हुआ जिसने इतनी बड़ी संख्या में राज्यों का एकीकरण करने का साहस किया हो।देशी रियासतों का विलय स्वतंत्र भारत की पहली उपलब्धि थी और निर्विवाद रूप से पटेल का इसमें विशेष योगदान था। नीतिगत दृढ़ता के लिए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने उन्हें सरदार और लौह पुरुष की उपाधि दी थी। वल्लभ भाई पटेल ने आजाद भारत को एक विशाल राष्ट्र बनाने में उल्लेखनीय योगदान दिया।

जूनागढ़ के नवाब के विरुद्ध जब वहां की प्रजा ने विरोध कर दिया तो वह भागकर पाकिस्तान चला गया और इस प्रकार जूनागढ भी भारत में मिला लिया गया। जब हैदराबाद के निजाम ने भारत में विलय का प्रस्ताव अस्वीकार कर दिया तो सरदार पटेल ने वहां सेना भेजकर निजाम का आत्मसमर्पण करा लिया। निःसंदेह सरदार पटेल द्वारा 562 रियासतों का एकीकरण विश्व इतिहास का एक आश्चर्य था। भारत की यह रक्तहीन क्रांति थी।

लक्षद्वीप समूह को भारत में मिलाने में भी पटेल की महत्त्वपूर्ण भूमिका थी। इस क्षेत्र के लोग देश की मुख्यधारा से कटे हुए थे और उन्हें भारत की आजादी की जानकारी 15 अगस्त 1947 के कई दिनों बाद मिली। हालांकि यह क्षेत्र पाकिस्तान के नजदीक नहीं था लेकिन पटेल को लगता था कि इस पर पाकिस्तान दावा कर सकता है। इसलिए ऐसी किसी भी स्थिति को टालने के लिए पटेल ने लक्षद्वीप में राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए भारतीय नौसेना का एक जहाज भेजा। इसके कुछ घंटे बाद ही पाकिस्तानी नौसेना के जहाज लक्षद्वीप के पास मंडराते देखे गए। लेकिन वहां भारत का झंडा लहराते देख उन्हें वापस लौटना पड़ा।

जब चीन के प्रधानमंत्री चाऊ एन लाई ने जवाहरलाल नेहरू को पत्र लिखा कि वे तिब्बत को चीन का अंग मान लें तो पटेल ने नेहरू से आग्रह किया कि वे तिब्बत पर चीन का प्रभुत्व कतई न स्वीकारें अन्यथा चीन भारत के लिए खतरनाक सिद्ध होगा। जवाहरलाल नेहरू नहीं माने बस इसी भूल के कारण हमें चीन से पिटना पड़ा और चीन ने हमारी सीमा की भूमि पर कब्जा कर लिया। सरदार पटेल के ऐतिहासिक कार्यों में सोमनाथ मंदिर का पुनर्निमाण, गांधी स्मारक निधि की स्थापना, कमला नेहरू अस्पताल की रूपरेखा आदि कार्य शामिल हैं।

सरदार पटेल का निधन 15 दिसम्बर 1950 को मुम्बई में हुआ था। सरदार पटेल को उनकी मृत्यु के 41 साल बाद 1991 में मरणोपरांत भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न दिया गया जो उन्हे बहुत पहले मिलना चाहिये था। वर्ष 2014 में केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयन्ती (31 अक्टूबर) को देश भर में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाना शुरू कर उनको सम्मनित किया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कुछ वर्ष पूर्व गुजरात के नर्मदा जिले में सरदार पटेल के स्मारक का उद्घाटन किया था। इसका नाम एकता की मूर्ति (स्टैच्यू ऑफ यूनिटी) रखा गया है। यह मूर्ति स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी से दुगनी ऊंचाई 182 मीटर ऊंची बनाई गयी है। इस प्रतिमा को केवडिया के निकट साधुबेट नामक एक छोटे चट्टानी द्वीप में सरदार सरोवर बांध के सामने नर्मदा नदी के मध्य में स्थापित किया गया है। सरदार वल्लभ भाई पटेल की यह प्रतिमा दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा है।

सरदार पटेल की इस प्रतिमा को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि उनका व्यक्तित्व कितना विशाल था। सरदार यानि नेतृत्व करने का गुण तो उनमें जन्मजात था ही। संघर्षो में तपकर उनका मनोबल लौहे की तरह दृढ़ हो गया था। अपनी इसी इच्छा शक्ति व दृढ़ मनोबल के दम पर उन्होने देश की आजादी के बाद एक भारत बनाने का ऐसा मुश्किल काम कर दिखाया जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। भारत के राजनीतिक इतिहास में सरदार पटेल के योगदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता। देश की आजादी के संघर्ष में उन्होने जितना योगदान दिया उससे ज्यादा योगदान उन्होने स्वतंत्र भारत को एक करने में दिया। पटेल राष्ट्रीय एकता के बेजोड़ शिल्पी व नये भारत के निमार्ता थे। देश के विकास में सरदार वल्लभभाई पटेल के महत्व को सैदव याद रखा जायेगा।

## संपादकीय

### हिमाचली बंदे में है दम

मानव विकास के हर आयाम पर हिमाचल ने तरक्की के तमाम क्षेत्र चुन लिए और यही वजह है कि राष्ट्रीय सूचकांक की सतह से कहीं ऊपर ह्यहिमाचली बंदे में दम हैह्ल। भौगोलिक दुरुहता को पाटते हुए हिमाचल ने अपने नागरिकों को राष्ट्रीय पैमानों में अव्वल किया, तो यह मंजर कई सरकारों के सतत प्रयास की निशानी भी है। प्रदेश साक्षरता दर में 99.2 प्रतिशत के शिखर पर विराजमान है, तो यह स्थिति लंबे संघर्ष और सीधे मुकाम की है। गरीबी दर का घटना पहाड़ के जीवन को नई महत्त्वाकांक्षा में गूंथना है और इसीलिए अब सोचा यह जा रहा है कि घोषित रूप से हिमाचल को किसी भी प्रकार की गरीबी से सौ फीसदी मुक्त कर दिया जाए। यह इसलिए भी कि प्रति व्यक्ति आय 9.6 प्रति दर से वृद्धि करके राष्ट्रीय औसत से कहीं ऊपर 257212 रुपए तक पहुंच गई है। नवजात मृत्यु दर गिरी है, तो सामाजिक सुरक्षा के पैमानों में यह प्रदेश एक नगीना बन गया है। देश में मानव विकास की पांचवीं पायदान पर पहुंचना यूं तो श्रेष्ठता की कहानी है, लेकिन इतनी सारी उपलब्धियों के बावजूद प्रदेश की प्रगति के आईनों में कुछ जख्मों का दर्द झलकता है। राष्ट्र के कई पथ, कई आकाश और कई प्रयास अभी भी हिमाचल को छोटा करके आंकते हैं। राष्ट्रीय संस्थानों की शिनाख्त में अगर हिस्सेदारी की मैरिट बने, तो इनकी स्थापना से नजरिया बदलेगा और प्रतिस्पर्धा में अवसर सामने आएंगे। बेशक हम मानव विकास की पांचवीं पायदान पर हैं, लेकिन क्या हम राष्ट्रीय अवसर प्राप्ति में भी पांचवें हैं। हम तो सेना भर्ती के कोटे में भी इसलिए पिछड़ जाते हैं, क्योंकि देश को बड़े राज्यों की जनसंख्या का आधार पुख्ता करना है। हम मैट्रो शहरों से ऊपर मानव विकास को रूपांतरित करते हैं, लेकिन केंद्र की चिंताओं में वित्त पोषण की जागीर को हम नहीं छू पाते। एक सैंपल के लिहाज से हमारा गुणात्मक पक्ष हमें गौरवान्वित करता है, लेकिन मानव विकास के आंकड़े आर्थिक विकास में परिवर्तित नहीं होते। दरअसल यह राज्य उपभोक्तावाद के रूप में प्रति व्यक्ति खरीद फरोख्त में अव्वल हो रहा है। इसीलिए मोबाइल खरीद हो या इंटरनेट पर उतरती रील हो, हम हिमाचली राष्ट्र के तमाम आंकड़ों को डाउनलोड करके भी अपनी जेब और रोजगार के अवसरों से महरूम रहते हैं।

## चिंतन-मनन

### मरने के बाद कहां जाता है इंसान

सभी धर्मों में पुनर्जन्म की बात कही गयी है, यानी एक शरीर को छोड़ने के बाद इंसान दूसरे शरीर में प्रवेश करता है। लेकिन मृत्यु के बाद से पुनर्जन्म लेने तक जीव कहां रहती है यह एक बड़ा सवाल है। भगवान श्री कृष्ण ने भी गीता में कहा है कि आत्मा न तो जन्म लेती है और न मरती है। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर जीव के मरने के बाद आत्मा कहां जाती है। इसका उत्तर आप जरूर जानना चाहते होंगे। 18 पुराणों में से गरूड़ पुराण ही एक ऐसा पुराण है जिसमें इस प्रश्न का उत्तर दिया गया है। इस पुराण में कहा गया है कि मृत्यु के बाद जीवात्मा को शरीर से निकाल कर ले जाने के लिए दो यमदूत आते हैं। जो व्यक्ति अपने जीवन काल में अच्छे कर्म करते हैं उनकी आत्मा शरीर से आसानी से निकल जाती है। जिनका अपने शरीर से मोह नहीं जाता है और जीवन काल में अच्छे कर्म नहीं करते हैं उन्हें यमदूत जबरदस्ती खींच कर अपने साथ ले जाते हैं। शरीर से निकलने के बाद आत्मा अंगूठे के आकार का बन जाता है। यह दिखने में उसी प्रकार का होता है जैसा मृत व्यक्ति दिखने में होता है। इस आत्मा को लेकर यमदूत यमराज के पास जाते हैं। यहां उसे 24 घंटे रखा जाता है और जीवन काल में उसके द्वारा किये गये अच्छे बुरे कर्मों को दिखाया जाता है। इसके बाद आत्मा को पुनः उसी स्थान पर लाकर रख दिया जाता है जहां से यमदूत उसे लेकर जाते हैं। 13 दिनों तक इस स्थान पर रहकर आत्मा अपने शरीर का अंतिम संस्कार देखता है। इसके बाद यमदूत उसे अपने साथ लेकर पुनः यमलोक की ओर चलते हैं। इस रास्ते में आत्मा को यम की भयानक नगरी के दर्शन कराये जाते हैं। इस रास्ते में आत्मा को कई प्रकार की भयानक यतानाएं सहनी पड़ती है। एक साल तक इस रास्ते में चलते हुए जीवात्मा यमलोक पहुंचती है। यहां यमराज व्यक्ति को उसके कर्मों के अनुसार नर्क, स्वर्ग अथवा दूसरी योनियों भेजते हैं। यहीं पर तय होता है कि व्यक्ति को दूसरा जन्म कब मिलेगा। जो लोग धर्मात्मा होते हैं उन्हें यमलोक की यात्रा नहीं करनी पड़ती है। ऐसे लोगों के लिए विमान आता है जिसमें बैठकर आत्मा विष्णु लोक चली जाती है। जिन्हें विष्णु लोक में स्थान मिल जाता है उन्हें पुनः जन्म नहीं लेना पड़ता है।

# शहर जहां सौन्दर्य, संभावनाएं एवं संवेदनाएं बिछी हो



ललित गर्ग

विश्व शहर दिवस हर साल 31 अक्टूबर को मनाया जाता है। इसका उद्देश्य शहरीकरण में अंतर्राष्ट्रीय समुदाय की रुचि बढ़ाना, शहरीकरण की चुनौतियों का समाधान करने में देशों के बीच सहयोग को प्रोत्साहित करना और सतत विश्व नगर योजना को अधिक मानवीय, अपराधमुक्त एवं पर्यावरण संपोषक बनाना है। यह दिवस पहली बार 2014 में मनाया गया था। इसका उद्देश्य शहरीकरण के रुझानों, चुनौतियों और सतत शहरी विकास के दृष्टिकोण के बारे में अंतर्राष्ट्रीय जागरूकता बढ़ाना, अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देना और समतामूलक, समृद्ध, टिकाऊ और समावेशी शहरों के निर्माण के वैश्विक प्रयासों में योगदान देना है जो अपने समुदायों को बेहतर रहने का वातावरण और जीवन की गुणवत्ता प्रदान करते हैं। इस वर्ष विश्व शहर दिवस का वैश्विक आयोजन कोलंबिया के बोगोटा में 'जन-केंद्रित स्मार्ट सिटीज' थीम पर आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर यह प्रदर्शित किया जाएगा कि डेटा-आधारित निर्णय लेने, तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का उपयोग शहरी जीवन को बेहतर बनाने और वर्तमान झटकों व संकटों से उबरने के लिए कैसे किया जा सकता है। इस अवसर पर जन-केंद्रित स्मार्ट सिटी पहलों को बढ़ावा देने पर भी ध्यान केंद्रित किया जाएगा। निश्चित ही शहर उस उम्मीद का माध्यम बने, जहां सौन्दर्य एवं संवेदनाएं अनेक रूपों में बिछी हो, जहां कुछ नया और कुछ पुराना, पर सब मनमोहक हो। इस वर्ष का विषय इस बढ़ती मान्यता को दशार्ता है कि डिजिटल तकनीकों की परिवर्तनकारी शक्ति वैश्विक स्तर पर शहरी जीवन को नया रूप दे रही है और शहरों और मानव बस्तियों के डिजाइन, नियोजन, प्रबंधन और संचालन के तरीकों को बेहतर बनाने के लिए व्यापक अवसर प्रदान कर रही है। अभिनव विकास, जनोन्मुखी स्मार्ट शहर का निर्माण केन्द्रित थीम शहरी और डिजिटल दोनों तरह के बदलावों से चिह्नित इस युग में, शहर निवासियों को बेहतर सेवाएँ प्रदान करने और महत्वपूर्ण शहरी चुनौतियों और अवसरों का समाधान करने के लिए डिजिटल तकनीकी समाधानों और डेटा को तेजी से अपनाने पर बल देती हैं। 'सशक्त समुदाय, समृद्ध शहर' को बल देते हुए यह दिवस समुदायों को जागरूक, सहयोगी और आत्मनिर्भर करने की पहल है ताकि शहर वास्तव में विकसित, संस्कृतिमय और समृद्ध बन सके। आज जब पूरी दुनिया तीव्र गति से शहरीकरण की ओर बढ़ रही है, तब यह दिवस आत्ममंथन का अवसर बन गया है कि क्या हमारे शहर केवल कंक्रीट की इमारतों और चकाचौंध का विस्तार बन रहे हैं या उनमें मानवीय संवेदनाओं, संस्कृति, पर्यावरणीय संतुलन और सामाजिक समरसता का पोषण भी हो रहा है। भारत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नया भारत, विकसित भारत को विकसित करते हुए शहरीकरण का एक नया मॉडल प्रस्तुत हुआ है, जिसने शहरों के विकास को केवल भौतिक संरचनाओं तक सीमित न रखकर जीवन मूल्यों और नागरिक सहभागिता से जोड़ा है। अमृत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वस्थ भारत मिशन, स्मार्ट शहर योजना और स्वच्छ भारत अभियान जैसी योजनाओं ने शहरों के ढांचे में नई चेतना का संचार किया है। इन योजनाओं ने यह साबित किया है कि जब सरकार की नीतियों में जनता की भागीदारी और पारदर्शिता जुड़ती है तो विकास केवल आंकड़ों में नहीं, व्यवहार में भी दिखने लगता है। शहरीकरण का अर्थ केवल ऊंची इमारतें, चौड़ी सड़के और चमकदार बाजार नहीं है, बल्कि यह एक जीवंत सामाजिक प्रक्रिया है जिसमें जीवन स्तर, विचार और व्यवहार की गुणवत्ता निहित होती है। शहरों ने मनुष्य को रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और सुविधा दी है, लेकिन इसी के साथ प्रदूषण, भीड़, तनाव, अपराध, असमानता और मानवीय रिश्तों की दूरी भी दी है। हर बड़ा शहर आज सांस लेने के लिए हवा, पीने के लिए स्वच्छ पानी और जीने के लिए शांति तरस रहा है। विकास के नाम पर प्रकृति का ह्रास हो रहा है और भौतिक प्रगति के साथ मानसिक थकान बढ़ रही है। भारत के प्राचीन नगर जैसे काशी, उज्जैन, पुष्कर, मथुरा और अयोध्या केवल व्यापारिक या राजनीतिक केंद्र नहीं थे, वे संस्कृति, अध्यात्म और सह-अस्तित्व की जीवंत प्रयोगशालाएं थे। वहां नगर का अर्थ केवल रहने की जगह नहीं, जीने की कला था। आज के नगर यदि इन मूल्यों को फिर से अपनाएं तो वे केवल आधुनिक ही नहीं, मानवीय भी बन सकते हैं। पश्चिम के देशों में शहरीकरण तकनीकी दक्षता और सुविधाओं की दृष्टि से आगे है, पर वहां मानवीय ऊष्मा और आत्मीयता का अभाव है। भारत यदि अपने शहरीकरण में मानवता, पर्यावरण और संस्कृति का संगम बनाए रखे तो वह पूरी दुनिया के लिए एक आदर्श प्रस्तुत कर सकता है। शहर तब सचमुच जीवंत बनेंगे जब उनमें रहने वाले लोग पर्यावरण के प्रति संवेदनशील, सामाजिक रूप से जागरूक और मानवीय दृष्टि से समर्पित होंगे। प्रदूषण को रोकना, हरियाली बढ़ाना, स्वच्छता को जीवनचर्या बनाना, झुग्गी बस्तियों को सम्मानजनक आवास देना, जनसहभागिता और नागरिक जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करना ही वास्तविक शहरीकरण का मार्ग है। भारत के शहर आज तेजी से बदल रहे हैं। मेट्रो, ऊँची इमारतें, चौड़ी सड़कों और चमकदार मॉलों ने इनका नया चेहरा गढ़ दिया है। यह परिवर्तन विकास की चमक दिखाता है, पर इसके भीतर एक गहरी पीड़ा भी छिपी है, कहीं न कहीं शहरों की आत्मा, उनकी पहचान, उनकी गर्माहट खोती जा रही है। जो गलियां कभी अपनत्व और रिश्तों की खुशबू से महकती थीं, वे अब भागदौड़, भीड़ और उदासीनता का प्रतीक बन गई हैं। स्वतंत्रता के बाद भारत ने आधुनिकता की दिशा में तेजी से कदम बढ़ाए, पर इस भौतिक विकास की दौड़ में मानवीय संवेदनाएं और सामाजिक संबंध पीछे छूट गए। शहरों का विस्तार अब मनुष्य की जरूरतों के बजाय बाजार की मांगों के अनुसार हो रहा है। नई कॉलोनियाँ और ऊँची इमारतें पुराने मोहल्लों की जगह ले रही हैं, पर उनके भीतर वह आत्मीयता एवं संवेदनशीलता नहीं जो कभी लोगों के दिलों को जोड़ती थी।

# इस वर्ष नोबेल पुरस्कार प्राप्त सृजनात्मक विनाश के सिद्धांत की जड़ें हिंदू सनातन संस्कृति में हैं



प्रहलाद सबनानी

हिंदू सनातन संस्कृति से सम्बंधित वेदों, पुराणों एवं धार्मिक ग्रंथों में यह वर्णन मिलता है कि मानव जीवन की प्राप्ति, 84 लाख योनियों के चक्र के पश्चात प्राप्त होती है। साथ ही, यह भी माना जाता है कि मानव जीवन की प्राप्ति पिछले जन्मों में किए गए कर्मों को भोगने, भविष्य का निर्माण करने एवं 84 लाख योनियों के चक्र से बाहर निकलकर मोक्ष की प्राप्ति करने के लक्ष्य को हासिल करने के अवसर के रूप में मिलती है। अब, यह इस मानव जीवन में किए गए कर्मों पर निर्भर करता है कि हमें मोक्ष की प्राप्ति होगी अथवा 84 लाख योनियों के चक्र में एक बार पुनः फंसे रहेंगे। यदि हम अपने कर्मों को लगातार धमार्नुसार करते हैं तो मोक्ष की प्राप्ति सम्भव है। इसी आधार पर ही यह कहा भी जाता है कि मोक्ष प्राप्ति के उद्देश्य से ही देवता भी मानव जीवन को प्राप्त करने की कामना करते हैं।

मोक्ष प्राप्ति के उद्देश्य से मिले इस मानव जीवन को संवारने की दृष्टि से विद्वान संत महात्मा उपदेश देते हैं कि काम एवं अर्थ से सम्बंधित की जाने वाली गतिविधियों को धर्म आधारित होना चाहिए ताकि अंत में मोक्ष की प्राप्ति सम्भव हो सके। अतः काम एवं अर्थ को धर्म एवं मोक्ष के बीच स्थान दिया गया है। धर्म का आशय यहां प्रभु परमात्मा की भक्ति अथवा पंथ (रिलीजन) से कतई नहीं हैं बल्कि धर्म से आश्य यह है कि किसी भी प्रकार के कार्य को सम्पन्न करने में इस बात का ध्यान रखा जाना चाहिए कि किए जाने वाले कार्य से किसी भी जीव जंतु अथवा मानव की हानि नहीं हो इसके ठीक विपरीत हमारे द्वारा किए जाने वाले कार्यों से समाजजनों की भलाई हो। अर्थात, निर्धारित नियमों का अनुपलान करते हुए व्यक्तिगत एवं सामाजिक कार्यों को सम्पन्न करना ही हमारा धर्म है और यदि हम लगातार धर्म के अनुसार कार्य करते रहेंगे तो मोक्ष की प्राप्ति सम्भव हो सकेगी। इस प्रकार, हिंदू सनातन संस्कृति के अनुसार पुनर्जन्म में विश्वास किया जाता है। किसी भी प्राणी का अहित करना तो दूर, बल्कि इसके बारे में कभी सोचा भी नहीं जाता है। समस्त जीवों में प्रभु परमात्मा का वास माना जाता है और सभी जीवों में एक ही आत्मा का निवास मानकर आपस में एकाकार माना जाता है। 'वसुधैव कुटुम्बकम', 'सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय' 'सर्वे भवंतु सुखिनः' की भावना का जन्म भी उक्त सिद्धांत के आधार पर ही हुआ है। प्रभु परमात्मा द्वारा निर्धारित की गई उम्र को प्राप्त करने के पश्चात इस जीव को अपना मानुष चोला त्यागकर, इस जीवन में किए गए कर्मों के आधार पर नयी योनि में जन्म लेना होता है और इसे ही सृजनात्मक विनाश की संज्ञा दी जा सकती है।

हाल ही में, वर्ष 2025 के लिए अर्थशास्त्र विषय में नोबेल पुरस्कार की घोषणा की गई है। इस वर्ष यह पुरस्कार श्री जोएल मोक्यर, फिलिप एगियन और श्री पीटर हाविट को 'सृजनात्मक विनाश (क्रीएटिव डेस्ट्रक्शन)' एवं 'नवाचार संचालित आर्थिक संवृद्धि की व्याख्या' विषय पर शोद्ध करने के लिए संयुक्त रूप से दिया गया है।

श्री फिलिप एगियन और पीटर हाविट ने सृजनात्मक विनाश के माध्यम से सतत संवृद्धि के सिद्धांत साझा किए हैं। आपने सृजनात्मक विनाश की व्याख्या करने के लिए एक गणितीय मॉडल तैयार किया है। सृजनात्मक विनाश के अनुसार, जब बाजार में नए और बेहतर उत्पाद आते हैं, तो पुराने उत्पाद बेचने वाली कम्पनियां अपनी प्रतिस्पर्धात्मकता खो देती हैं या बाजार से बाहर हो जाती है। इसे सृजनात्मक कहा जाता है, क्योंकि यह नवाचार पर आधरित है। यद्यपि यह विनाशकारी भी हैं, क्योंकि पुराने उत्पाद अप्रचलित हो जाते हैं और अपना वाणिज्यिक मूल्य खो देते हैं। इस प्रकार बाजार में नई इकाईयों का पदार्पण होता है एवं पुरानी इकाईयों का विनाश हो जाता है। इसे ही सृजनात्मक विनाश की संज्ञा दी गई है।

ऐसा आभास हो रहा है कि उक्त सिद्धांत की जड़ें हिंदू सनातन संस्कृति से ही निकलती हैं। जिस किसी जीव ने इस धरा पर जन्म लिया है उसे एक दिन तो अपने जीवन का परित्याग करना ही है। मानव जीवन की प्राप्ति भी कुछ उद्देश्यों को पूर्ण करने के लिए होती है, उन उद्देश्यों की प्राप्ति के पश्चात इस मानव जीवन को छोड़ना ही होता है। उसी प्रकार, सृजनात्मक विनाश के सिद्धांत में भी एक समय सीमा के पश्चात उत्पादों के विनिर्माण हेतु बाजार में जब नयी पीढ़ी की इकाईयों का पदार्पण होता है तो पुरानी पीढ़ी की विनिर्माण इकाईयों को बाजार से बाहर हो जाना होता है।

हिंदू सनातन संस्कृति का अध्ययन करने पर ध्यान में आता है कि स्व-सृजक प्रक्रिया एवं रचनात्मक विनाश का सिद्धांत तो भारतीय संस्कृति में पूर्व से ही अंतर्निहित है। भगवान शिव जब तांडव नृत्य करते हैं तो बुरे विचारों का नाश होकर नए विचार जन्म लेते हैं जो प्रकृति का सृजन कर प्रकृति को नई ऊंचाई पर ले जाने में सहायक होते हैं। भगवान शिव भी तांडव नृत्य इस सिद्धांत के आधार पर करते हैं ताकि पृथ्वी पर आवश्यक विनाश हो सके एवं नयी प्रकृति का पुनर्निर्माण हो सके। 'शिव तांडव के सृजनात्मक विनाश सम्बंधी सिद्धांत' को ही अर्थशास्त्र में लागू करते हुए कहा गया है कि प्रत्येक उत्पादन इकाई की अपनी एक उम्र तय होती है और इस खंडकाल में सामान्यतः नवाचार होने के चलते पुरानी इकाईयां बंद हो जाती हैं और यहां यह कहा गया है कि इन पुरानी इकाईयों को नष्ट होने देना चाहिए ताकि नवाचार के साथ नई उत्पादन इकाईयों को स्थापित कराया जा सके। यह सिद्धांत शिव तांडव की तरह विभिन्न क्षेत्रों में लगातार चलता रहता है।

श्री जोएल मोक्यर ने तकनीकी प्रगति के माध्यम से सतत आर्थिक संवृद्धि के लिए आवश्यक पूर्व शर्तों की पहचान की है और उन्होंने उन तंत्रों का वर्णन किया है जो वैज्ञानिक सफलताओं और उनके व्यावहारिक अनुप्रयोगों को एक दूसरे को बढ़ाने तथा एक स्व-सृजक प्रक्रिया बनाने में सक्षम बनाते हैं। उन्होंने सतत संवृद्धि के लिए आवश्यक कारकों की पहचान की हैं। इनमें शामिल हैं - उपयोगी ज्ञान का सतत प्रवाह - जिसमें (1) प्रस्तावात्मक ज्ञान (प्रोपोजीशनल नोलेज), जो दशार्ता है कि कोई व्यक्ति काम क्यों करता है,(2) निदेर्शात्मक ज्ञान (प्रेसक्रिप्टिव नोलेज) जो वर्णित करता है कि किसी व्यक्ति द्वारा काम करने के लिए क्या आवश्यक है, शामिल है। इसी प्रकार वाणिज्यिक ज्ञान द्वारा विचारों को वाणिज्यिक उत्पादों में बदला जाता है और इस परिवर्तन के प्रति सामाजिक खुलापन होना चाहिए जो पुराने उत्पादों के स्थान पर नए उत्पादों को स्वीकार करने की इच्छा रखते हों।

इसी प्रकार स्व-सृजक प्रक्रिया के अंतर्गत यह कहा जा सकता है कि हिंदू सनातन संस्कृति में मनुष्य का इस धरा पर जन्म 84 लाख योनियों से अपने आप को मुक्त करने के उद्देश्य से होता है अतः उसे ज्ञान रहता है कि उसे किस प्रकार के कर्म इस मानुष जीवन में करना हैं और क्यों करना है। इन निर्धारित कर्मों को करते हुए मनुष्य मोक्ष को प्राप्त करने हेतु सदैव ही प्रयासरत रहता है। इस ही स्व-सृजक प्रक्रिया कहा जा सकता है।

(सेवानिवृत्त उपमहाप्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक)

(यह लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है)

## संक्षिप्त समाचार

### रियो डी जनेरियो में संगठित अपराध पर पुलिस कार्रवाई में 64 लोगों की मौत

**रियो डी जनेरियो, एजेंसी।** रियो डी जनेरियो में संगठित अपराध के खिलाफ एक बड़े पुलिस ऑपरेशन में 64 लोग मारे गए। इनमें चार पुलिस अधिकारी भी शामिल हैं। यह कार्रवाई सीओपी30 जलवायु शिखर सम्मेलन से संबंधित प्रमुख आयोजनों से कुछ दिन पहले हुई है। गवर्नर क्लाउडियो कास्त्रो ने इसे नारकोटिररिज्म का मुकाबला बताया। एलेमाओ और पेन्हा की घनी आबादी वाली बस्तियों में 2,500 सुरक्षाकर्मियों ने मिलकर कार्रवाई की। अब तक 81 लोगों को गिरफ्तार किया गया है और 42 राइफलें जब्त की गई हैं। अधिकारियों ने कहा कि मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है क्योंकि अभियान अभी जारी है। राज्य सरकार ने यह भी खुलासा किया कि गैंग के सदस्यों ने पुलिस पर ड्रोन से हमला किया, जिसमें विस्फोटक भी थे। रियो अगले सप्ताह सी40 शिखर सम्मेलन और प्रिंस विलियम का अर्थशॉट पुरस्कार कार्यक्रम आयोजित करेगा।

### अमेरिका ने नाइजीरियाई नोबेल विजेता का वीजा किया रद्द

**वाशिंगटन, एजेंसी।** नाइजीरिया के नोबेल पुरस्कार विजेता लेखक वोल सोयिंका ने दावा किया है कि अमेरिका ने उनका नॉन-इमिग्रेंट वीजा रद्द कर दिया है, जो उन्हें पिछले वर्ष जारी किया गया था। 91 वर्षीय लेखक ने कहा कि उन्हें अमेरिकी यात्रा करनी हो तो अब दोबारा आवेदन करना होगा। सोयिंका ने मंगलवार को पत्रकारों को अमेरिकी वाणिज्य दूतावास (लागोस) की ओर से भेजा गया एक पत्र दिखाया, जिसमें उनसे पासपोर्ट जमा कर वीजा को उपस्थित होकर रद्द करवाने को कहा गया है। यह पत्र 23 अक्तूबर को जारी किया गया था। लेखक ने कहा, अब मेरे पास कोई वीजा नहीं है। जाहिर तौर पर मुझे अमेरिका में प्रवेश से रोक दिया गया है। अगर कोई मुझसे मिलना चाहता है, तो जानता है कि मुझे कहां खोजना है। अमेरिकी दूतावास ने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की है। गौरतलब है कि सोयिंका ने 2016 में डोनाल्ड ट्रंप के पहली बार राष्ट्रपति चुने जाने के विरोध में अपना अमेरिकी ग्रीन कार्ड फाड़कर फेंक दिया था और अमेरिकी स्थायी निवास का त्याग कर दिया था। 1986 में साहित्य के लिए नोबेल पुरस्कार प्राप्त करने वाले सोयिंका 1990 के दशक के मध्य से अमेरिका की प्रतिष्ठित आईवी लीग विश्वविद्यालयों में अध्यापन कर रहे हैं।

### ट्रंप के दक्षिण कोरिया दौरे से पहले उत्तर कोरिया ने दागे क्रूज मिसाइल

**प्योंगयांग , एजेंसी।** उत्तर कोरिया ने बुधवार को दावा किया कि उसने अपने पश्चिमी समुद्री क्षेत्र में समुद्र से सतह पर मार करने वाली क्रूज मिसाइलों का सफल परीक्षण किया है। यह कदम अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दक्षिण कोरिया दौरे से ठीक पहले उठाया गया है। उत्तर कोरिया की सरकारी समाचार एजेंसी केसीएनए ने बताया कि मंगलवार को हुआ यह परीक्षण सफल रहा और इससे देश की परमाणु हथियारों से लैस सेना की क्षमता और संचालन क्षेत्र और मजबूत होगा। दक्षिण कोरिया की सेना ने अभी यह पुष्टि नहीं की है कि उसने इन मिसाइल परीक्षणों को दर्ज किया या नहीं। यह रिपोर्ट ऐसे समय आई है जब ट्रंप और दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति ली जे म्युंग के बीच शहर ग्योंगजू में बैठक होने वाली है। इसी शहर में इस साल एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग की बैठक भी आयोजित की जा रही है।

### नेपाल के एवरेस्ट क्षेत्र में भारी हिमपात, पर्यटक होटलों में फंसे

**सोलुखुम्बु, एजेंसी।** नेपाल के सोलुखुम्बु जिले के एवरेस्ट (सगरमाथा) क्षेत्र में मंगलवार सुबह से लगातार भारी हिमपात हो रहा है। खुम्बु पासाडल्हामु ग्रामीण नगरपालिका के दिडबोचे से ऊपर के इलाकों में घना हिमपात हुआ है, जबकि नाम्चे बाजार और आसपास के निचले क्षेत्रों में बारिश जारी है। सगरमाथा प्रदूषण नियंत्रण समिति के अध्यक्ष लामाकाजी शेर्पा ने बताया, दिडबोचे से ऊपर घना हिमपात हो रहा है, नीचे बारिश पड़ रही है। सभी पर्यटक होटल के अंदर हैं, बाहर निकलना मुश्किल है। वर्तमान में इस क्षेत्र में करीब तीन हजार से अधिक विदेशी पर्यटकों की उपस्थिति है। सोमवार को ही लगभग 800 विदेशी पर्यटक काठमांडू से लुक्ला पहुँचे थे। हिमपात के कारण रास्ते ढक गए हैं और दृश्यता (भिजिबिलिटी) बेहद कम है, जिससे पर्यटकों के रास्ता भटकने का खतरा बढ़ गया है। इसी कारण सोलुखुम्बु जिला प्रशासन कार्यालय ने पर्यटकों से यात्रा स्थगित कर सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की है। प्रमुख जिला अधिकारी लिलाकुमारी केसी पांडे के अनुसार फिलहाल मौसम अनुकूल नहीं है, इसलिए सभी पर्यटकों से अनुरोध किया गया है कि वे होटल या स्थानीय बस्तियों में ही रहें और सुरक्षित रहें। जिला प्रशासन कार्यालय ने बचाव दल को तैयार रखा है। जिला पुलिस कार्यालय के अनुसार, दिडबोचे में अस्थायी पुलिस पोस्ट है और वहाँ के पुलिसकर्मियों के साथ लगातार संपर्क में रहकर पर्यटकों की स्थिति पर निगरानी रखी जा रही है। अनुमान है कि दिडबोचे से ऊपर के क्षेत्रों में करीब दो हजार विदेशी पर्यटक मौजूद हैं। लगातार हिमपात और बारिश के कारण ठंड बढ़ गई है। खुम्जुङ की स्थानीय निवासी पेम्बा शेर्पा ने बताया कि मङ्गलबार सुबह से हि बहुत ठंड है, बर्फ ने पूरा गाँव ढक लिया है और सब लोग घर के अंदर हैं। लगातार बर्फबारी से खुम्बु क्षेत्र का जनजीवन प्रभावित हुआ है। आमतौर पर पर्यटकों की भीड़ से गूंजने वाला नाम्चे बाजार फिलहाल सुनसान दिखाई पड़ा है।

### ट्रंप ने किया समझौता, अमेरिका को दुर्लभ खनिज देगा जापान

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने जापान के साथ दुर्लभ खनिजों (रेयर अर्थ मिनरल्स) को लेकर बड़ा समझौता किया है। दरअसल, चीन ने दुर्लभ खनिजों के निर्यात पर कड़े प्रतिबंध लगा रखे हैं। ऐसे में अमेरिका को दिक्कतों का सामना करना पड़ा रहा है। यही वजह है कि अमेरिका अब चीन को घेरने के जापान का सहारा ले रहा है। ट्रंप ने मंगलवार को जापान की प्रथम महिला पीएम के रूप में ताकाइची की भूमिका को बड़ी बात बताते हुए जापान के प्रति अमेरिकी प्रतिबद्धता पर जोर दिया। वह बोले, हम जापान की मदद के लिए हमेशा तैयार रहेंगे। दोनों नेताओं ने कई समझौते पर हस्ताक्षर किए, जिसमें महत्वपूर्ण खनिजों और दुर्लभ मृदाओं की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए रूपरेखा तैयार की गई।

# इजराइल ने गाजा पर फिर हमला किया: 30 की मौत

**हमास पर सीजफायर के उल्लंघन का आरोप, 20 दिन पहले समझौता हुआ था**



**तेल अवीव, एजेंसी।** गाजा में सीजफायर लागू होने के बीच इजराइल ने एक बार फिर हवाई हमले किए। इनमें 30 से अधिक फिलिस्तीनियों की मौत हो गई। इजराइल ने दावा किया कि हमास ने पहले सीजफायर का उल्लंघन कर गाजा में तैनात उसके सैनिकों पर हमला किया। इसके जवाब में यह कार्रवाई की गई। हालांकि हमास ने आरोपों से इनकार किया है और कहा है कि वह सीजफायर का पालन कर रहा है। मंगलवार को इजराइल की ओर से किए गए हवाई हमलों ने गाजा सिटी, खान यूनिस, बेत लहिया और अल-बुरैज जैसे घनी आबादी वाले इलाकों को निशाना बनाया। गाजा के अस्पतालों के मुताबिक,मृतकों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। गाजा सिटी के साबरा इलाके में एक मकान पर बमबारी में तीन महिलाओं सहित चार लोगों की मौत हुई। इजराइल और हमास के बीच 20 दिन पहले सीजफायर समझौता हुआ था। दरअसल अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने नेतन्याहू की मौजूदगी में 29 सितंबर को 20 सूत्री शांति योजना पेश की थी, जिस पर हमास ने 9 अक्टूबर को हामी भरी थी।

**इजराइली रक्षामंत्री बोले- हमास ने 'रेड लाइन' क्रॉस की :** इजराइल और हमास के बीच तनाव एक बार फिर तेज हो गया है। इजराइली रक्षा मंत्री इस्राइल कैट्ज़ ने आरोप लगाया कि हमास ने गाजा में मौजूद इजराइली सैनिकों पर हमला किया और मृत बंधकों के शव लौटाने के समझौते का उल्लंघन किया।

### हमास पर गलत शव लौटाने का भी आरोप

नेतन्याहू ने हमास पर यह भी आरोप लगाया है कि युद्धविराम समझौते के तहत हमास ने जो शव लौटाया वह गलत है। नेतन्याहू ने इसे समझौते का साफ उल्लंघन बताया। समझौते में हमास को सभी इजराइली बंधकों के शव जल्द से जल्द लौटाने थे। वहीं, हमास ने इजराइली हमले की वजह से बंदियों के शव लौटाने का प्रोग्राम रोक दिया है। इससे पहले हमास ने मंगलवार को कहा कि वह एक और शव लौटाएगा। खान यूनिस में एक गड्ढे से सफेद बैग में कुछ निकाला गया और एम्बुलेंस में डाला गया, लेकिन अभी यह साफ नहीं है कि उसमें क्या था। अभी गाजा में 13 बंधकों के शव बाकी हैं। हमास का कहना है कि तबाही इतनी ज्यादा है कि शव ढूंढना मुश्किल हो रहा है। इजराइल का आरोप है कि हमास जानबूझकर देरी कर रहा है। मिस्र ने खोज में मदद के लिए एक्सपर्ट्स और भारी मशीनें भेजी हैं।

### इजराइल गाजा की मानवीय मदद रोक सकते हैं

इजराइली मीडिया के मुताबिक, नेतन्याहू अन्य विकल्पों जैसे गाजा में मानवीय मदद रोकना, कब्जा बढ़ाना या हमास नेताओं पर हवाई हमले पर भी विचार कर रहे हैं। दूसरी तरफ, इजराइली सेना ने मंगलवार सुबह वेस्ट बैंक के जेनिन इलाके में छापा मारा। यहां तीन फिलिस्तीनी लड़ाकों को मार गिराया। इजराइल का कहना है कि वे आतंकी गतिविधियों में शामिल थे। वहीं, हमास ने दो को अपनी कासिम ब्रिगेड का सदस्य बताया। तीसरे को साथी कहा, लेकिन ज्यादा जानकारी नहीं दी।

## अफगानिस्तान-पाकिस्तान शांति वार्ता रही बेनतीजा, दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर लगाए आरोप



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच लंबे समय से जारी तनाव को खत्म करने के लिए इस्तांबुल में हुई शांति वार्ता बिना किसी ठोस समाधान के समाप्त हो गई है। पाकिस्तान के सूचना मंत्री अत्ताउल्लाह तारड़ ने बुधवार को बताया कि दोनों देशों के बीच हुई यह बातचीत किसी व्यवहारिक समझौते तक नहीं पहुंच सकी। यह वार्ता 25 अक्तूबर से तुर्किये और कतर की मध्यस्थता में चल रही थी। दोनों पड़ोसी देशों के बीच यह बैठक 19 अक्तूबर को दोहा में हुई युद्धविराम सहमति के बाद आयोजित की गई थी। लेकिन लगातार मतभेदों और आरोप-प्रत्यारोप के चलते वार्ता बेनतीजा रही।

**शांति वार्ता बेनतीजा :** तारड़ ने अपने बयान में कहा अफगान प्रतिनिधिमंडल मुख्य मुद्दे से भटक गया और बातचीत के मूल उद्देश्य से किनारा कर लिया। जिम्मेदारी स्वीकार करने के बजाय अफगान तालिबान ने सिर्फ आरोप-प्रत्यारोप और बहानेबाजी की। रिपोर्टों के अनुसार, पाकिस्तान चाहता था कि तालिबान, तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान पर लगाम लगाए, जिसे इस्लामाबाद ने हाल के हमलों के लिए जिम्मेदार ठहराया है। लेकिन तालिबान ने TTP पर नियंत्रण से इनकार करते हुए कहा कि वह समूह उनके नियंत्रण में नहीं है। सूत्रों के मुताबिक, वार्ता के दौरान दोनों पक्षों के बीच काफी तनावपूर्ण माहौल रहा। अफगान पक्ष का कहना था कि वह टीटीपी की गतिविधियों को पूरी तरह नियंत्रित नहीं कर सकता, जबकि पाकिस्तान ने हालिया हमलों के लिए अफगान तालिबान को जिम्मेदार बताया। इस महीने की शुरुआत में पाकिस्तानी वायुसेना ने काबुल समेत कई इलाकों में टीटीपी ठिकानों पर हवाई हमले किए थे, जिसके जवाब में तालिबान ने पाकिस्तानी सेना की चौकियों पर हमला किया।

**अगर कोई समझौता नहीं हुआ तो खुला युद्ध शुरू हो सकता है :** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने शनिवार को कहा था कि अगर इस्तांबुल वार्ता में कोई समझौता नहीं हुआ तो खुला युद्ध शुरू हो सकता है। हालांकि, युद्धविराम की घोषणा के बावजूद, सीमा क्षेत्र में झड़पें जारी हैं, जिसमें हाल ही में पांच पाकिस्तानी सैनिक और 25 तालिबान लड़ाके मारे गए। विशेषज्ञों का मानना है कि यह असफल वार्ता दक्षिण एशिया में स्थायी शांति की उम्मीदों को कमजोर कर सकती है और दोनों देशों के बीच तनाव और बढ़ सकता है।

## ब्राजील में ड्रग माफिया पर हेलिकॉप्टर से रेड:जवाब में ड्रोन से बमबारी

**रियो डी जेनिरो, एजेंसी।** ब्राजील के रियो डि जेनेरियो में पुलिस ने ड्रग संगठन 'रेड कमांड' के खिलाफ अब तक का सबसे बड़ा ऑपरेशन चलाया है। राजधानी रियो डि जनेरियो में मंगलवार सुबह 2500 पुलिसकर्मियों ने हेलिकॉप्टर से अपराधियों के इलाकों पर छापा मारा। जैसे ही पुलिस की टीमें आगे बढ़ीं, रेड कमांड गैंग के सदस्यों ने फायरिंग शुरू कर दी। अधिकारियों के मुताबिक, गैंग ने सड़कों पर जलते हुए बैरिकेड्स लगाए और ड्रोन से बम गिराए, ताकि पुलिस को रोका जा सके।

जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भारी हथियारों का इस्तेमाल किया। इस भिड़ंत में कम से कम 64 लोग मारे गए, जिनमें 4 पुलिसकर्मी भी शामिल हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक पुलिस इस हमले के लिए 1 साल से प्लानिंग कर रही थी।

**पुलिस ने 80 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया :** पुलिस ने दिनभर चली मुठभेड़ में 80 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया। कार्रवाई से आसपास रहने वाले करीब तीन लाख लोगों में दहशत फैल गई।



लोग इसे 'वॉर जोन' जैसा माहौल बता रहे हैं। कई आम नागरिक भी गोलीबारी में घायल हुए, जबकि कई सड़कें अभी भी बंद हैं। इलाके में रहने वालों ने बताया कि गोलियों और धमाकों की आवाजें पूरे दिन गूंजती रहीं और लोग घरों से बाहर नहीं निकल पाए। ब्राजील सरकार के मुताबिक, इस इलाके को रेड कमांड का मुख्य ठिकाना माना जाता है। यह गिरोह लंबे समय से ड्रग तस्करी, हथियारों की सप्लाई और तटीय रूट्स पर कब्जे के लिए जाना जाता है। पुलिस ने बताया कि इस ऑपरेशन में 200 किलो से ज्यादा ड्रग्स, कई राइफलें और दूसरे हथियार बरामद किए गए हैं।

## बांग्लादेश में जहर उगल रहा है हाफिज सईद का करीबी ढाका में पाकिस्तानी कट्टरपंथियों का नया बेस बना

**ढाका, एजेंसी।** मुंबई हमले के मास्टरमाइंड हाफिज सईद के करीबी सहयोगी और पाकिस्तान के इस्लामी संगठन मरकजी जमीयत अहले हदीस के महासचिव इब्तिसाम इलाही जहीर ने 25 अक्टूबर 2025 को बांग्लादेश के राजशाही स्थित शाह मकदूम एयरपोर्ट पर लैंड किया। सुरक्षा एजेंसियां उनके अचानक दौरे से चौंक गईं। उनके स्वागत के लिए स्थानीय इस्लामी संगठन अल जामिया अस सलीफा के पदाधिकारी मौजूद थे, जिन्होंने उन्हें नऊदापाड़ा स्थित अपने कैंपस में ठहराया। जहीर इसके बाद चपैनवाबगंज जिले के नचोले, रंगपुर, लालमुनिरहाट और निलफामारी जैसे भारत सीमा से सटे जिलों में गए, जहां जहीर ने स्थानीय मस्जिदों में कई धार्मिक सभाएं कीं। यह इलाके भारतीय सीमा के करीब 20-25 किमी की दूरी पर है। इन सभाओं में जहीर ने यह कहते हुए विवाद खड़ा किया- 'यहूदी और ईसाई मुसलमानों के दोस्त नहीं हो सकते।' रिपोर्ट्स के अनुसार, उसने इस्लाम छोड़ने वालों को मारने की बात दोहराई। यह बयान 2012 में दिए उसके पुराने विवादित भाषण की तर्ज पर था। यूनुस सरकार ने खुली छूट दी, 2025 में ही दूसरा दौरा पाकिस्तानी कट्टरपंथियों के लिए बांग्लादेश अब 'कार्रवाई का नया अड्डा' बनता दिख रहा है। अगस्त 2024 में मुहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार के आने के बाद यह हाफिज सईद के सहयोगी इब्तिसाम इलाही ज़हीर की दूसरी यात्रा है; पहली फरवरी 2025 में हुई थी। इस बार दौरा पाकिस्तान के ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ कमेटी के अध्यक्ष जनरल साहिर शमशाद मिर्ज़ा के साथ मेल खाता है, जो छह सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल के साथ ढाका पहुंचे। दोनों यात्राओं का ध्यान भारत-बांग्लादेश सीमा, खासकर सिलीगुड़ी कॉरिडोर पर केंद्रित है। यूनुस सरकार पर पाक समर्थक नीति और विदेशी कट्टरपंथियों को छूट देने के आरोप लग रहे हैं, जिससे अल्पसंख्यक समुदाय असुरक्षित है।



## भारतीय मूल के बड़े उद्योगपति दर्शन सिंह की कनाडा में हत्या, लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने ली जिम्मेदारी

**ओटावा, एजेंसी।** कनाडा में भारतीय मूल के एक बड़े उद्योगपति की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने इस हत्या की जिम्मेदारी ली है। कनाडा के मीडिया की रिपोर्ट्स के अनुसार, भारतीय मूल के उद्योगपति दर्शन सिंह साहसी की कनाडा के एबट्सफोर्ड इलाके में उस वक्त हत्या कर दी गई, जब वे कार में सवार होकर कहीं जा रहे थे।

**हत्याकांड का सीसीटीवी फुटेज आया सामने :** दर्शन सिंह साहसी की हत्या का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें दर्शन सिंह अपनी कार में सवार होते दिख रहे हैं, तभी एक हमलावर उनके पास आता है और दर्शन सिंह पर गोलियां चला देता है। हमलावर अकेला था और मौके से एक टोयोटा कोरोला कार में सवार होकर फरार हो गया। गोलीबारी की सूचना के बाद जब पुलिस मौके पर पहुंची तो दर्शन सिंह गंभीर हालत में घायल थे। इसके बाद पुलिस ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया, लेकिन इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। कनाडा पुलिस ने बताया कि अभी जांच शुरुआती चरण में है और जल्द ही इसके बारे में विस्तृत जानकारी दी जाएगी।




**लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने ली जिम्मेदारी :** वहीं कनाडा स्थित गैंगस्टर गोल्डी ढिल्लन ने सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा कर दर्शन सिंह साहसी की हत्या की जिम्मेदारी ली है। गोल्डी ढिल्लन, लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़ा हुआ है। गोल्डी ढिल्लन ने पोस्ट में दावा किया कि पीड़ित ड्रग तस्करी में शामिल थे और गैंग द्वारा पैसे की डिमांड को नजरअंदाज किया जा रहा था। हालांकि पुलिस ने अभी इसकी पुष्टि नहीं की है और दर्शन सिंह की हत्या में लॉरेंस बिश्नोई गैंग की कथित संलिप्तता की जांच करने की बात कही है।

## जमैका से टकराया सदी का सबसे खतरनाक तूफान, ला सकता है भारी तबाही



### 300 द्धाद्धश्चद्ध की गति से हवाएं चल रहीं

**किंगस्टन, एजेंसी।** कैरेबियाई देश जमैका से कैटेगरी-5 का तूफान मेलिसा टकराया है। मेलिसा को इस सदी का सबसे खतरनाक तूफान बताया जा रहा है। तूफान के चलते जमैका में 300 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवाएं चल रही हैं। सरकार ने छह लाख लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया है। तूफान के असर से जमैका में तीन, पड़ोसी देश हैती में तीन और डोमिनिकन रिपब्लिक में एक व्यक्ति की मौत हुई है। यह तूफान इतना ताकतवर है कि पूरे देश को तबाह कर सकता है।

### कैटेगरी-5 के तूफान सबसे खतरनाक होते हैं

कैटेगरी-5 का तूफान सबसे खतरनाक श्रेणी का माना जाता है। संयुक्त राष्ट्र ने मेलिसा तूफान को सदी का सबसे ताकतवर तूफान बताया है। पहले ये तूफान हैती और डोमिनिकन रिपब्लिकन से टकराया और अब जमैका तक पहुंचने में ये और खतरनाक हो गया है। जिस वक्त तूफान जमैका से टकराया, उस वक्त 300 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवाएं चल रहीं हैं और भारी बारिश हो रही है। हवा की ये गति इतनी तेज है कि यह बड़ी-बड़ी इमारतों को ध्वस्त कर सकता है। इससे बिजली और कम्युनिकेशन सिस्टम भी तबाह हो सकता है।

### तूफान से भारी बारिश और भूस्खलन का खतरा

मेलिसा तूफान के चलते जमैका में बाढ़ और भूस्खलन का खतरा है। जमैका सरकार ने प्रभावित इलाकों से लाखों लोगों को सुरक्षित जगहों पर स्थानांतरित कर दिया है। जमैका में बीते कई दिनों से बारिश का दौर जारी है। ऐसे में जमीन में नमी होने के चलते भूस्खलन का खतरा लोगों को डरा रहा है। संयुक्त राष्ट्र की एजेंसियों ने भी राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिए हैं।

वर्ल्ड फूड प्रोग्राम द्वारा लोगों को खाने के पैकेट दिए जा रहे हैं। यूएन का कहना है कि कैरेबियाई देशों में बीते साल जुलाई में शक्तिशाली बेरिल तूफान आया था, उसके बाद अब यह मेलिसा तूफान सबसे शक्तिशाली है। साथ ही यह अटलांटिक सागर में आया अब तक का सबसे शक्तिशाली तूफान बताया जा रहा है।

## अमेरिकी संविधान में नहीं है कोई राह, ट्रंप के तीसरे कार्यकाल पर हाउस स्पीकर जॉनसन की टिप्पणी

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फिर संकेत दिए हैं कि वह व्हाइट हाउस में तीसरे कार्यकाल के लिए लौटना चाहते हैं। हालांकि, हाउस स्पीकर माइक जॉनसन ने साफ कहा कि अमेरिकी संविधान इसकी अनुमति नहीं देता। रिपब्लिकन पार्टी के वरिष्ठ नेता और ट्रंप के करीबी माने जाने वाले जॉनसन ने बताया कि उन्होंने इस मुद्दे पर ट्रंप से बात की है और ट्रंप संविधान की सीमाओं को समझते हैं। उन्होंने बताया कि अमेरिकी संविधान के 22वें संशोधन के तहत कोई भी व्यक्ति दो बार से अधिक राष्ट्रपति नहीं बन सकता। जॉनसन ने कहा कि संविधान में बदलाव एक लंबी और जटिल प्रक्रिया है, जिसमें राज्यों और कांग्रेस दोनों की मंजूरी जरूरी होती है।

**ट्रंप बोले- 'मैं जरूर करना चाहूंगा' :** एयरफोर्स वन में जापान की यात्रा के दौरान ट्रंप ने पत्रकारों से कहा मैं तीसरे कार्यकाल के लिए जरूर चुनाव लड़ना चाहूंगा। लेकिन हमारे पास आने वाले चुनावों के लिए



बेहतरीन नेता हैं जैसे मार्को रुबियो और उपराष्ट्रपति जे.डी वेंस। उन्होंने यह भी कहा कि ट्रंप 2028 लिखी टोपी व्हाइट हाउस आने वाले मेहमानों को बतौर स्मृति दी जा रही हैं, जिससे राजनीतिक अटकलें और तेज हो गई हैं। हालांकि जब उनसे पूछा गया कि क्या वह उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव लड़कर फिर राष्ट्रपति बनने की रणनीति पर विचार कर रहे हैं, तो उन्होंने कहा कानून इसकी अनुमति देता है, लेकिन मैं ऐसा नहीं करूंगा। यह लोगों को पसंद नहीं आएगा और सही भी नहीं होगा। हाउस स्पीकर माइक जॉनसन ने कहा कि ट्रंप का तीसरे कार्यकाल का जिक्र राजनीतिक मजाक के तौर पर किया गया है। जॉनसन ने कहा वह डेमोक्रेट्स को ट्रोल करने में मजा लेते हैं। यह गंभीर प्रस्ताव नहीं है।

**संविधान की सीमाएं और राजनीतिक संकेत :** राजनीतिक विश्लेषकों के मुताबिक, ट्रंप द्वारा बार-बार तीसरे कार्यकाल का जिक्र करना अमेरिकी राजनीति की परंपराओं को चुनौती देने जैसा है। हालांकि, मौजूदा स्थिति में यह संवैधानिक रूप से असंभव है कि कोई राष्ट्रपति दो से अधिक बार पद संभाले।

**एशिया दौरे के दूसरे चरण में जापान पहुंचे ट्रंप:** इस बीच, ट्रंप अपने एशिया दौरे के दूसरे चरण में जापान पहुंच गए हैं। इससे पहले उन्होंने मलयेशिया की यात्रा पूरी की, जहां उन्होंने आसियान शिखर सम्मेलन में हिस्सा लिया। कुआलालंपुर से रवाना होने से पहले उन्होंने मलयेशियाई अधिकारियों और नागरिकों को विदा कहा, जिससे उनका 24 घंटे का दौरा समाप्त हुआ।

जानकारी

# गोरी-गोरी त्वचा पाने के लिए उबटन

आपने अक्सर देखा होगा की कई बार अपने चेहरे को गोरा करने के लिए हम उबटन ट्राई कर सकते हैं लेकिन उबटन का मतलब केवल बेसन और चंदन ही नहीं है, इसलिए आइए जानते हैं ऐसे उबटन के बारे में जिन्हे अगर आप अगर चेहरे पर लगाती है तो ये चेहरे को गोरा और साफ बनाने में काफी ज्यादा मददगार है-

सबसे पहला नंबर आता है मलाई और बादाम के पाउडर का मलाई के अंदर बादाम के पाउडर को अच्छे तरीके से मिला कर चेहरे पर लगाने से ये चेहरे को साफ करके चेहरे को गोरा बनाने में काफी ज्यादा मदद करता है। आप चाहे तो अपने चेहरे पर मेश्ड और ग्लिसरीन मिलाकर लगा सकते है। चेहरे को रेडिएंट बनाने के लिए ये काफी ज्यादा अच्छा माना जाता है अगर आपकी स्किन बहुत ज्यादा ड्राई है तो उसे मोस्टर बनाने के लिए आप पक्के हुए केले को मेश करके अपने चेहरे पर लगाइए, ऐसा करने से चेहरे पर नमी आती है और चेहरे का रंग भी साफ होता है। अगर आप इसका इस्तेमाल करना चाहती है तो जैतून के तेल बादाम के तेल का इस्तेमाल करिए जैतून के तेल के अंदर एंटीऑक्सीडेंट तत्व की भरमार होती है।

बादाम के अंदर **विटामिन ई** तेल की भरमार होती है इसी के साथ साथ इन दोनों को मिलाकर चेहरे पर मसाज करने से संक्रमण तो दूर होता है ही लेकिन चेहरे में चमक भी आती है, अगर आपके चेहरे पर टमाटर से बना हुआ फेस पैक भी लगा सकते है। टमाटर के गूदे को अच्छे तरीके से मेश करके अपने चेहरे पर लगाइए ऐसा करने से टेनिंग भी दूर होगी और चेहरा गोरा और साफ भी बनेगा आप चाहे तो नींबू और गिलीसरीन का फेस पैक भी अपने चेहरे पर लगा सकते हैं, ये चेहरे के कालेपन को दूर करके चेहरे को सॉफ्ट बनाने में काफी मदद करते हैं। एक नींबू के रस के अंदर आधा चम्मच गिलीसरीन मिलाकर अपने चेहरे पर मसाज करिए और सूखने के बाद वॉश कर दीजिए, ये आपके चेहरे को साफ और रेडियंट बनाने में आपकी मदद करेगा। इन सारे फेस पैक को ट्राई करिए ताकि आपका चेहरा ग्लोइंग बन सके।



# फिट चेहरे के लिए जरूर आजमाएं योग



इन पांच योगासन से सुंदर भी दिखेंगे

चेहरे को खूबसूरत और शरीर को चुस्त-तंदुरुस्त बनाने के लिए आपने कई क्रीम और तरीके अपनाए होंगे। आइए आज आपको बताएं पांच ऐसे आसन जो आपके चेहरे को कुदरती खूबसूरती से दमकता हुआ बना देंगे। दरअसल चेहरा शरीर का वह अंग होता है, जिस पर ही सामने वाले व्यक्ति की पहली नजर पड़ती है और अंग्रेजी में कहावत है ही, 'फर्स्ट इम्प्रेशन इज लास्ट इम्प्रेशन।' तो तैयार हो जाइए अपने स्लिम ट्रिम चेहरे की छाप छोड़ने को।

चेहरे की त्वचा बहुत कोमल होती है और उम्र, तनाव, खराब जीवनशैली के साथ-साथ मौसम का असर भी इस पर जाहिर हो जाता है। चेहरे के कुछ आसन हैं जो करने में तो आसान हैं ही यह चेहरे को नई चमक देने के लिए रामबाण उपाय की तरह हैं-

### 1. जीव बंध (लॉक्ड टंग पोज)

- पद्मासन में बैठ जाइए (पालथी मारकर बैठें ताकि एड़ियां विपरीत घुटने पर हों), अपने हाथों को गोद में रखिए।
- अपनी जीभ को अंदर की ओर मोड़ते हुए जीभ के आगे के भाग से तालू को छूने की कोशिश करें।
- धीरे-धीरे अपना मुंह जितना खुल सकता हो खोलें
- नाक से सामान्य रूप से सांस लेते हुए गले और ठोड़ी के बीच के तनाव पर ध्यान एकाग्र करें।
- इस स्थिति में एक मिनट रहें। अगर आप असहज महसूस करते हैं तो किसी भी वक्त रुककर, आराम कर फिर इसे करने की कोशिश करें।
- लॉक्ड टंग पोज आपके चेहरे की मांसपेशियों के अलावा आपके जबड़े को तराशता है।

### 2. माउथवॉश तकनीक

- पद्मासन में बैठें और अपने हाथों को घुटने पर रखें
- अपने मुंह में जितनी संभव हो हवा भर लें।
- मुंह में हवा को एक तरफ करें फिर दूसरी तरफ, ठीक माउथवॉश की तरह।
- एक मिनट तक यह सिलसिला कायम रखें।
- आराम कीजिए और इसे 8 बार दोहराइए।
- माउथवॉश तकनीक से आपके गालों की हड्डियां मजबूत होती हैं।
- यह डबल चिन को समाप्त करने में मदद करती है।

### 3. फिश फेस

- क्या आपने कभी मछली का चेहरा ध्यान से देखा है? आपको बस उसी की नकल करना है।
- अपने गालों व होठों के किनारों को अंदर की ओर खींचे।
- इस स्थिति में ही मुस्कुराने की कोशिश करें।
- अपने गालों और जबड़ों में खिंचाव को महसूस करें।
- आराम करें और इसे 8 बार दोहराएं।
- यह आपके गालों को दिलकश आकार देकर आपके चेहरे को और स्लिम बना देगा।

### 4. चिन लिफ्ट

- पालथी मारकर आराम से बैठें।
- अपने सिर को जितना पीछे ले जा सकें ले जाएं।
- सीधे छत की तरह देखें।
- अपने चेहरे को कसें और होठों को ऐसे बाहर की ओर निकालें मानो छत को चूमने की कोशिश कर रहे हों।
- इसी मुद्रा में एक मिनट तक रहें और चेहरे और गले की मांसपेशियों में तनाव महसूस करें।
- आराम करें और इसे 8 बार दोहराएं।
- पूरे चेहरे के लिए यह एक बेहतरीन एक्सरसाइज है।
- जबड़े, गले और गर्दन की मांसपेशियों को स्वस्थ बनाती है।
- डबल चिन को कम करने में भी मददगार होती है।

### 5. सिंहासन (लॉयन पोज)

- घुटनों के बल बैठ जाएं, घुटनों के बीच कुछ दूरी बनाकर रखें।
- दायां टखना, बाएं टखने के पीछे रखकर एड़ियों को कूल्हों के बीचोंबीच टिका दें।
- अपनी हथेलियों को घुटनों पर रखें और कुछ दबाव डालें।
- लंबी सांस लें और अपनी जीभ को गालों की तरफ बाहर निकालें।
- अपने गले की मांसपेशियों को खींचें।
- सांस को बाहर छोड़ते हुए सिंह की दहाड़ की तरह आवाज निकालें।
- इस दौरान अपना ध्यान भौहों के बीच रखें।
- आराम करें, पैरों की स्थिति बदलें और 8 बार दोहराएं।
- चेहरे की मांसपेशियों के लिए सबसे बेहतरीन आसन।
- गालों, गले की मांसपेशियों और आंखों के इर्द-गिर्द के हिस्से को स्वस्थ करके रंगत प्रदान करता है।
- सारे आसन हो जाने के बाद शवासन करें। बेहतर और तेजी से परिणाम पाने के लिए चेहरे के इन योगासनों को रोज करें।



सेहत



# उड़द की दाल के फेस पर लगाने के भी हैं कई फायदे

## स्क्रब की तरह काम करता है इसका फेस पैक

उड़द की दाल (Urad Dal) तो आपने खाई ही होगी। यह दाल स्वास्थ्य के लिए ही फायदेमंद होती है ये तो सबको पता ही होगा लेकिन यह हमारे चेहरे के लिए बड़ी लाभकारी होती है यह बात शायद आप नहीं जानते होंगे। अगर आप चेहरे (Face) पर लगाने के लिए किसी तरह का घरेलू फेस पैक ढूंढ रही हैं तो आपको अपने किचन में रखी उड़द की दाल का प्रयोग करना चाहिए।

उड़द की दाल का फेस पैक स्क्रब की तरह काम करता है जो चेहरे की डेड स्कीन को निकाल कर चेहरे पर ग्लो लाता है। यही नहीं इसे लगाने से आपके चेहरे की रंगत भी बदल जाएगी। यदि आप बिना खर्चे के घर पर ही फेस पैक बनाना चाहती हैं तो आप उड़द की दाल का यह फेस पैक जरूर ट्राई करें

### रूखी त्वचा के लिए फेस पैक बनाने के लिए

दो बड़े चम्मच उड़द दाल को रातभर के लिए पानी में भिगो दें। फिर इसको सुबह पीस कर इसमें कच्चा दूध मिलाएं। इस पेस्ट को चेहरे पर लगाएं और 15 मिनट के बाद इसे पानी से धो लें।

### चेहरे के अनचाहे बालों को हटाने के लिए

दो चम्मच उड़द दाल के पावडर में 2 चम्मच संतरे का रस और 2 चम्मच चंदन पाउडर मिला कर पेस्ट तैयार करें। इस पेस्ट में आप गुलाबजल या दूध भी मिक्स कर सकती हैं। इस पैक को चेहरे पर लगा कर 10 मिनट रुककर बाद में चेहरे को ठंडे पानी से धो लें।



### टैन रिमूव करने के लिए

दो चम्मच उड़द दाल को पानी में भिगो कर सुबह पीस लें। फिर उसमें 2 चम्मच दही मिला कर पैक तैयार करें। इस पैक को चेहरे पर लगा कर 10 मिनट रखें और बाद में ठंडे पानी से धो लें।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** — चू चे चो ला ली लू ले लो आ
बुद्धि व धन का दुरूपयोग न करें। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। भ्रातृपक्ष में विरोध की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य ठीक रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय न गंवाकर काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। शुभांक-2-5-7

**वृष** — इ उ ए ओ वा वी वू वे वो
कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-2-3-5

**मिथुन** — का की कू घ ड छ के को हा
यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। शुभांक-2-3-8

**कर्क** — ही हू हे हो डा डी डू डे डो
मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। शुभांक-2-5-8

**सिंह** — मा मी मू मे मो टा टी टू टे
परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। संतोषजनक सफलता मिलेगी। शुभांक-4-8-9

**कन्या** — टो पा पी पू ष ण ठ पे पो
अपनों का सहयोग मिलेगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति ठीक रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। कार्य सफल होंगे। शुभांक-2-8-9

**तुला** — रा री रु रे रो ता ती तू ते
मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। सहयोग प्राप्त होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पाएंगे। परामर्श आदि सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक** — तो ना नी नू ने नो य यी यू
दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। उतावलेपन से बचे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। किसी को हानि पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। स्वविवेक से कार्य करे। शुभांक-1-2-7

**धनु** — ये यो भा भी भू धा फा ढा भे
घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी। शुभांक-1-4-8

**मकर** — भे जा जी खी खू खे खो गा गी
प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-6-8

**कुंभ** — गू गे गो सा सी सू से सो दा
कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कुछ तनाव हो सकता हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। शुभांक-5-7-8

**मीन** — दी दू थ ज्ञ ञ दे दो चा ची
आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। यात्रा सुखद रहेगी। शुभांक-3-5-7

## काकुरो पहेली - 2623



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः




काकुरो - 2622 का हल



## लॉफिंग ज़ोन

कई युवतियों को तंग कर चुका एक युवा अपने कॉलेज के लाइब्रेरियन के पास पहुँचा और बोला- क्या आप मुझे आत्महत्या पर कोई किताब दे सकते हैं। मैं शीघ्र ही आपको वापस कर दूँगा।

लाइब्रेरियन- नहीं दे सकता, आप लौटाएँगे नहीं।

□ □ □

एक व्यापारी को दूसरे व्यापारी से पैसे लेने थे, लेकिन पहले व्यापारी के बार-बार माँगने के बावजूद उसे पैसे नहीं मिल रहे थे। हार कर उसने दूसरे व्यापारी को एक पत्र भेजा। साथ में अपनी बेटी का फोटो भी भेजा।

पत्र में लिखा था- मुझे इस बच्ची की खातिर पैसे चाहिए।

□ □ □

एक खूबसूरत युवती डॉक्टर के पास गई और बोली- डॉक्टर साहब! मेरी स्कीन बहुत ही सेनसेटिव है। मेरी स्कीन हमेशा गोरी-गोरी रहे इसके लिए मुझे क्या करना चाहिए?

डॉक्टर साहब- अपने दरवाजे की कुंडी हमेशा लगाकर रखनी चाहिए।

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली - 2623



**बायें से दायें:-**

१. जैकी श्रॉफ, माधुरी की 'सात सुरों के तार' गीत वाली फिल्म-३
३. 'चांदी की साइकल' गीत वाली गोविंदा, जूही चावला की फिल्म-२
५. अक्षय, करिश्मा की 'गोरी कँवारी सी हसीना का' गीत वाली फिल्म-३
७. नसीरूद्दीनशाह, जैकी, नगमा, शिल्पा की एक फिल्म-२
८. फिल्म 'जाल' की नायिका कौन थी-२
९. 'आयेगा आनेवाला' गीत वाली अशोककुमार, मधुबाला की फिल्म-३
१०. फिल्म 'हीरा पन्ना' में देव आनंद के किरदार का नाम क्या था-२
११. 'दिल क्यों धड़कता है' गीत वाली राहुलराय, पूजा भट्ट की फिल्म-३
१३. जैकी श्राफ, डिम्पल की 'क्या है तुम्हारा नाम' गीत वाली फिल्म-२
१५. दक्षिण की फिल्म 'थेवर मगन' किस भाषा में बनी थी ?-३
१७. 'वीरू' 'जय' और 'बसंती' आदि किस सुपर हिट फिल्म के पात्र हैं-२
१८. 'दिल है प्यारे जरा' गीत वाली फिल्म-२
१९. फिल्म 'अनकही' के गीत 'आँखों में अनजाने' का गायक कौन है-२
२०. 'आते आते तेरी याद' गीत वाली संजयदत्त, अनिता की फिल्म-२,१,२
२२. अमिताभ, जीनत की 'जिसका मुझे था इंतजार' गीत वाली फिल्म-२
२३. फिल्म 'सलाखें' में नायक कौन था-२
२५. 'क्यूं ऑचल हमारा गिरा' गीत वाली अक्षयकुमार, रवीना की फिल्म-२
२६. गीत 'दिल के अरमां आँसुओं में' की गायिका कौन है-३
२८. 'काट दिये नाम सब' गीत वाली फिल्म-३
२९. फिल्म 'रॉकी' की नायिका कौन थी-२
३०. जीतेंद्र, जयाप्रदा की 'आईने के सौ टुकड़ें' गीत वाली फिल्म-१
३१. 'सजना के सामने मैं तो गीत वाली फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. अजय देवगन, आयशा जुल्का, करिश्मा कपूर की 'बेशक तुम मेरी मुहब्बत हो' गीत वाली फिल्म-३
२. 'मेरी छतरी के नीचे आजा' गीत वाली धर्मेन्द्र, आदित्य, नसीरूद्दीन शाह, सोनू वालिया, पल्लवी, एकता की फिल्म-४
४. अशोक, प्रदीप, मीना कुमारी की 'दिल जो कह न सका' गीत वाली फिल्म-२,२
६. 'एक तो ये बैरी सावन' गीत वाली दिलीपकुमार, शर्मिला की फिल्म-३
११. विश्वजीत, माला की 'रोकना है अगर रोक लीजे मगर' गीत वाली फिल्म-२
१२. 'मुर्गी ने झूठ बोला' गीत वाली किशोरकुमार, साधना की फिल्म-४
१४. कंवलजीत, वहीदा की 'तुम अपना रंजोगम' गीत वाली फिल्म-३
१६. फिल्म 'गुरू' में नायक कौन था-३
१७. मनोजकुमार, नंदा, जया की 'पानी रे पानी तेरा रंग कैसा' गीत वाली फिल्म-२
१९. 'सावन बरसता है तुझसे मिलने को' गीत वाली मिथुन, मीनाक्षी की फिल्म-४
२०. जीतेंद्र, रीना राय की 'तेरे हाथों में पहनाके चूड़ियां' गीत वाली फिल्म-२,३
२१. आँखों के रस्ते दिल में' गीत वाली बॉबी देओल, रानी की फिल्म-३
२४. अमिताभ, हेमा मालिनी की 'हो जाता है प्यार' गीत वाली फिल्म-३
२७. 'पानी पानी रे खारे पानी रे' गीत वाली चंद्रचूड़सिंह, अरशद वारसी, रवि गोसाई, तब्बू की फिल्म-३

फिल्म वर्ग पहेली - 2622



## सुडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | | 1 | 5 | |
| 2 | | | | | 1 | 8 | | |
| 3 | | | 4 | | 6 | 7 | | 9 |
| 5 | | | | | 9 | | | |
| | 9 | | 2 | 3 | 4 | | 7 | |
| | | | 1 | | | | | 8 |
| 4 | | 7 | 6 | | 5 | | | 1 |
| | | 6 | 7 | | | | | 4 |
| | 5 | 3 | | | | 2 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 2 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 | 1 | 3 |
| 8 | 6 | 1 | 3 | 7 | 4 | 9 | 5 | 2 |
| 2 | 8 | 9 | 1 | 5 | 3 | 6 | 4 | 7 |
| 4 | 7 | 3 | 2 | 8 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 9 | 7 | 2 | 3 | 8 |
| 9 | 3 | 4 | 7 | 1 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 8 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 4 | 5 | 3 | 7 | 9 |

## शब्द पहेली - 2623



**बाएँ से दाएँ**

1.हाईकमान-5
4.बुशर्ट,शर्ट-3
6.लाख,गोंद-2
7.प्रतिज्ञा-3
8.मां का भाई-2
10.धनवान,रईस-3
11.मरने के बाद शरीर को परीक्षण के लिये दान करना-4
14.जिज्ञासा,उत्साह-3
16.अनगिनत-4
17.वर्ष,बरस-2
18.लय,स्वर-2
19.गदर,बलवा-4
21.ईर्ष्या-3
22.गरुर,घमंड-4
24.राजा,सम्राट-3
25.पानी से सराबोर-2
27.व्यर्थ,फिजूल-3
28.चतुर्थ,चौथा-2
29.बहने का भाव-3
30.मन मोहने वाला-5

**ऊपर से नीचे**

1.आरामदायी-5
2.एक अनमोल रत्न, दुलारा-2
3.सेवा शुल्क-4
4.अभिव्यक्ति-3
5.बचत,जोड़-2
7.वहम-2
9.स्वामी-3
12.प्रवेश-3
13.धरोहर,थाती-4
15.तरंग,हिलोर-3
16.निरंकुश,मुंहजोर-4
17.किनारा,तट
18.कामधेनू, सुगंध-3
20.नुकसानदेह-5
21.दुनिया,जग-3
22.कहासुनी-4
23.चयन-3
24.चट्टान,शिला (अंग्रेजी-2)
26.ईश्वर,भगवान-2
28.प्रेम,लगन-2

शब्द पहेली -2622 का हल



## उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने मुथुरामलिंग थेवर स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की

एजेंसी

**रामनाथपुरम।** उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने गुरुवार को रामनाथपुरम जिले के पासुमपोन गाँव में आयोजित मुथुरामलिंग थेवर के 118वाँ जयंती महोत्सव और 63वाँ गुरु पूजा महोत्सव में हिस्सा लिया। उप राष्ट्रपति ने मुथुरामलिंग थेवर स्मारक पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। आज थेवर जयंती और गुरु पूजा उत्सव राजकीय उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। सुबह 8.30 बजे उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने थेवर स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की। तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष नैनार नागेंद्रन और भाजपा पदाधिकारियों ने भी उनके साथ श्रद्धांजलि अर्पित की।इस आयोजन में हिस्सा लेने के लिए उपराष्ट्रपति आज सुबह मदुरै हवाई अड्डे से भारतीय वायुसेना के हेलीकॉप्टर द्वारा पासुमपोन थेवर स्मारक के पास स्थापित हेलीपैड पर उतरे। राज्य के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन थेवर स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए आज मदुरै से सड़क मार्ग के जरिये पासुमपोन पहुंच रहे हैं। इससे पहले रामनाथपुरम जिले के कामुदी के पास पासुमपोन में मुथुरामलिंग थेवर का 63वाँ गुरु पूजा महोत्सव और 118वाँ जयंती महोत्सव 28 अक्टूबर को यज्ञसलाई पूजा और लक्षार्चनाई के साथ शुरू हुआ। कल 29 अक्टूबर को यज्ञसलाई पूजा और लक्षार्चनाई का दूसरा दिन था। बड़ी संख्या में लोग दूध के घड़े और मुलैपारी लेकर जुलूस में शामिल हुए। सैकड़ों लोग थेवर स्मारक पर श्रद्धांजलि देने के लिए कतारों में खड़े थे।

## लोग चाहते हैं कि चिराग पासवान समाप्त हो जाए लेकिन मैं भी शेर का बेटा हूं: चिराग पासवान

**पटना।** लोक जनशक्ति पार्टी (आर) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने अगिआंव विधानसभा क्षेत्र के चरपोखरी खेल मैदान में भाजपा समर्थित महेश पासवान के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित किया, जहां मतदाताओं से अपील की कि वे जाति-पात और मजहब से ऊपर उठकर महेश पासवान का समर्थन करें। उन्होंने कहा कि मुख्यधारा से जुड़ा हुआ विधायक ही बड़ी परियोजनाएं लेकर आएगा। दूसरे को चुनेंगे तो पांच साल पछताएंगे। अपने संबोधन में चिराग पासवान ने न केवल एनडीए के लिए वोट मांगा बल्कि अपनी राजनीतिक चुनौतियों को भी खुलकर जनता के सामने रखा। उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी सरकार केंद्र में है और अगर बिहार में भी हमारी सरकार रहेगी तो दोनों केंद्र और राज्य सरकार मिलकर बिहार को उन्नति की ओर ले जाएंगी। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कई कल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख किया और दावा किया कि अगर महेश पासवान विधानसभा पहुँचते हैं तो अगिआंव क्षेत्र का सर्वाधिक विकास होगा। उन्होंने कहा कि आप सभी जानते हैं कि बड़ी-बड़ी ताकतें चिराग पासवान को खत्म करने और मेरी राजनीतिक हत्या करने में लगी हैं। चिराग पासवान ने कहा कि लोग चाहते हैं कि चिराग पासवान समाप्त हो जाए ताकि 'बिहार फर्स्ट, बिहारी फर्स्ट की कोई बात न करे लेकिन उन्हें पता नहीं है कि चिराग शेर का बेटा हूं। जब तक बिहार को विकसित नहीं बना दूँगा, तब तक शांत नहीं बैठूंगा।

## छत्तीसगढ़ के बीजापुर में 66 लाख के इनामी 51 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में 51 नक्सलियों ने हिंसा का रास्ता छोड़कर बीजापुर एसपी डॉ. जितेंद्र कुमार यादव एवं अन्य पुलिस अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में 9 महिला और 42 पुरुष नक्सली शामिल हैं। इनमें 23 नक्सलियों पर कुल 66 लाख रुपये का इनाम घोषित था। इसमें 8 लाख के पांच, 5 लाख का एक, 2 लाख के 7 और एक लाख के 7 नक्सली शामिल हैं। नक्सलियों में माओवादी संगठन की रीढ़ समझे जाने वाले पीएलजीए बटालियन के अलग-अलग कैडर के नक्सली शामिल हैं। इनमें पीएलजीए बटालियन और कंपनी नंबर 1, 2 और 5 के 5 सदस्य, एरिया कमेटी और प्लाटून से जुड़े 7 सदस्य, एलओएस (स्थानीय संगठन स्क्वाड) के 3 सदस्य, 1 मिलिशिया प्लाटून कमांडर, 14 मिलिशिया प्लाटून सदस्य, और जनताना सरकार, डीएकेएमएस और सीएनएम संगठनों के 20 सदस्य शामिल हैं। आत्मसमर्पण करने वालों में 8 लाख रुपये के पांच इनामी बुधराम पोटाम, मनकी कोवासी, हुंगी सोढ़ी, रविंद्र पुनेम और देवे करटाम जैसे सक्रिय नक्सली भी शामिल हैं। आत्मसमर्पण करने वाले सभी नक्सलियों को पुनर्वास योजना के तहत 50-50 हजार रुपये की सहायता राशि दी गई, वहीं सरकार की पुनर्वास नीति के तहत अन्य सुविधायें भी प्रदाय किया जायेगा।

## आदिवासियों के साथ अन्याय नहीं होने दूंगा, भले ही जिंदगी चली जाए परवाह नहीं: शिवराज सिंह

**भोपाल।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान मध्य प्रदेश के सीहोर जिले के प्रवास के दौरान भैरुंदा में अनुसूचित जनजातीय पंचायत शामिल हुए। कार्यक्रम में उन्होंने आदिवासी समाज के लोगों से संवाद किया और उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि भले ही मेरी जिंदगी चली जाए, कोई परवाह नहीं। मैं आदिवासियों के साथ अन्याय नहीं होने दूंगा। हमेशा आदिवासियों के साथ हूं। केन्द्रीय मंत्री चौहान ने सोशल मीडिया एक्स पर उक्त जानकारी साझा करते हुए लिखा कि आज भैरूंदा में अपने जनजातीय भाई-बहनों के बीच पहुंचा और उनकी समस्याओं को सुना। हमारे जनजातीय नागरिक मेहनत की रोटी खाते हैं। जमीन का छोटा-सा टुकड़ा ही उनकी रोजी-रोटी का सहारा है। मैंने मुख्यमंत्री मोहन यादव को भी उनकी समस्याओं से अवगत कराया है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार गरीब और आदिवासी हितैषी है। मुख्यमंत्री संवेदनशील हैं।

# योगी आदित्यनाथ ने दिए दिसंबर तक गंगा एक्सप्रेसवे का निर्माण पूरा करने के निर्देश

एजेंसी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश औद्योगिक एक्सप्रेसवे विकास प्राधिकरण (यूपीईआईडीए) की एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान उन्होंने सड़क परियोजनाओं को लेकर अधिकारियों को कई दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एक्सप्रेसवे केवल सड़कें नहीं हैं, बल्कि उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था और औद्योगिक भविष्य की रीढ़ हैं। उन्होंने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि गंगा एक्सप्रेसवे का निर्माण दिसंबर तक पूरा हो जाए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि राज्य के पश्चिमी और पूर्वी क्षेत्रों के बीच संपर्क को मजबूत करने के लिए प्रगति में तेजी लाई जानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने प्रत्येक परियोजना की प्रगति की साप्ताहिक



समीक्षा के भी आदेश दिए और जोर देकर कहा कि गुणवत्ता से कोई समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक में गंगा एक्सप्रेसवे के प्रस्तावित विस्तारों, जिनमें मेरठ-हरिद्वार, नोएडा-जेवर और चित्रकूट-रीवा लिंक एक्सप्रेसवे शामिल हैं, के साथ-साथ प्रस्तावित विंध्य एक्सप्रेसवे और विंध्य-पूर्वांचल लिंक एक्सप्रेसवे की भी समीक्षा की गई, जो प्रयागराज, मिर्ज़ापुर, वाराणसी, चंदौली, और सोनभद्र को जोड़ेंगे। मुख्यमंत्री योगी ने निर्देश दिया कि नए एक्सप्रेसवे की योजना बनाते समय ओवरलैप को रोकने और पूरे राज्य में एक एकीकृत, समन्वित सड़क अवसंरचना सुनिश्चित करने के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) नेटवर्क के साथ पूर्ण तालमेल बनाए रखा जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने लखनऊ, कानपुर, झांसी, आगरा, अलीगढ़ और चित्रकूट में रक्षा औद्योगिक गलियारे के सभी नोड्स पर कौशल विकास केंद्र स्थापित करने के भी निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि इन केंद्रों को स्थानीय युवाओं को तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान करना चाहिए और उन्हें रक्षा उद्योग से जोड़ना चाहिए ताकि रोजगार के अवसर पैदा हों और क्षेत्रीय आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिले। बैठक में बताया गया कि रक्षा गलियारे के लिए लगभग 30,819 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिनमें 5,039 एकड़ भूमि अधिग्रहीत की जा चुकी है और कई कंपनियां पहले ही परिचालन शुरू कर चुकी हैं। राज्य की भूमि आवंटन नीति पर प्रकाश डालते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि कोई निवेशक तीन वर्षों के भीतर आवंटित भूमि का उपयोग नहीं करता है तो आवंटन स्वतः रद्द कर दिया जाना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को भूमि उपयोग की निगरानी के लिए एक पारदर्शी प्रणाली स्थापित करने और वास्तविक प्रगति के आधार पर ही निवेशकों को आगे की सुविधाएं प्रदान करने के निर्देश दिए।

## मगध और शाहबाद से भर जाएगी एनडीए की झोली : दयाशंकर सिंह

एजेंसी

**बक्सर।** बिहार विधानसभा के चुनाव में मगध और शाहाबाद जैसे महत्वपूर्ण इलाकों में एनडीए को बढ़त दिलाने के लिए उत्तर प्रदेश के कई कद्दावर भाजपा नेताओं को अहम जिम्मेदारी दी गई है। उन्ही में से एक यूपी के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह का दावा है कि इस बार मगध और शाहबाद में 35 से 40 सीटों पर एनडीए की जीत होगी। चुनावी कौशल में माहिर यूपी के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह एनडीए उम्मीदवारों के लिए दिन-रात सक्रियहैं। दयाशंकर सिंह पार्टी के शीर्ष नेताओं की चुनावी रैलियों और एनडीए प्रत्याशियों के पक्ष में माहौल बनाने के लिए रणनीति बनाने में जुटे हैं। उन्होंने गुरुवार को हिन्दुस्थान समाचार से बातचीत में कहा कि तेजस्वी यादव सिर्फ एमवाई (मुस्लिम-यादव) समीकरण के सहारे मुंगेरी लाल के सपने देख रहे हैं। जबकि एनडीए के साथ बिहार की सभी जातियां गोलबंद हैं। इसके पीछे कारण है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछ्ले दस-ग्यारह वर्षों में बिहार को बड़े-बड़े प्रोजेक्ट दिए हैं। इससे बिहार प्रगति की राह पकड़ चुका है। नीतीश कुमार द्वारा शराबबंदी और महिलाओं के खाते में पैसा भेजना, इन निर्णयों से बिहार की महिलाओं के जीवन में क्रन्तिकारी बदलाव आए हैं। हम धरातल पर उतर कर देख रहे हैं कि नीतीश सरकार ने अभूतपूर्व बिजली आपूर्ति की है। उन्होंने कहा कि नीतीश ने बिहार को लालू-राबड़ी काल के गुंडाराज से बिहार को बाहर निकाला है। ऐसे बदलावों से बिहार की जनता खुश है। इसके उलट आरजेडी के नेतृत्व वाला महागठबंधन दिशाहीन है।

## जयशंकर ने यूरोपीय प्रतिनिधिमंडल से एफटीए पर चर्चा की, 2025 अंत तक समझौता लक्ष्य

एजेंसी

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने नई दिल्ली में यूरोपीय संसद की अंतर्राष्ट्रीय व्यापार समिति के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की और अभिसरण को अधिकतम करने और सहयोग को गहरा करने के तरीकों पर चर्चा की। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने यूरोपीय संघ के प्रतिनिधिमंडल के साथ अपनी बैठक के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर तस्वीर पोस्ट की। उन्होंने लिखा, 'गुरुवार को दिल्ली में यूरोपीय संसद की अंतर्राष्ट्रीय व्यापार समिति (आईएनटीए) के प्रतिनिधिमंडल से मिलकर प्रसन्नता हुई। चर्चा हुई कि भारत और यूरोपीय संघ अभिसरण को कैसे अधिकतम कर सकते हैं और सहयोग को कैसे गहरा कर सकते हैं। इससे वैश्विक अर्थव्यवस्था में स्थिरता आ सकती है और लोकतांत्रिक ताकतें मजबूत हो सकती हैं। भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) का शीघ्र समापन इन उद्देश्यों में बड़ा बदलाव ला सकता है।÷ इससे पहले 26-28 अक्टूबर को ब्रुसेल्स यात्रा पर रहे केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने यूरोपीय व्यापार एवं आर्थिक सुरक्षा आयुक्त मारोस



सेफ्कोविक से एफटीए के लंबित मुद्दों पर सार्थक बातचीत की थी।

आधिकारिक बयान में कहा गया, 'फरवरी 2025 में आयुक्तों के कॉलेज की नई दिल्ली यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन के स्पष्ट निर्देशों का पालन करते हुए, दोनों पक्षों ने 2025 के अंत तक भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते को संपन्न करने की अपनी साझा प्रतिबद्धता की पुष्टि की। यह बातचीत एक ऐसे व्यापार समझौते पर हुई जो दोनों पक्षों को फायदा दे, संतुलित हो और निष्पक्ष हो। यह समझौता भारत और यूरोपीय संघ के बीच गहरा भरोसा और मजबूत रणनीतिक रिश्ते दिखाएगा। साथ ही, दोनों एक-दूसरे की संवेदनशील बातों और प्राथमिकताओं का पूरा सम्मान करेंगे। पिछले महीने, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन के साथ टेलीफोन पर बातचीत की थी।

## सत्ता के अहंकार में सामंतवादी ताकतें किसान, नौजवान के साथ कर रही अन्याय: अखिलेश यादव

एजेंसी

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सत्ता के अहंकार में भाजपाई और सामंतवादी ताकतें किसान और नौजवान के साथ अन्याय कर रही हैं। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने अपने एक बयान में कहा कि सरकार किसानों पर अत्याचार करने में किसी भी हद तक जा रही है। यह सरकार में अत्याचार और जुल्म की पराकाष्ठा हो गई है। सत्ता के अहंकार में सामंतवादी ताकतें किसान, नौजवान, और महिलाएं सभी के साथ अन्याय कर रही हैं। सपा प्रमुख ने कहा कि संविधान और संविधान निर्माता बाबा साहेब का नाम मिटाने का षड्यंत्र है। उन्होंने कहा कि भाजपा उत्तर प्रदेश में तो किसानों पर अत्याचार कर ही रही है, अन्य राज्यों, जहां उसकी सरकार है, वहां भी प्रताड़ित कर रही है। किसानों की जमीन और फसल छीनने की साजिश कर रही है। यूपी का लखीमपुर खीरी हो या मध्य प्रदेश का गुना। उन्होंने किसानों को सिर्फ गाड़ी से ही नहीं कुचला, बल्कि उनकी खेती-किसानी को भी रौंद दिया है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में दबंग और



अपराधी तत्वों के मनोबल इतने बढ़ गए कि कोई भी सुरक्षित नहीं है। उत्तर प्रदेश में महिलाओं के खिलाफ अपराधों का सिलसिला बढ़ता जा रहा है। पीड़ितों की आवाज दबाई जा रही है। उन्होंने कहा कि सच्चाई यह है कि यह पार्टी न संविधान का सम्मान करती है और न कानून का पालन। भाजपा और उसके समर्थक समूह बार-बार संविधान को कमजोर करने और डॉ. अम्बेडकर के विचारों को मिटाने की कोशिश करते रहे हैं। समाजवादी पार्टी और पीडीए (प्रगतिशील लोकतांत्रिक गठबंधन) संविधान और बाबा साहेब के विचारों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, 'संविधान हमारी ढाल है, यही लोकतंत्र की संजीवनी है।' उन्होंने चेताया कि यदि संविधान खतरे में पड़ा तो भाजपा की प्रभुत्ववादी सोच समाज पर असहनीय अत्याचार करेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रदेश की जनता 2027 में भाजपा को सत्ता से बेदखल कर देगी और उसके अहंकार, शोषण व जुल्म का अंत करेगी।

# मुंबई एयरपोर्ट पर ड्रग तस्करी का बड़ा खुलासा - 4 दिनों में 12 किलो हाइड्रोपोनिक वीड जब्त, 6 गिरफ्तार

एजेंसी

**मुंबई।** छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (सीएसएमआईए) पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने 25 से 28 अक्टूबर 2025 के बीच ड्रग तस्करी के चार बड़े मामलों का पर्दाफाश किया। विशिष्ट खुफिया जानकारी और प्रोफाइलिंग के आधार पर की गई कार्रवाई में कुल 12.418 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक वीड (मारिजुआना) जब्त हुई, जिसका अवैध बाजार मूल्य लगभग 12 करोड़ रुपए है। एनडीपीएस एक्ट 1985 के तहत 6 यात्रियों को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा, एक मामले में महंगे इलेक्ट्रॉनिक्स और शराब की तस्करी भी पकड़ी गई। यह कार्रवाई अंतरराष्ट्रीय ड्रग तस्करी नेटवर्क को झटका है, जो बैंकॉक और शारजाह से माल ला रहा था। पहला मामला 25 अक्टूबर का है, जिसमें उड़ान संख्या 6ई-1060 से बैंकॉक से मुंबई पहुंचे तीन यात्रियों को रोका गया।




चेक-इन ट्रॉली बैग की तलाशी में 6.484 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक वीड बरामद हुई। यह मादक पदार्थ बैग के गुप्त कम्पार्टमेंट में छिपाया गया था। यात्रियों ने दावा किया कि वे पर्यटक हैं, लेकिन जांच में तस्करी की पुष्टि हुई। तीनों को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू की गई। अधिकारियों ने कहा कि यह कंसाइनमेंट पार्टी ड्रग्स के रूप में बेचा जाना था। दूसरे मामले में उसी उड़ान (6ई-1060) से दो अन्य यात्रियों को हिरासत में लिया गया। उनके बैग से 3.987 किलोग्राम वीड बरामद हुई। तस्करों ने सामान को फलों के पैकेटों जैसी पैकिंग में छिपाया था। दोनों यात्रियों को एनडीपीएस के तहत गिरफ्तार किया गया। जांच में पता चला कि वे एक ही सिंडिकेट के सदस्य थे। तीसरा मामला 28 अक्टूबर का है, जिसमें उड़ान संख्या 6ई-1052 से बैंकॉक से आए एक यात्री को पकड़ा गया। उसके चेक-इन बैग से 1.947 किलोग्राम वीड जब्त हुई। यात्री ने शुरुआत में इनकार किया, लेकिन फील्ड टेस्ट में सकारात्मक परिणाम आया। उसे गिरफ्तार कर आगे पूछताछ की जा रही है। इसी तरह चौथे मामले में प्रोफाइलिंग के आधार पर उड़ान संख्या आईएक्स-252 से शारजाह से मुंबई पहुंचे तीन यात्रियों को रोका गया। तलाशी में 40 एप्पल आईफोन 17 प्रो मैक्स, 30 लैपटॉप, 12 शराब की बोतलें और सिगरेट के पैकेट बरामद हुए। कुल मूल्य 56.55 लाख रुपए रहा। सामान ट्रॉली बैग में छिपाया गया था। यात्रियों को कस्टम्स एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया।एनसीबी और डीआरआई के साथ समन्वय से जांच जारी है।

## पश्चिम बंगाल में ईडी की छापेमारी में 3 करोड़ नकदी और 10 करोड़ के सोने के आभूषण बरामद

एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में नगर निगम भर्ती घोटाले की जांच के सिलसिले में एक दिन पहले प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की राज्य के कई ठिकानों पर की गई छापेमारी में लेक टाउन स्थित एक कारोबारी के फ्लैट और तारातला इलाके के उसके गोदाम से करीब 3 करोड़ रुपये की नकदी और 10 करोड़ मूल्य के सोने के आभूषण मिले हैं। सूत्रों के अनुसार, यह कारोबारी राज्य के एक मंत्री का बेहद करीबी है। ईडी की कार्रवाई बुधवार सुबह से देर रात तक चली। छापेमारी के दौरान एजेंसी ने नोट गिनने की मशीन मंगवाकर नकदी की गिनती की। जांच एजेंसी को संदेह है कि यह रकम नगर निगम में भर्ती से जुड़ी भ्रष्टाचार की कमाई का हिस्सा हो सकती है, जिसे गोदाम में छिपाया गया था।

ईडी सूत्रों के मुताबिक, संबंधित व्यापारी के कई कारोबार हैं और वह चार से पांच कंपनियों के निदेशक के रूप में भी जुड़ा है। वर्ष 2004 से 2022 के बीच उसने कई क्षेत्रों में निवेश किया। उसके पास शहर में फ्लैट और कई लग्जरी वाहन हैं। पूछताछ के दौरान संबंधित व्यापारी ने गोदाम में रखी गई नकदी के स्रोत के बारे में संतोषजनक जवाब नहीं दिया। इससे पहले भी नगर निगम भर्ती घोटाले के सिलसिले में ईडी ने राज्य के अग्निशमन मंत्री सुजीत बसु के दफ्तर, उनके पुत्र के रेस्तरां और दक्षिण दमदम नगर निगम के पार्षद निताई दत्ता के घर पर छापे मारे थे। तब एजेंसी को करीब 45 लाख रुपये नकद मिले थे। उसी जांच के आधार पर कई व्यापारियों के नाम सामने आए, जिनमें यह व्यापारी भी शामिल है।

# कर्तव्य पथ पर भारतीय वायु सेना और जर्मन माउंटेन आर्मी बैंड ने की सुरमयी साझेदारी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत के गौरव स्थल कर्तव्य पथ पर सोमवार की शाम इतिहास रच गया, जब भारतीय वायु सेना और जर्मन माउंटेन आर्मी बैंड ने एक साथ मंच साझा किया। यह आयोजन केवल संगीत का संगम नहीं बल्कि समर्पण, अनुशासन और मित्रता के अदृश्य तार का प्रतीक बना, जिसने दोनों देशों की सेनाओं को सुरों की डोर में जोड़ दिया।

राजधानी दिल्ली के कर्तव्य पथ पर शाम 5:30 बजे इस विशेष आयोजन में दोनों देशों के कलाकारों ने अपने संगीत से मित्रता और सहयोग की नई मिसाल पेश की। इस संयुक्त प्रस्तुति में 51 जर्मन और 48 भारतीय वायु सेना के संगीतकारों ने भाग लिया। कार्यक्रम में बांसुरी, तबला और पारंपरिक अल्फ़ॉर्न जैसे वाद्ययंत्रों की स्वर लहरियां गूंजीं, जो युद्ध कौशल, अनुशासन और कलात्मकता का संगम रहा। कार्यक्रम की शुरुआत भारतीय वायु सेना बैंड की जोश और गौरव से भरी धुन 'फ़नफेयर:इमब्लेज़ोन्ड' से हुई, जिसने वीरता और गर्व की भावना को स्वर दिया। इसके बाद 'परिंदा'गीत प्रस्तुत किया गया, जिसने आकाश में उड़ान भरने की चाह और साहस को संगीत में ढाल दिया। भारतीय वायु सेना और जर्मन माउंटेन आर्मी बैंड ने संयुक्त रूप से केसरी फ़िल्म का देशभक्ति गाना 'तेरी मिट्टी में मिल जावां...' प्रस्तुत



किया। जर्मन माउंटेन आर्मी बैंड ने अपने पारंपरिक और शास्त्रीय संगीत से सभी का मन मोह लिया। रिचर्ड स्ट्रॉस की प्रसिद्ध रचना 'वियना फिलहारमोनिक फैनफेयर' ने समारोह में भव्यता और गौरव का अद्भुत वातावरण रचा। संगीत के इस उत्सव में दोनों देशों के कलाकारों ने एक के बाद एक प्रस्तुति दीं, जिसमें 'रैट पैक ट्रिब्यूट', सारंग फ्यूज़न, हॉक हाइडेक्सबर्ग मार्च, जिगरा, कोपाकबाना, गार्मिशर अल्फ़ॉर्नमार्श, डेफिलियरमार्श जैसी रचनाओं ने दर्शकों को अलग-अलग संस्कृतियों के रंगों से भर दिया। कार्यक्रम का समापन 'सारे जहां से अच्छा' से हुआ, जिसने पूरे वातावरण को देशभक्ति और एकता के भाव से ओतप्रोत कर दिया। दोनों देशों के 99 कलाकारों, 48 भारतीय वायु सेना के और 51 जर्मन संगीतकारों, ने अपने सुरों से कर्तव्य पथ को संगीत, अनुशासन और मित्रता से सराबोर कर दिया।

## पेयजल स्वच्छता के लिए जागरूकता बढ़ाएं, जल सरंक्षण के करें विशेष प्रयास

**चूरू।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा तथा जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार के केन्द्रीय नोडल अधिकारी व उद्योग संवर्धन व आतंरिक व्यापार विभाग उप सचिव रवि किरण ने चूरू जिले में संचालित जल शक्ति अभियान-कैच द रैन तथा जन भागीदारी से संबंधित समस्त परियोजनाओं के मानसून पश्चात की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जिला कलक्टर सुराणा ने जल प्रदाय योजनाओं की समुचित मॉनिटरिंग कर अपेक्षित प्रगति जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण गतिविधियों को बढ़ावा दें तथा आमजन की भागीदारी बढ़ाएं। सीएनओ रवि किरण ने कहा कि जिले के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में पेयजल स्वच्छता के लिए जागरूकता बढ़ाएं। ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को शुद्ध व स्वच्छ पेयजल के उपयोग के बारे में जागरूक करें। इसी के साथ गांवों में पेयजल की जांच के लिए दिए जाने वाले किट नियमित रूप से वितरित करते हुए समुचित उपयोग के बारे में जानकारी दी जाए व समय-समय पर इन गतिविधियों की समस्त निगरानी रखी जाए।

# समग्र विकास के लिए बिहार में चाहिए तीसरी बार एनडीए सरकार : डॉ. मोहन यादव

एजेंसी

**बांका।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि बिहार की धरती हमेशा से पूजनीय रही है। यह हमारी सनातन संस्कृति का गौरवशाली पृष्ठ है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार में बिहार तेजी से आगे बढ़ रहा है। यहां विकास की अपार संभावनाएं है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में बिहार सहित देश भर में धार्मिक पर्यटन केंद्र बन रहे हैं। बिहार में समग्र विकास के लिए तीसरी बार एनडीए सरकार बनाना है। पीएम किसान सम्मान निधि सिर्फ पैसा नहीं है, यह किसानों के पसीने का सम्मान है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. यादव बिहार के बांका जिले के कटोरिया, भागलपुर जिले के नाथनगर एवं मधेपुरा जिले के आलमनगर विधानसभा क्षेत्र में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी जनसभाओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारा शरीर पंच तत्वों से बना है। देश की सभी नदियों का जल गंगाजल के समान है। बिहार से लेकर विदेशों तक छठ मैया की जय-जयकार हो रही है। यह हमारी सनातन संस्कृति का गौरवशाली पृष्ठ है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व



में दुनिया हमें अब सम्मान की नजरों से देखती है। बिहार में अपार विकास की क्षमताएं हैं। एनडीए सरकार के नेतृत्व में बिहार आगे बढ़ रहा है। बिहार आगे बढ़ना चाहिए, देश आगे बढ़ना चाहिए और हर घर का बेटा-बेटी आगे बढ़ना चाहिए। अगर किसी को आगे बढ़ाने का मौका कोई देता है तो वह भारतीय जनता पार्टी है। मैं किसान परिवार से आता हूं, लेकिन पार्टी ने मुझे मुख्यमंत्री बना दिया। प्रधानमंत्री मोदी का मूल मंत्र रहा है, 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' और पार्टी की सोच भी हमेशा यही रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने किसान सम्मान निधि देने का कार्य किया और आज बिहार में 74 लाख किसानों को इसका लाभ मिल रहा है। बिहार में बहनों को दस-दस हजार रुपये देकर उनका जीवन बदलने का कार्य किया है। डॉ. मोहन यादव ने कहा कि बिहार की पावन धरा पर महात्मा गौतम बुद्ध, महावीर स्वामी का जन्म हुआ। श्रीकृष्ण के पुत्र साम्ब ने बिहार में सूर्य नारायण का मंदिर बनाया था। वह जमाना गया, जब देश में भगवान श्रीराम के नाम और वजूद पर सवाल खड़े किए जाते थे। कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने सर्वोच्च न्यायालय में भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण को लेकर विरोध किया उनके अस्तित्व को नकारने का काम किया। भगवान श्रीराम को लेकर सवाल खड़े करने वाली कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों को बिहार की जनता इस चुनाव में सबक सिखाएगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार सभी धर्मों का सम्मान करते हुए देशभर में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा दे रही है। माता सीता का संबंध बिहार के सीतामढ़ी से है। यहां भी सीताजी के भव्य तीर्थ का निर्माण किया जाएगा।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कार्यकाल में बिहार के लोगों के लिए कल्याणकारी योजनाएं संचालित हो रही हैं। भाजपा और एनडीए की पार्टियों में परिवारवाद के लिए कोई स्थान नहीं है। मेरे घर में कोई विधायक नहीं था, न कोई सांसद था। मुझ जैसे सामान्य व्यक्ति को प्रदेश का मुख्यमंत्री पद संभालने का अवसर मिला, ये एनडीए के कार्य करने का तरीका है।

# मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने की विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर समीक्षा

एजेंसी

**जयपुर।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर जिलेवार समीक्षा की। उन्होंने शासन सचिवालय से वीसी के जरिए सभी संभागीय आयुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को इस संबंध में निर्देश दिए। वीसी में भारत निर्वाचन आयोग के प्रतिनिधि के रूप में राजस्थान के जोनल अधिकारी एवं उप निर्वाचन आयुक्त भानू प्रकाश अटरू ने भी संबोधित किया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बैठक में बताया कि बीएलओ एवं पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण, राजनैतिक दलों को सूचना, मीडिया प्रबंधन, मतदान केन्द्रों के पुनर्गठन, ऑनलाइन प्रपत्र भरने को बढ़ावा देने को लेकर जिलेवार विस्तृत चर्चा एवं आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जा चुके हैं। बीएलओ, वॉलन्टीयर्स एवं हेल्पडेस्क कार्मिकों का प्रशिक्षण

महाजन ने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया में बीएलओ सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है उन्होंने कहा कि समस्त बीएलओ एवं बीएलओ पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण किया जा चुका है, शीघ्र ही इनके लिए नए दिशा-निर्देशों के अनुरूप रिफ्रेशर सत्र आयोजित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि बीएलओ द्वारा अपनी दैनिक प्रगति का अभिलेखन किया जाए जिसके आधार पर बीएलओ पर्यवेक्षक, ईआरओ, डीईओ एवं सीईओ स्तर पर उनका पर्यवेक्षण किया जाएगा। साथ ही वॉलन्टीयर्स एवं हेल्पडेस्क कार्मिकों का प्रशिक्षण सत्र भी आयोजित किया जाए। एसआईआर की संपूर्ण प्रक्रिया के दौरान बीएलओ से ये अपेक्षा की जाती है कि वह अपना पहचान पत्र पहन कर रखें। सभी प्रक्रियाओं का समय पर निस्तारण करें, प्रतिदिन बीएलओ अपनी दैनिक प्रगति का अभिलेखन करें। बीएलओ एप पर चाही गयी सूचनाओं को अपडेट करें। बूथ लेवल एजेंट के साथ समन्वय रखते हुए कार्य करें। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सभी राज्यों की मतदाता सूचियां https://voters.eci.gov.in/ पर अपलोड कर दी गयी है। साथ ही यह लिंक मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर भी उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने निर्देश दिए कि विगत एसआईआर की मतदाता सूची में अगर किसी वर्तमान मतदाता के माता-पिता/दादा-दादी आदि का नाम शामिल है तो सटीक और सत्यापित पारिवारिक संबंध के माध्यम से वंशावली मानचित्रण (मैपिंग) की जाए। राजस्थान में अब तक 70फीसदी मतदाताओं की मैपिंग की जा चुकी है जिसे निकट भविष्य में 85 प्रतिशत तक पहुंचाया जाए। जिससे इन मतदाताओं से किसी भी तरह का दस्तावेज लेने की आवश्यकता नहीं रहेगी। महाजन ने बताया कि अर्बन एपेथी से निपटने के लिए 7 जिलों के नगर-निगमों के आयुक्तों को अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टी20 में जीत के इरादे से उतरेगी

**मेलबर्न (एजेंसी)।** सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में भारतीय क्रिकेट टीम शुक्रवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मेलबर्न क्रिकेट मैदान में होने वाले दूसरे टी20 में जीत के इरादे से उतरेगी। इस सीरीज का पहला मैच बारिश के कारण रद्द हो गया था। पहले टी20 में भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी रही थी और कप्तान सूर्यकुमार यादव व उपकप्तान शुभमन गिल ने अच्छी बल्लेबाजी की थी हालांकि आक्रामक सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा 19 रन ही बना पाये थे।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टी20 मुकाबले में भारतीय टीम को अभिषेक से बड़ी पारी की उम्मीद होगी। भारतीय टीम की बल्लेबाजी अभिषेक और सूर्यकुमार के अलावा तिलक वर्मा पर भी निर्भर रहेगी। वहीं गेंदबाजी की कमान जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह के अलावा स्पिनर कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती के पास रहेगी।

दूसरी ओर मेजबान ऑस्ट्रेलियाई टीम को बल्लेबाजी में कप्तान मिचेल मार्श और टिम डेविड से उम्मीदें होंगी। गेंदबाजी जोश हेजलवुड पर आधारित रहेगी। आंकड़ों पर नजर डालें तो भारतीय टीम इस मैच में जीत की प्रबल दावेदार रहेगी।

दोनो के बीच अब तक 33 टी20 मैच खेले गए हैं, जिसमें भारतीय टीम ने 20 मुकाबले जबकि 11 मैच ऑस्ट्रेलिया ने जीते हैं। वहीं 2 मैचों का परिणाम नहीं निकला।

### टीमें इस प्रकार हैं

**भारत** = सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल (उप-कप्तान), तिलक वर्मा, नीतीश कुमार रेड्डी, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, जितेश शर्मा, वरुण चक्रवर्ती, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, संजू सैमसन, रिंकू सिंह, वाशिंगटन सुंदर।

**ऑस्ट्रेलिया** -मिचेल मार्श (कप्तान), सीन एबॉट, माहली बीअर्डमैन, बेन ड्वारशुइस, नाथन एलिस, जोश हेजलवुड ग्लेन मैक्सवेल तीसरे से पांचवें मैच तक, टिम डेविड, ट्रेविस हेड, जोश इंग्लिस (विकेटकीपर), मैथ्यू कुहनेमैन, मिचेल ओवेन, जोश फिलिप (विकेटकीपर), मैथ्यू शॉर्ट, जेवियर बार्टलेट, मार्कस स्टोइनिस, एडम जांपा और तनवीर सांघा।




# आईपीएल 2026 से पहले केकेआर का बड़ा दांव ! अभिषेक नायर बने मुख्य कोच, सौंपी कमान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने आईपीएल के 2026 संस्करण से पहले अभिषेक नायर को फ्रैंचाइज़ी का मुख्य कोच नियुक्त किया है। 2018 से फ्रैंचाइज़ी से जुड़े नायर को पहली बार मुख्य कोच की भूमिका में पदोन्नत किया गया है। उन्होंने अनुभवी घरेलू कोच चंद्रकांत पंडित की जगह ली है, जो तीन सीज़न तक फ्रैंचाइज़ी के प्रमुख रहे थे। मुख्य कोच गौतम गंभीर के नेतृत्व वाले भारतीय सहयोगी स्टाफ से निकाले जाने के बाद, नायर आईपीएल के 2025 संस्करण के बीच में फ्रैंचाइज़ी में लौट आए।

केकेआर के सीईओ वेंकी मैसूर ने एक फ्रैंचाइज़ी बयान में कहा, ÷अभिषेक 2018 से नाइट राइडर्स टीम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रहे हैं और उन्होंने मैदान के अंदर और बाहर हमारे खिलाड़ियों को तराशने में अहम भूमिका निभाई है। खेल के प्रति उनकी समझ और खिलाड़ियों के साथ जुड़ाव हमारे विकास में महत्वपूर्ण रहा है। हम उन्हें मुख्य कोच के रूप में कार्यभार संभालते हुए और केकेआर को उसके अगले अध्याय में ले जाते हुए देखकर रोमांचित हैं।÷ नायर, जिन्हें दिनेश कार्तिक और केएल राहुल जैसे खिलाड़ियों ने सफेद गेंद के खेल को बेहतर बनाने में मदद करने के लिए खुले तौर पर स्वीकार किया है, को डब्ल्यूपीएल टीम यूपी वॉरियर्स ने भी मुख्य कोच नियुक्त किया था। नायर 2018 में केकेआर अकादमी में मुख्य कोच के रूप में शामिल हुए और जल्द ही टीम के सहयोगी स्टाफ में शामिल हो गए। नायर उस समय टीम से जुड़े रहे हैं जब जैक्स कैलिस मुख्य कोच थे, जिनकी जगह बाद में ब्रेंडन मैकुलम और पंडित ने ले ली। नायर 2024 में पंडित और गंभीर के साथ सहायक कोच के रूप में फ्रैंचाइज़ी के साथ थे, जो केकेआर द्वारा अपना तीसरा आईपीएल खिताब जीतने के समय मेंटर थे, और श्रेयस अय्यर कप्तान थे। नायर ने 2022 में सीपीएल में नाइट राइडर्स की सैटेलाइट फ्रैंचाइज़ी, ट्रिनबागो नाइट राइडर्स के मुख्य कोच के रूप में भी काम किया।

# हॉकी चंडीगढ़ के शताब्दी समारोह में मुख्य अतिथि होंगे पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया : करन गिल्होत्रा



**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** भारत में हॉकी के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में हॉकी चंडीगढ़ द्वारा आगामी 7 नवंबर को भव्य भारतीय हॉकी शताब्दी समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस ऐतिहासिक अवसर पर पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया मुख्य अतिथि होंगे। हॉकी चंडीगढ़ के अध्यक्ष करन गिल्होत्रा, उपाध्यक्ष अनिल वोहरा और एडवाइजर शालीन कपूर ने श्री कटारिया से मुलाकात कर उन्हें समारोह में आमंत्रित किया। राज्यपाल ने इस आयोजन के लिए पूर्ण सहयोग का आश्वासन देते हुए कहा कि चंडीगढ़ इस अवसर पर हॉकी के इतिहास में एक नई पहचान बनाएगा।

करन गिल्होत्रा ने बताया कि समारोह के आयोजन में चंडीगढ़ प्रशासन, स्पोर्ट्स विभाग और नगर निगम चंडीगढ़ का भरपूर सहयोग मिल रहा है। उन्होंने कहा, 'हॉकी भारत की गौरवशाली धरोहर है। 1925 में राष्ट्रीय हॉकी संस्था के गठन से शुरू हुई यह यात्रा आज 100 वर्ष पूरे कर रही है। यह हमारे लिए गर्व का क्षण है कि चंडीगढ़ इस ऐतिहासिक उत्सव का हिस्सा बनेगा। हमारा उद्देश्य नई पीढ़ी को हॉकी के स्वर्णिम इतिहास से जोड़ना है।'

अनिल वोहरा ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10 बजे होगी, जिसमें तीन प्रदर्शनी मैच खेले जाएंगे, लड़कों के जूनियर और सीनियर वर्गों के मुकाबले तथा लड़कियों का एक विशेष मैच शामिल होगा। इस मौके पर देश-विदेश से हॉकी के कई दिग्गज खिलाड़ी शामिल होंगे, जिनमें ओलिंपियन दीपक ठाकुर, राजपाल सिंह, बलजीत सिंह, साथ ही भारत की मौजूदा टीम के कप्तान संजय, मनिंदर सिंह, विक्रमजीत सिंह, और जूनियर टीम के कप्तान रोहित प्रमुख हैं। करन गिल्होत्रा ने आगे बताया कि हॉकी इंडिया के नेतृत्व में देशभर में एक साथ ऐसे शताब्दी समारोह आयोजित किए जाएंगे, जिससे हॉकी को नया आयाम और नई पहचान मिलेगी।

# रोहित-विराट के बाद युवा भारत की सबसे बड़ी चुनौती, टी 20 वर्ल्ड कप से पहले अहम इम्तिहान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच मैचों की टी20 सीरीज़ आज कैनबरा में शुरू होने जा रही है और इस बार पूरी निगाहें भारत की नई पीढ़ी यानी अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा और वरुण चक्रवर्ती जैसे खिलाड़ियों पर टिकी हैं। रोहित शर्मा और विराट कोहली के संन्यास के बाद पहली बार ऐसा मौका है जब भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया की परिस्थितियों में अपने भविष्य की दिशा तय करने का मौका मिलेगा।

बता दें कि सुर्यकुमार यादव की कप्तानी में भारत ने पिछले एक साल में बेहद आक्रामक और निडर अंदाज़ में क्रिकेट खेला है और इसके बेहतरीन नतीजे भी हासिल किए हैं। टीम ने पिछले 27 टी20 मुकाबलों में से 23 में जीत दर्ज की है, जिसमें हाल ही का एशिया कप खिताब भी शामिल है। अगले टी20 वर्ल्ड कप से पहले भारत के पास कुल 15 मैच बाकी हैं, लेकिन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ यह सीरीज़ सबसे अहम मानी जा रही है।

गौरतलब है कि ऑस्ट्रेलिया भी इस वक्त शानदार फॉर्म में है और पिछले 19 में से 16 मुकाबले जीत चुका है। ऐसे में यह मुकाबला दुनिया की दो नंबर 1 टीमों के बीच हाई-इंटेंसिटी बैटल माना जा रहा है। खास बात यह है कि भारतीय टीम के लगभग आधे खिलाड़ी पहली बार ऑस्ट्रेलियाई पिचों पर खेलते नज़र आएंगे। यहां की तेज़, उछाल भरी पिचें और बड़े बाउंड्री एरिया बल्लेबाजों के लिए बड़ी चुनौती साबित हो सकते हैं।

हालांकि मौजूद जानकारी के अनुसार ऑस्ट्रेलिया इस सीरीज़ में अपेक्षाकृत अनुभवहीन गेंदबाज़ी के साथ उतर सकता है, जिसका फायदा भारतीय बल्लेबाज़ उठाने की कोशिश करेंगे। लेकिन असली खतरा मेज़बान टीम की धमाकेदार बल्लेबाज़ी है, जिसमें मिशेल मार्श और ट्रैविस हेड जैसे विस्फोटक ओपनर शामिल हैं। आंकड़ों के अनुसार ऑस्ट्रेलिया इस साल पावरप्ले में औसतन 61 रन के स्कोर और 169 के रिकॉर्ड स्ट्राइक रेट से रन बना रहा है।

सूर्यकुमार यादव ने मैच से पहले संकेत दिए कि जसप्रीत बुमराह पावरप्ले में दो ओवर की जिम्मेदारी उठाने के लिए तैयार हैं। वहीं मिडल ओवर्स में टीम उम्मीद लगाए बैठी है कि कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती की स्पिन जोड़ी ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज़ों की रफ्तार पर ब्रेक लगाएगी। हार्दिक पंड्या की गैरमौजूदगी में शिवम दुबे को अहम ऑलराउंडर की भूमिका निभानी होगी, जबकि नितीश कुमार रेड्डी बैकअप विकल्प के तौर पर शामिल किए गए हैं। पहले ही मैच से यह अंदाज़ा भी लग जाएगा कि भारत की जनरेशन एक्स टीम ऑस्ट्रेलिया की आक्रामक क्रिकेट संस्कृति को उसी अंदाज़ में जवाब देने के लिए कितनी तैयार है और क्या वे अपने पूर्वजों की विरासत को सफलतापूर्वक आगे ले जा पाएंगे या नहीं, यह देखने वाली बात होगी हैं।

## जय शाह और आईओसी अध्यक्ष क्रिस्टी कोवेंट्री ने ओलंपिक में क्रिकेट की वापसी पर चर्चा की

नई दिल्ली ।आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ने इस सप्ताह की शुरुआत में स्विट्जरलैंड में आईओसी सत्र के दौरान आईओसी अध्यक्ष क्रिस्टी कोवेंट्री से मुलाकात की और 2028 लॉस एंजेलिस ओलंपिक की राह और ओलंपिक खेलों में क्रिकेट की वापसी पर चर्चा की। उन्होंने अब तक हुई प्रगति और ओलंपिक आंदोलन के विकास में क्रिकेट की महत्वपूर्ण भूमिका पर विचार-विमर्श किया। जय शाह ने एक्स पर पोस्ट किया, '2028 लॉस एंजेलिस ओलंपिक की राह और ओलंपिक खेलों में क्रिकेट की वापसी पर हमारी चल रही चर्चा को जारी रखने के लिए आईओसी अध्यक्ष क्रिस्टी कोवेंट्री से मिलकर खुशी हुई। हमने अब तक हुई प्रगति और ओलंपिक आंदोलन के विकास में क्रिकेट की महत्वपूर्ण भूमिका पर विचार-विमर्श किया।'



## साउथ अफ्रीकी टीम विमेंस वनडे वर्ल्ड कप के फाइनल में, इंग्लैंड को 125 रन से हराया, वोलवार्ट के 169 रन

**गुवाहाटी।** साउथ अफ्रीकी टीम पहली बार विमेंस वनडे वर्ल्ड कप के फाइनल में पहुंच गई है। टीम ने सेमीफाइनल में इंग्लैंड को 125 रन से हरा दिया। गुवाहाटी के बरसापारा स्टेडियम में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। टीम ने कप्तान लौरा वोलवार्ट के 169 रन की बदौलत 50 ओवर में 7 विकेट खोकर 319 रन बनाए। बुधवार को 320 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी इंग्लिश टीम 42.3 ओवर में 194 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। टीम से कप्तान नैट सिवर ब्रंट ने सबसे ज्यादा 64 रन बनाए। एलिस कैप्सी 50 रन बनाकर आउट हुईं। साउथ अफ्रीका से मारीजान कैप ने 5 विकेट चटकाए। वोलवार्ट प्लेयर ऑफ द मैच रहीं। इस जीत के साथ साउथ अफ्रीका ने इंग्लैंड से हिसाब बराबर भी कर लिया। टूर्नामेंट के पहले मैच में टीम इंग्लैंड के खिलाफ ही 69 रन पर सिमट गई थी। वहीं टीम को पिछले 2 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में भी इंग्लैंड ने ही बाहर किया था।



# सिद्धू ने ऋषभ की जमकर प्रशंसा करते हुए उसे फीनिक्स पक्षी के समान बताया



नई दिल्ली ।पूर्व क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू ने भारतीय क्रिकेट टीम के आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि उसकी इच्छा शक्ति और जुनून गजब का है। ऋषभ अभी दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ बेंगलुरु में जारी चार दिवसीय मुकाबले में भारत ए की कप्तानी कर रहे हैं। सिद्धू ने कहा कि किसी ने कल्पना तक नहीं की थी कि इतने भीषण कार हादसे के बाद ऋषभ दोबारा चल पायेंगे पर वह आज खेल रहे हैं। उन्होंने इस विकेटकीपर बल्लेबाज की तुलना पक्षी फीनिक्स से की है!

ऋषभ इंग्लैंड दौरे में लगी चोट से उबरकर अभी भारत ए की कप्तानी कर रहे है। इंग्लैंड दौरे में ही मैनचेस्टर टेस्ट के दौरान तेज गेंदबाज क्रिस वोक्स की एक यॉर्कर पर लगने से उनके पैर की उंगली में फैक्चर हो गया था। इसी कारण वह एशिया कप, के अलावा वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू सीरीज और ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भी नहीं गये थे। सिद्धू ने कहा, ऋषभ फीनिक्स पक्षी के समान हैं जो राख से उठ खड़ा होता है। उनकी निडरता को देखिए, उनकी असाधारण उपलब्धियों को देखिए जिसे उन्होंने हासिल किया है। जिस तरह से उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में बल्लेबाजी की थी, जिस तरह उन्होंने इंग्लैंड में हमें मैच जितवाए, वो शानदार है। मैं अब तक जितने भी क्रिकेटर देखें हैं उनमें से वह सबसे अच्छे क्रिकेटरों में एक है। जब मैं उन्हें देखता हूं तो आनंद आता है। इस क्रिकेटरों ने सभी को सिखाया है कि जिंदगी में मुश्किलों से कैसे निकल सकते हैं। दक्षिण अफ्रीका ए के साथ मैच में भारत ए की कप्तानी करते हुए ऋषभ ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया है।

# इंग्लैंड के लिए आसान नहीं रहेगा ऑस्ट्रेलिया दौरा : स्मिथ

**-हरी-भरी घास वाली पिचों पर होगी बल्लेबाजों की परीक्षा**



**ब्रिस्बेन (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने इस साल के अंत में होने वाली एशेज सीरीज से पहले इंग्लैंड को चेताया है कि उसके लिए ये दौरा आसान नहीं होगा। स्मिथ को पैट कमिंस के फिट नहीं होने से पर्थ में होने वाले पहले टेस्ट के लिए कप्तानी की जिम्मेदारी दी गयी है। उन्होंने कहा है कि इंग्लैंड के बल्लेबाजों के लिए ऑस्ट्रेलिया की उछाल भरी पिचों पर रन बनाना आसान नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि बेन स्टोक्स की टीम को बेजान पिचों की जगह हरी-भरी घास वाली पिचों पर खेलना होगा। स्मिथ ने कहा, ऑस्ट्रेलिया में हालात अलग होने वाले हैं? मुझे लगता है कि पिछले तीन-चार साल शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के लिए उतने ही कठिन रहे हैं जितने हमने लंबे समय में देखे हैं। स्मिथ ने साथ ही कहा, इस प्रकार के हालात में गेंदबाजी करने वाले काफी अनुभवी हैं, इसलिए बल्लेबाजों के लिए समस्याएं बढ़ जाएंगी। यह सभी बल्लेबाजों के लिए मुश्किल होगा पर जब आप तेजी से रन बनाने की कोशिश करेंगे, तो यह बहुत ही कठिन रहेगा। पिछले चार सालों में ऑस्ट्रेलिया में तेज-गेंदबाजी पिचें बन रही हैं। साल 2021-22 एशेज की शुरुआत से ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट मैचों में शीर्ष सात बल्लेबाजों का औसत प्रति आउट 30.22 रहा है, जिसमें 20 टेस्ट में कुल 24 शतक शामिल हैं। वहीं इसके विपरीत 2022 में आक्रामक बल्लेबाजी शुरु होने के बाद बल्लेबाजों का औसत 38.94 रहा है। जबकि ऑस्ट्रेलिया में रन बनाने की कला में गिरावट आई है, हेड ने शानदार प्रदर्शन किया है, उन्होंने छह शतकों के साथ 54.64 का औसत और घरेलू हालातों में 88.90 का स्ट्राइक रेट हासिल किया है। ऑस्ट्रेलिया के आक्रामक सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड को रोकना इंग्लैंड के तेज गेंदबाजी आक्रमण के लिए काफी कठिन होगा। हेड की तरह इसी दौरान ऑस्ट्रेलिया में किसी भी अन्य खिलाड़ी का औसत 45.29 से अधिक नहीं रहा है।

# जानिक सिनर ने जिजू बर्ग्स को हराया, पेरिस मास्टर्स के अगले दौर में पहुंचे



पेरिस। दुनिया के नंबर दो खिलाड़ी जानिक सिनर ने बेल्जियम के जिजू बर्ग्स को हराकर पेरिस मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट के अगले दौर में जगह बना ली हैं। इटली के दिग्गज सिनर ने बुधवार को पहले दौर के मुकाबले में बेल्जियम के जिजू बर्ग्स के खिलाफ 6-4, 6-2 से जीत दर्ज कर अपने अभियान की शुरुआत की। सिनर की जीत पुरुषों के विश्व के नंबर वन कार्लोस अल्काराज के ग्रेट ब्रिटेन के कैमरन नॉरी (नंबर 31) से चौंकाने वाली हार के एक दिन बाद हुई। उनकी हार ने इटैलियन खिलाड़ी के लिए नंबर वन पोजीशन फिर से हासिल करने का रास्ता खोल दिया है, अगर वह पेरिस में जीत पाते हैं। मैच के बाद सिनर ने कहा, 'यह यहां एक बहुत ही अनोखा कोट है। आमतौर पर मुझे हमेशा थोड़ी मुश्किल होती है, इसलिए मैं पहला मैच जीतकर बहुत खुश हूं। आज मैंने जिस तरह से सर्व किया, उससे मैं बहुत खुश हूं। मैं बहुत सटीक था। मैंने सीधे ब्रेक के साथ शुरुआत की, जिससे मेरे आत्मविश्वास में वृद्धि हुई। मैं आज के प्रदर्शन से खुश हूं। देखते हैं कल क्या होता है।' टूर्नामेंट के अगले दौर में सिनर का मुकाबला गुरुवार को अर्जेंटीना के फ्रांसिस्को सेरुंडोलो से होगा।

# श्रेयस अय्यर अगले दो माह खेल से दूर रहेंगे, विश्वकप में भी शायद ही खेल पायें



**मुम्बई (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया में एकदिवसीय सीरीज के दौरान पसलियों में चोट लगने के कारण गंभीर रुप से घायल हुए भारतीय टीम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर की वापसी कब होगी। ये अभी तय नहीं है पर माना जा रहा है की वह दो महीने मैदान से दूर रहेंगे। श्रेयस ऐलेक्स कैरी का एक कैच पकड़ते हुए चोटिल हो गए थे। इसके बाद उन्हें तत्काल अस्पताल ले जाया गया था जहां पसलियों में हुए आंतरिक रक्तस्राव के कारण उन्हें आईसीयू में रखा गया। अब उनका आंतरिक रक्तस्राव रुक गया है और वह पहले से बेहतर हैं। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार, श्रेयस अगले दो महीनों तक क्रिकेट से बाहर रहेंगे, जिससे अगले महीने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाली घरेलू सीरीज से भी वह बाहर हो गये हैं।

वहीं नये साल की शुरुआत में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज के लिए भी उनका स्वदेश लौटना तय नहीं है। इससे साफ है कि वह फरवरी में होने वाले टी20 विश्वकप के लिए भी शायद ही शामिल किये जाए क्योंकि प्रबंधन फरवरी में होने वाले आईसीसी टूर्नामेंट में उन्हीं खिलाड़ियों को उतारना चाहेगा जो घरेलू सीरीज में बेहतर प्रदर्शन कर पाये हों। ऐसे में वह जुलाई में इंग्लैंड के सीमित ओवरों के दौरे में उतरेंगे। ऐसे में अय्यर आईपीएल के दौरान ही क्रिकेट फील्ड पर वापसी कर पाएंगे।

# ब्लैक आर्मबैंड पहनकर मैदान में उतरे भारत और ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ी, 17 साल के क्रिकेटर को मौत के बाद दी श्रद्धांजलि



नवी मुंबई ।भारत और ऑस्ट्रेलिया की खिलाड़ियों ने गुरुवार को महिला वर्ल्ड कप सेमीफाइनल के दौरान युवा क्रिकेटर बेन ऑस्टिन को श्रद्धांजलि देने के लिए ब्लैक आर्मबैंड पहने। ऑस्टिन की ट्रेनिंग के दौरान गेंद लगने से मौत हो गई थी। ऑस्टिन की उम्र 17 साल थी और मंगलवार को मेलबर्न के बाहरी इलाके में फन्ट्री गली क्रिकेट क्लब में बैटिंग करते समय गर्दन पर गेंद लग गई थी। वह अपने क्लब के लिए ट्रेनिंग करते समय हेलमेट पहने हुए थे, जिसमें नेक गार्ड नहीं था, और उन्हें साइड-आर्म से फेंकी गई गेंद लगी थी। ऑस्टिन टी20 मैच से पहले नेट्स में तेज गेंदबाजों के खिलाफ बैटिंग कर रहे थे, तभी अपने साथियों के सामने उन्हें यह जानलेवा चोट लगी। इस घटना के बाद ऑस्टिन को वेंटिलेटर पर रखा गया था, लेकिन चोट के कारण उनकी मौत हो गई, जिससे 2014 में ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर फिल ह्यूज की दुखद मौत की यादें ताजा हो गईं। फन्ट्री गली ने गुरुवार को ऑस्टिन की मौत की पुष्टि की।

# भारतीय पहलवानों ने एशियन यूथ गेम्स 2025 में किया शानदार प्रदर्शन, जीते सात मेडल

**मनामा (बहरीन) (एजेंसी)।** भारतीय कुश्ती दल ने एशियन यूथ गेम्स 2025 में मेडलों की झड़ी लगाकर अभियान का शानदार समापन किया, जिसमें मोनी और जयवीर सिंह ने मनामा के एग्जीबिशन वर्ल्ड बहरीन में गोल्ड मेडल जीते। लड़कों के 55 किलोग्राम फ्रीस्टाइल डिवीजन में मुकाबला कर रहे जयवीर सिंह ने कल टॉप पर पहुंचने के लिए शानदार प्रदर्शन किया। श्रीलंका के निमेश दुलंजना और कंबोडिया के फान चान ओउ डोम पर 10-0 की शानदार जीत दर्ज करने के बाद जयवीर ने एक कड़े क्वार्टर फाइनल में ईरान के यासीन ज़ारेज़ादेह को क्राइटेरिया के आधार पर हराया।

सेमीफाइनल में जयवीर सिंह ने कजाकिस्तान के इब्राहिम यस्ककबेक को 5-0 से हराया और गोल्ड मेडल मुकाबले में जापान के यामातो फुरुसावा के खिलाफ 6-2 की जीत के साथ अपना अभियान खत्म किया। मोनी ने भी लड़कियों की फ्रीस्टाइल 57 किलोग्राम कैटेगरी में उतना ही शानदार प्रदर्शन किया। भारतीय पहलवान ने सेमीफाइनल में पीपल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना की जियाओहान जू को 8-0 से हराया और फाइनल में किर्गिस्तान की सेजिम कुर्मनबेकोवना ज़ोल्डोशबेकोवा को टेक्निकल सुपीरियरिटी के आधार पर 10-0 से हराकर गोल्ड मेडल जीता।

गौरव पुनिया ने लड़कों की 65 किलोग्राम कैटेगरी में प्रभावित किया लेकिन फाइनल में हार गए, उन्हें ईरान के मोर्तेजा हाजी मोल्लामोहम्मदी से 4-1 से हार मिली, जो अंडर-17 वर्ल्ड चैंपियनशिप के ब्रॉन्ज मेडलिस्ट हैं। लड़कियों की 69 किलोग्राम कैटेगरी में अश्विनी विश्नोई, जो अपनी सामान्य 65 किलोग्राम डिवीजन से ऊपर मुकाबला कर रही थीं, फाइनल में चीन की झाओ मिन से 10-3 से हारने के बाद सिल्वर मेडल से संतोष करना पड़ा।

कुश्ती में भारत के मेडलों का सिलसिला यहीं खत्म नहीं हुआ। अंडर-17 वर्ल्ड्स की ब्रॉन्ज मेडलिस्ट कोमल वर्मा ने लड़कियों के 49 किलोग्राम इवेंट में पीपल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना की मो जियाओकिंग को 3-1 से हराकर एक और पोडियम फिनिश हासिल किया, जबकि रचना ने लड़कियों के 43 किलोग्राम वर्ग में किर्गिस्तान की आइजान किलिचबेकोवना काबिल्बेकोवा को 11-0 से हराकर ब्रॉन्ज मेडल जीता।

एशियन यूथ गेम्स में भारत का कुल मेडल टैली 33 हो गया है जिसमें 6 गोल्ड, 11 सिल्वर और 16 ब्रॉन्ज शामिल हैं। इस बीच भारतीय पहलवानों ने कल कुल 7 मेडल जीतकर अपना अभियान खत्म किया। मंगलवार को याशिता ने कुश्ती में लड़कियों के 61 किलोग्रामप वर्ग में गोल्ड मेडल जीता। वेटलिफ्टर प्रीतिस्मिता भोई और भारत की लड़कों और लड़कियों की कबड्डी टीमों ने भी गेम्स में पहले गोल्ड मेडल जीते हैं।



# एक दीवाने की दीवानियत के बाद अब एक्शन अवतार में दिखेंगे हर्षवर्धन राणे? पोस्ट साझा कर खुद की घोषणा





बॉलीवुड अभिनेता हर्षवर्धन राणे इन दिनों अपनी फिल्म एक दीवाने की दीवानियत के लिए खूब सुर्खियां बटोर रहे हैं। अब खबर है कि अभिनेता डायरेक्टर मिलाप जवेरी के साथ काम करने जा रहे हैं। यह नया प्रोजेक्ट एक हाई-एनर्जी मास एंटरटेनर बताया जा रहा है, जो दोनों की जोड़ी को एक बार फिर बड़े पर्दे पर लेकर आएगी

**इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया साझा**

सोशल मीडिया पर हर्षवर्धन राणे ने अपनी तस्वीर साझा करते हुए एक पोस्ट किया। उन्होंने लिखा, मुझे मिलाप सर की स्क्रिप्ट पर पूरा भरोसा है, अगर वो मुझे कोई कहानी देंगे, तो मैं बिना सोचे साइन कर दूंगा। इस पर डायरेक्टर मिलाप जवेरी ने भी तुरंत प्रतिक्रिया दी और कहा, मैंने तो ऑफर दे दिया है मेरे दोस्त! और जवाब तो 'हां' ही रहेगा, वो भी पक्की वाली। दोनों की कमेंट सेक्शन में इस बातचीत के बाद अब इसे एक्टर की तरफ से फिल्म की घोषणा बताया जा रहा है जिसका नाम मेसी हो सकता है।

**'एक दीवाने की दीवानियत' के बाद फिर साथ आएंगे दोनों**

'एक दीवाने की दीवानियत' में हर्षवर्धन राणे के इमोशनल किरदार को दर्शकों ने खूब सराहा था। फिल्म की सफलता के बाद मिलाप जवेरी और राणे की जोड़ी एक बार फिर साथ काम करने जा रही है। सूत्रों की मानें तो यह फिल्म एक्शन, इमोशन और देसी तड़के से भरपूर होगी, बिल्कुल वैसी ही जैसी मिलाप की पिछली फिल्मों की पहचान रही है।

**गैंगस्टर ड्रामा और 'सिला' भी हैं लाइन में**

मिलाप जवेरी के प्रोजेक्ट के अलावा, हर्षवर्धन राणे कई और बड़े प्रोजेक्ट्स में भी बिजी हैं। खबर है कि उन्हें एकता कपूर की आने वाली गैंगस्टर ड्रामा फिल्म के लिए भी एप्रोच किया गया है। यह फिल्म एक क्राइम थ्रिलर यूनिवर्स की तरह बनाई जा रही है, जिसमें जबरदस्त एक्शन और ग्रे शेड वाले किरदार दिखेंगे। माना जा रहा है कि राणे इस फिल्म में एक गहरे और जटिल किरदार में नजर आएंगे, जो उनके करियर का नया टर्निंग पॉइंट साबित हो सकता है।

इसके अलावा, हर्षवर्धन ने हाल ही में निर्देशक ओमंग कुमार की फिल्म 'सिला' की शूटिंग पूरी की है। यह फिल्म वियतनाम में शूट की गई और इसमें उनके साथ अभिनेत्री सादिया खातिब नजर आएंगी। ओमंग कुमार के निर्देशन में यह फिल्म भावनात्मक और रहस्यमयी कहानी पर आधारित बताई जा रही है।

**'सनम तेरी कसम' का सीक्वल भी आने वाला है**

फैंस के लिए खुशखबरी यह भी है कि 2016 की हिट रोमांटिक फिल्म 'सनम तेरी कसम' का सीक्वल भी तैयार हो रहा है।

# 'थामा' की सफलता पर गदगद हुए आयुष्मान खुराना

**अभिनेता** आयुष्मान खुराना इन दिनों अपनी फिल्म 'थामा' से चर्चा में हैं, जिसे दर्शकों द्वारा अच्छी प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं। अभिनेता ने इस फिल्म की सफलता पर अपनी राय व्यक्त की है। रश्मिका मंदाना और आयुष्मान खुराना अभिनीत 'थामा' इन दिनों सिनेमाघरों में दिखाई जा रही है। हाल ही में अभिनेता ने इस फिल्म की सफलता को लेकर प्रतिक्रिया दी है। साथ ही थामा में अपने किरदार के बारे में भी बताया है। चलिए जानते हैं क्या बोले आयुष्मान खुराना।

**'मेरी सबसे बड़ी ओपनिंग फिल्म है'**

अभिनेता आयुष्मान खुराना ने बात की। उन्होंने कहा, 'मैडॉक हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स हिंदी सिनेमा का सबसे सफल यूनिवर्स है। ओपनिंग कमाई के मामले में 'थामा' दूसरे नंबर पर है। यह मेरी सबसे बड़ी ओपनिंग है और मुझे उम्मीद है कि यह मेरी सबसे बड़ी फिल्म भी बनेगी।'

**फिल्म में अपने किरदार के बारे में की बात**

आगे बात करते हुए अभिनेता से सवाल किया गया कि उन्हें इस फिल्म में किस चीज ने सबसे ज्यादा प्रभावित किया। इसके जवाब में उन्होंने कहा, 'इस फिल्म में पहली बार मैंने अपने पुराने किरदारों से हठकर रोल किया है। इसमें मैंने वैंपायर या सुपरहीरो जैसी भूमिका की है। इसलिए मैं बहुत उत्साहित हूं। मैं इस यूनिवर्स का बहुत बड़ा फैन हूं और जो मैं पर्दे पर देखना चाहता हूं, उसी को करना चाहता हूं।'

**फिल्म थामा के बारे में**

मैडॉक फिल्म्स की हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स का हिस्सा 'थामा' दर्शकों को खूब पसंद आ रही है। यह फिल्म 2025 की उन चुनिंदा फिल्मों में शामिल हो गई है, जिसने मात्र एक हफ्ते में 100 करोड़ क्लब में जगह बना ली है। दर्शक फिल्म के रोमांचक ट्विस्ट और मनोरंजन भरे डर को खूब एंजॉय कर रहे हैं।



# इमरान हाशमी ने अपनी फिल्म 'हक' पर की बात

बॉलीवुड अभिनेता इमरान हाशमी ने अपनी आगामी फिल्म हक के बारे में बात की। साथ ही उन्होंने उसकी कहानी पर प्रकाश डाला। चलिए जानते हैं अभिनेता ने क्या कहा।

इमरान हाशमी और यामी गौतम की आगामी फिल्म 'हक' जल्द सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। यह एक कोर्टरूम ड्रामा फिल्म है। इस फिल्म की कहानी शाह बानो बेगम केस पर आधारित है। अभिनेता ने अपनी फिल्म के बारे में विचार प्रकट किए हैं। साथ ही फिल्म के मुद्दे पर भी बात की। आइए जानते हैं इमरान हाशमी से हुई बातचीत के बारे में।

**'यह एक ऐतिहासिक मामला था'**

अभिनेता इमरान हाशमी ने एएनआई से बात की और अपनी आगामी फिल्म हक की कहानी के बारे में बताया। उन्होंने कहा, 'यह 1985 के उस मामले से प्रेरित है जिसमें अहमद खान ने शाह बानो को तलाक दिया था। यह एक ऐतिहासिक मामला था। उस समय, कोई नहीं जानता था कि शाह बानो कई महिलाओं और आने वाली पीढ़ियों के लिए लड़ रही थीं। इस फिल्म में, हमने इस मामले को निष्पक्ष तरीके से दिखाया है।'

**मेरा बेटा पूजा और नमाज दोनों करता है:** आगे बातचीत में इमरान हाशमी से हिंदू-मुस्लिम में तनाव को लेकर सवाल किया गया। इसके जवाब में अभिनेता ने कहा, एक लिबरल मुस्लिम होने के नाते, मुझे इस फिल्म के दृष्टिकोण से कोई समस्या नहीं है क्योंकि हम किसी समुदाय को बदनाम नहीं कर रहे हैं। आगे उन्होंने कहा, मैंने परवीन से शादी की है, जो एक हिंदू हैं। मेरा बेटा पूजा और नमाज दोनों करता है। मेरी मां ईसाई हैं। मेरी परवरिश धर्मनिरपेक्षता में हुई है, इसलिए मैं इस फिल्म को उसी नजरिए से देख रहा हूं। अब लोगों की क्या प्रतिक्रिया होगी, इसके बारे में मैं नहीं सोच रहा।

# एक्ट्रेस तान्या राजकुमार राव संग मिलकर खोलेंगी

## शिक्षा व्यवस्था की पोल



**भारत** की नई पीढ़ी के कलाकारों में तेजी से पहचान बना रही अभिनेत्री तान्या मानिकतला अब जल्द ही अभिनेता राजकुमार राव के साथ एक नई फिल्म में नजर आने वाली हैं। यह फिल्म निर्देशक आदित्य निंबालकर के निर्देशन में बन रही है। इस फिल्म में तान्या युवा भारतीयों की आवाज बनेंगी। उनका किरदार फिल्म की कहानी के लिए बेहद अहम होगा। फिल्म की कहानी भारत की शिक्षा व्यवस्था की सच्चाइयों पर आधारित है। फिल्म उस दुनिया को सामने लाने की कोशिश करती है जिसे अक्सर अनदेखा कर दिया जाता है। वह दुनिया, जहां छात्र और शिक्षक, दोनों ही एक कठिन और प्रतिस्पर्धी सिस्टम के दबाव में जीते हैं। यह कहानी न केवल सामाजिक रूप से प्रासंगिक है, बल्कि हर उस परिवार से जुड़ती है जो बच्चों के भविष्य को लेकर चिंतित रहता है। फिल्म से जुड़े एक सूत्र ने समाचार एजेंसी  को बताया कि यह प्रोजेक्ट सभी कलाकारों और निर्माताओं के लिए बेहद व्यक्तिगत और भावनात्मक है। निर्देशक आदित्य ने इस विषय को बड़ी गहराई और संवेदनशीलता से संभाला है। राजकुमार राव और तान्या मानिकतला का किरदार दर्शकों के दिल को छू लेगा। सूत्र के मुताबिक, तान्या का किरदार इस फिल्म का अहम हिस्सा है, क्योंकि यह उन युवा भारतीयों की आवाज है जो आज के दौर में शिक्षा, करियर और समाज की अपेक्षाओं के बीच संतुलन बनाने की कोशिश कर रहे हैं। निर्देशन के साथ-साथ फिल्म का लेखन भी आदित्य निंबालकर ने किया है। कहानी में भारत के शिक्षा जगत की उन गहराइयों को दिखाया गया है, जहां छात्रों पर पढ़ाई और परीक्षा का भारी दबाव होता है, वहीं शिक्षकों को भी सिस्टम की सीमाओं और चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।  फिल्म शिक्षा व्यवस्था के भावनात्मक, मानसिक और सामाजिक पहलुओं पर रोशनी डालती है। यह सिर्फ मनोरंजन नहीं, बल्कि एक ऐसा आईना है जो समाज को अपने भीतर झांकने पर मजबूर करेगा।

# थामा में अपने किरदार को लेकर बोलीं रश्मिका मंदाना



**अभिनेत्री** रश्मिका मंदाना इन दिनों अपनी हाल ही में रिलीज हुई फिल्म थामा की सफलता का लुत्फ उठा रही है। इस फिल्म में उन्होंने वैंपायर का किरदार निभाया। बात करते हुए उन्होंने फिल्म में काम के अनुभव को साझा किया और बताया कि उनके लिए यह किरदार कितना चुनौतीपूर्ण था। उन्होंने कहा कि थामा का अनुभव उनके लिए रचनात्मक रूप से बहुत रोमांचक था। वैंपायर का किरदार उनके लिए पूरी तरह से नया है, क्योंकि अब तक उन्होंने अपने करियर में ऐसा कोई किरदार नहीं निभाया था। उन्होंने कहा, मेरे लिए यह अनुभव बिल्कुल नया था। मुझे नहीं पता था कि वैंपायर या बेताल जैसे प्राणी का किरदार कैसे निभाया जाता है। यह भूमिका मेरे लिए काफी चुनौतीपूर्ण और जटिल थी। उन्होंने इस अनुभव को दिलचस्प करार देते हुए कहा, इस तरह के किरदारों के साथ काम मेरे लिए हमेशा नई चीजें सीखने जैसा होता है। सामान्य किरदार निभाना भी एक तरह का आनंद देता है, लेकिन जब कोई बिल्कुल अलग और चुनौतीपूर्ण किरदार मिलता है, तो यह अनुभव एक अलग ही तरह का उत्साह देता है। अभिनेत्री ने कहा, मुझे इस किरदार में खुद को बदलने की पूरी प्रक्रिया बेहद आकर्षक लगी। जब कोई कलाकार किसी सामान्य किरदार में काम करता है, तो उसका आनंद अलग होता है, लेकिन किसी अलग प्राणी का किरदार निभाना उसे एक नए तरह का उत्साह और खुशी देता है। रश्मिका ने अपने प्रोड्यूसर अमर कौशिक और निर्देशक आदित्य सरपोतदार का भी धन्यवाद किया। उन्होंने कहा, इस नए और चुनौतीपूर्ण किरदार को निभाने में उनका मार्गदर्शन और समर्थन बहुत महत्वपूर्ण रहा। रश्मिका ने खुलासा किया कि उन्होंने इस किरदार को निभाने के लिए बिल्कुल जीरो से शुरुआत की।

# टीचर बनना चाहती थी मलायका



**आज** हम आपको बॉलीवुड की बहुत ही टैलेंटेड और खूबसूरत अदाकारा से मिलवा रहे हैं. बॉलीवुड के पॉपुलर आइटम सॉन्ग्स से तहलका मचाने वाली इस हसीना की दीवानगी आज भी उतनी ही है जितनी सालों पहले हुआ करती थी. जी ये हसीन अदाकारा कोई और नहीं, बल्कि शाहरुख खान के साथ 'छैंया-छैंया' गाने से लोगों का दिल जीतने वाली मलाइका अरोड़ा हैं, जिनकी अदाओं पर आज भी लोग जान छिड़कते हैं. आज मलाइका किसी परिचय की मोहताज नहीं हैं. अपने बेहतरीन डांस से वो सबको अपना दीवाना बना लेती हैं. लेकिन यहां तक पहुंचने के लिए उन्होंने काफी मेहनत की है. मुंबई में जन्मीं मलाइका अरोड़ा की मां जॉयस पॉलीकार्प मलयाली फैमिली से आती हैं और पिता पंजाबी हिंदू परिवार से थे. एक्ट्रेस को अपने शुरूआती दिनों में काफी मुश्किलों से गुजरना पड़ा था. एक बार एक्ट्रेस ने खुद बताया था कि वह कभी इतने छोटे घर में रहती थीं कि उसकी तुलना माचिस की डिब्बी से कर सकते हैं. इस दौरान एक्ट्रेस ने बताया था कि बचपन में बहुत कुछ झेलना पड़ा. हालांकि, आज एक्ट्रेस के पास हर तरह की सुविधाएं हैं. करियर की बात करें तो मलाइका कभी फिल्मों में नहीं आना चाहती थीं, वो हमेशा से एक टीचर बनना चाहती थीं. लेकिन डांस ने उनका जीवन बदल दिया और वो इंडस्ट्री की सबसे मशहूर आइटम गर्ल बन गईं.

# तमन्ना भाटिया ने फिल्म बाहुबली की बात

**हाल** ही में तमन्ना भाटिया ने फिल्म बाहुबली के बारे में कई बातें बताई हैं। उनके मुताबिक फिल्म में काम करने के बाद उनमें कई बदलाव आए हैं। तमन्ना भाटिया इंडस्ट्री की सबसे पसंदीदा अभिनेत्रियों में से एक हैं। उन्होंने कई बेहतरीन फिल्में की हैं, लेकिन उनके डांस नंबर आज भी दर्शकों को दीवाना बनाते हैं। उन्होंने दो दशक पहले हिंदी फिल्म चांद सा रोशन चेहरा से अभिनय में कदम रखा था, लेकिन उन्हें सबसे बड़ा ब्रेक तब मिला जब उन्होंने प्रभास के साथ बाहुबलीः द बिगिनिंग में काम किया। इसके बाद, उन्होंने बाहुबली 2ः द कन्क्लूजन से पर्दे पर वापसी की और तब से उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा।

## तमन्ना भाटिया में आया बदलाव

फिल्मफेयर के साथ बातचीत में, तमन्ना भाटिया ने बताया कि कैसे बाहुबली फ्रैंचाइजी ने उन्हें बदल दिया। उन्होंने कहा बाहुबली एक ऐसी फिल्म थी जिससे मैंने सबसे ज्यादा सीखा। हम एक हरे रंग की स्क्रीन के सामने शूटिंग कर रहे थे, इसलिए हमें बहुत सी चीजों की कल्पना करनी पड़ी। मैंने वीएफएक्स के बारे में सीखा। किसी फिल्म को बेहतर बनाने के लिए इसका इस्तेमाल कैसे किया जाता है यह भी सीखा। इसने मुझे प्रयोग करने का और भी आत्मविश्वास दिया। उसके बाद से, मैंने लोगों की राय को गंभीरता से लेना बंद कर दिया। मैं अपने अंतर्मन पर ज्यादा भरोसा करने लगी।



# 4000 करोड़ी फिल्म रामायण के लिए फ्री में काम कर रहे विवेक ओबेरॉय

**बॉलीवुड** एक्टर विवेक ओबेरॉय की जबरदस्त एक्टिंग के फैंस दीवाने रहते हैं. हालांकि, उनका फिल्म करियर कुछ खास नहीं रहा है. विवेक ओबेरॉय फिल्मों में कम ही नजर आते हैं और रियल स्टेट का बिजनेस कर रहे हैं. फिलहाल, उनकी पाइपलाइन में अभी कुछ फिल्में हैं, जिसमें डायरेक्टर नितेश तिवारी की 4000 करोड़ी मूवी रामायण  है. इस फिल्म में विवेक ओबेरॉय विभीषण का किरदार निभाते नजर आएंगे. फिल्म रामायण में उनकी फीस को लेकर जानकारी सामने आई है. आइए जानते हैं कि इस फिल्म के लिए उन्होंने कितनी फीस ली है. विवेक ओबेरॉय ने बात करते हुए कहा कि उन्होंने फिल्म रामायण के प्रोड्यूसर नमित मल्होत्रा से कहा था कि वह फिल्म के लिए एक भी पैसा नहीं लेना चाहते हैं. वह अपनी पूरी फीस कैंसर से पीड़िता बच्चों की मदद के लिए दान करना चाहते हैं. विवेक ओबेरॉय ने कहा, मैंने उनसे कहा कि मैं आपका सपोर्ट करना चाहता हूं कि क्योंकि ये काम मुझे पसंद है. मुझे लगता है कि ये इंडियन सिनेमा को ग्लोबल स्टेज पर ले जाएगा.  हॉलीवुड महाकाव्यों के लिए भारत की तरफ रामायण जवाब होगा. ये उस कंपनी से जुड़ी है, जिसने 7-8 ऑस्कर जीते हैं और भी शानदार काम किए हैं. वास्तव में रामायण से बड़ा और बेहतर कुछ और नहीं हो सकता है. इसे ग्लोबल फील्ड में ले जाना काफी एक्साइटिंग है.



## फिल्म रामायण की स्टारकास्ट

फिल्म रामायण में रणबीर कपूर, साई पल्लवी, यश, विवेक ओबेरॉय, रवि दुबे, सनी देओल, लारा दत्ता, रकुल प्रीत सिंह, अरुण गोविल, काजल अग्रवाल, इंदिरा कृष्णन, कुणाल कपूर, शीबा चड्ढा जैसे तमाम सितारे नजर आएंगे. फिल्म भगवान राम का किरदार रणबीर कपूर, माता सीता किरदार साई पल्लवी और रावण का किरदार यश निभाएंगे.







# रहस्यमय सौंदर्य की भूमि हैं सिक्किम की वादियां

हिमालय की गोद में बसे सिक्किम राज्य को प्रकृति के रहस्यमय सौंदर्य की भूमि या फूलों का प्रदेश कहना गलत नहीं होगा। वास्तव में यहां के नैसर्गिक सौंदर्य में जो आकर्षण है, वह अन्यत्र दुर्लभ है। नदियां, झीलें, बौद्ध मठ और स्तूप तथा हिमालय के बेहद लुभावने दृश्यों को देखने के अनेक स्थान, ये सभी हर प्रकृतिप्रेमी को बाहें फैलाए आमंत्रित करते हैं। विश्व की तीसरी सबसे ऊंची पर्वतचोटी कंचनजंगा (28156 फुट) यहां की सुंदरता में चार चांद लगाती है। सूर्य की सुनहली किरणों की आभा में नई-नवेली दुलहन की तरह दिखने वाली इस चोटी के हर क्षण बदलते मोहक दृश्य सुंदरता की नई-नई परिभाषाएं गढ़ते हुए से लगते हैं। मनुष्य की कल्पनाओं का सागर यहां हिलोरें मारने लगता है।

### कैसे पहुंचें

पृथ्वी की भौगोलिक असमानताओं में बिखरे प्राकृतिक सौंदर्य का अद्वितीय पक्ष सिक्किम राज्य सड़क, रेल तथा हवाई मार्गो के जरिये देश के विभिन्न महानगरों से अच्छी तरह जुड़ा हुआ है। उत्तरी बंगाल में बागडोगरा हवाई अड्डा राजधानी गंगटोक के सबसे समीप है। हवाई अड्डे से 124 किलोमीटर की दूरी सड़क मार्ग से लगभग चार घंटों में तय हो जाती है। बागडोगरा विमान पत्तन कोलकाता, गुवाहाटी और नई दिल्ली से इंडियन एयरलाइंस और दूसरी एयरलाइनों की उड़ानों से जुड़ा हुआ है। सिक्किम पर्यटन विभाग का पांच सीटों वाला हेलीकॉप्टर बागडोगरा और गंगटोक के बीच प्रतिदिन हवाई सेवा प्रदान करता है। रेलमार्ग पर सबसे समीप दो स्टेशन सिलीगुड़ी तथा न्यू जलपाईगुड़ी हैं। गंगटोक से इनकी दूरी क्रमशः 114 व 125 किलोमीटर है।

### परमिट की जरूरत

सीमांत प्रदेश होने के कारण विदेशी नागरिकों को यहां आने के लिए इनर लाइन परमिट (आईएलपी) लेना होता है। यह परमिट उन्हें भारत में प्रवेश हेतु मिले वीजा के आधार पर मिल जाता है। भारतीय दूतावासों तथा देश में पर्यटन कार्यालयों से या सिक्किम पहुंच कर भी यह परमिट प्राप्त किया जा सकता है, जिसकी अवधि 15 दिन होती है। यह अवधि बढ़वाई भी जा सकती है।

### मौसम एवं तापमान

ग्रीष्म ऋतु में गंगटोक का तापमान अधिकतम 21 डिग्री तथा न्यूनतम 13 डिग्री सेंटीग्रेड होता है तथा शरद ऋतु में अधिकतम 13 डिग्री तथा न्यूनतम 05 .3 डिग्री सेंटीग्रेड। विश्व में सबसे अधिक वर्षा चेरापूंजी में होती है। यह स्थान सिक्किम से अधिक दूर नहीं है। अतः राज्य में भ्रमण के लिए सबसे उत्तम समय मार्च से जून तक तथा अक्टूबर से दिसंबर तक है। गंगटोक में प्रतिवर्ष औसतन वर्षा 3894 मिलीमीटर होती है। 15 साल के अंतराल के बाद गत फरवरी मास में यहां बर्फबारी हुई है।

## जीवंत वातावरण

भारत के उत्तर-पूर्व और पूर्व में फैले इस राज्य का क्षेत्रफल 7096 वर्ग किलोमीटर है और जनसंख्या लगभग पांच लाख। चीन के अधीनस्थ तिब्बत से व्यापारिक संबंधों के समय व्यावसायिक महत्व का स्थान रहा गंगटोक आज के सिक्किम की राजधानी है। इस शहर की स्थापना 19वीं शताब्दी के मध्य में हुई थी। इससे पहले राज्य के पश्चिमी भाग में युकसम और इसके बाद राबडेंसे नामक स्थानों को सिक्किम की राजधानी होने का गौरव प्राप्त था। देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों, हनीमून मनाने वाले जोड़ों तथा राज्य के सुदूर क्षेत्रों में ट्रेकिंग और साहसिक पर्यटन के शौकीन लोगों की आवाजाही गंगटोक के वातावरण को हमेशा जीवंत बनाए रखती है।

पर्यटन की दृष्टि से सुविधापूर्वक सिक्किम दर्शन के लिए राज्य को चार भागों में बांटा जा सकता है। सबसे पहले पूर्व में गंगटोक तथा इसके आसपास कई दर्शनीय स्थल हैं। समुद्रतल से 5800 फुट की ऊंचाई पर स्थित गंगटोक का प्रारंभ से ही समुचित विकास होता आया है। यहां अच्छे से अच्छे रहने के स्थान, यातायात के साधन तथा संचार माध्यम उपलब्ध हैं। राज्य की पारंपरिक हस्तशिल्प और हथकरघा की वस्तुओं का केंद्र भी पर्यटकों के लिए विशेष आकर्षण का स्थान है। यहां से केवल तीन किलोमीटर की दूरी पर 200 वर्ष पुराना महत्वपूर्ण बौद्ध मठ इंचे मॉनेस्ट्री है। ऐसा माना जाता है कि यहां आने वाले श्रद्धालुओं को लामा द्रुप्तोब कार्पो का आशीर्वाद मिलता है। लामा द्रुप्तोब यहां के लोकजीवन में



आस्था के एक गहरे प्रतीक के रूप में रचे-बसे हैं। हर साल जनवरी के आसपास यहां छाम नृत्य का उत्सव आयोजित किया जाता है। यह उत्सव दो दिन तक धूमधाम से मनाया जाता है। व्हाइट हॉल के पास पूरे वर्ष फूलों की प्रदर्शनी भी लगाई जाती है।

## बौद्ध अध्ययन का केंद्र

गंगटोक में ही स्थित नामग्याल इंस्टीट्यूट ऑफ टिबेटोलॉजी (एनआईटी) नाम का बौद्ध संस्थान दुर्लभ लेपचा, तिब्बती व संस्कृत पांडुलिपियों, मूर्तियों, थंका, कर्मकांड और पूजन विधि में प्रयोग आने वाले कपड़ों (टेपेस्ट्रीज) आदि दो सौ से अधिक बहुमूल्य वस्तुओं तथा कलाकृतियों का खजाना है। धार्मिक और ऐतिहासिक दोनों ही दृष्टियों से महत्वपूर्ण यह संस्थान आज पूरे विश्व के लिए बौद्ध दर्शन तथा धर्म का अध्ययन केंद्र बना हुआ है।

छोग्याल पाल्डेन थोंडुप नामग्याल की स्मृति में यहां एक पार्क बना हुआ है। छोग्याल अर्थात राजा। नामग्याल वंश के 17वें तथा धार्मिक कार्यो के लिए पवित्रीकरण संस्कार प्राप्त 12वें राजा पाल्डेन थोंडुप की आर्थिक और सामाजिक सुधारों में शुरू से गहरी आस्था थी। राजा पाल्डेन आधुनिक शासन प्रणाली के समर्थक थे। इनके शासनकाल में ही सिक्किम में आधारभूत सुविधाओं की नींव रखी गई। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने स्कूल, सड़कें, चिकित्सालय आदि बनाने, पेयजल उपलब्ध कराने, यातायात हेतु सिक्किम राष्ट्रीयकृत ट्रांसपोर्ट, हाइड्रो-इलेक्ट्रिक पॉवर स्कीम तथा ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए अन्य योजनाएं चलाने के लिए भी लगातार सहायता दी। 1982 में इनका देहांत हुआ। अंत तक वह बौद्धिक सोसाइटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष रहे।

## पवित्र छांगू झील

छांगू लेक, जिसे स्थानीय लोग छो गो लेक कहते हैं, गंगटोक से 40 किलोमीटर दूर है। समुद्रतल से 3780 मीटर की ऊंचाई पर स्थित यह अंडाकार झील एक किलोमीटर लंबी और 15 मीटर गहरी है। स्थानीय लोगों की मान्यताओं के अनुसार यह एक पवित्र स्थान है। शीतकाल में यह जमी रहती है। मई से अगस्त के बीच इसके चारों ओर फैली पर्वतश्रृंखला व घाटियों में विभिन्न प्रकार के फूल खिले होते हैं। यहां खिलने वाले फूलों में रोडोडेंड्रोन, कई प्रकार के प्रिमुला, नीले और पीले पॉपीज, आइरिस आदि प्रमुख हैं। लाल पांडा तथा कई प्रजातियों के पक्षियों का यह पसंदीदा स्थान है। इसी दिशा में गंगटोक से 56 किलोमीटर दूर समुद्रतल से 14200 फुट की ऊंचाई पर स्थित नाथू ला है। ला अर्था पास या एक पहाड़ को लांघकर दूसरी ओर जाने का रास्ता। नाथू ला भारत-चीन (तिब्बत का पठार) सीमा पर स्थित है। यहां जाने के लिए पंजीकृत ट्रेवल एजेंसी के माध्यम से सिक्किम पर्यटन विभाग से परमिट लेनी पड़ती है। नाथू ला की ओर जाने की परमिट केवल भारतीय नागरिक ही पा सकते हैं। पहाड़ी क्षेत्रों में पाई जाने वाली जड़ी-बूटियां और पेड़-पौधे देखने के शौकीन लोगों के लिए इसी क्षेत्र में स्थित सरमसा गार्डन और जवाहरलाल नेहरू बोटेनिकल गार्डन दर्शनीय हैं। जबकि वन्य जीवन में रुचि लेने वालों के लिए हिमालयन जूलोजिकल पार्क तथा फेम्बोंग लो वाइल्ड लाइफ सैंक्चुअरी दिलचस्प जगहें हो सकती हैं। इनके अलावा दो द्रुल छोरटेन, रुमटेक धर्म चक्र केंद्र, पाल जुरमांग कागयुद मॉनेस्ट्री, वाटर गार्डन, बाबा हरभजन सिंह मेमोरियल, ताशी व्यू प्वाइंट, गोन्जांग मॉनेस्ट्री, गणेश टोंक, हनुमान टोंक, नोर छो सुक तथा अरितार यहां के अन्य दर्शनीय स्थल हैं।

## जहां मिट जाते हैं पाप

पश्चिमी सिक्किम में पेमायांगसे मॉनेस्ट्री सबसे प्राचीन बौद्ध मठों में से एक है। राज्य की पहली राजधानी युकसम यहीं है। तीन विद्वान लामाओं द्वारा सन 1641 में सिक्किम राज्य के प्रथम छोग्याल (राजा) का पवित्रीकरण संस्कार यहीं किया गया था। इसका प्रमाण नोरबूगांग छोरटेन में आज भी मौजूद है, जहां पत्थरों के सिंहासन और एक पत्थर पर मुख्य लामा के पैर की छाप देखी जा सकती है। वस्तुतः इस राज्य का इतिहास यहीं से शुरू होता है। स्थानीय लोग इस क्षेत्र को अत्यंत पवित्र मानते हैं। जोंगरी-जेमाथांग





तथा कंचनजंगा बेस कैंप के लिए ट्रेकिंग कार्यक्रम भी युकसम से ही शुरू होते हैं। युकसम के बाद कुछ ही दूरी पर स्थित राबडेंसे राज्य की दूसरी राजधानी बनी थी। यहां अब केवल खंडहर शेष हैं। सन 1814 तक यहीं से राजा ने राज्य का संचालन किया। ताशीडिंग मॉनेस्ट्री हृदय के आकार की पहाड़ी पर बनाई गई है, जिसके पीछे पवित्र कंचनजंगा पर्वत है। बौद्ध धर्मग्रंथों के अनुसार 8वीं शताब्दी में गुरु पद्मसंभाव, जिन्हें गुरु रिम्पूछे भी कहा जाता है, ने इस स्थान से ही सिक्किम की पवित्र भूमि को आशीर्वाद दिया था। ऐसा माना जाता है कि आज भी यहां आने वालों को गुरु रिम्पूछे का आशीर्वाद प्राप्त होता है। लेपचा समुदाय की बहुलता वाली इस घाटी में स्थित पवित्र गुरु इहेदू में गुरु रिम्पूछे के पैरों और हाथों के चिन्ह अभी भी सुरक्षित हैं। ताशीडिंग पवित्र छोरटेन (स्तूप) थोंग वा रांग डोल के लिए भी प्रसिद्ध है। इसका अर्थ है देखने भर से जीवनरक्षा करने वाला।

## संधि भाईचारे की

उत्तरी सिक्किम में जेमू ग्लेशियर से निकलने वाली तीस्ता नदी राज्य का गौरव बढ़ाती है। व्हाइट वाटर राफ्टिंग और कयाकिंग आदि वाटर स्पोर्ट्स के शौकीन लोगों के लिए सिक्किम में यही आकर्षण का मुख्य केंद्र है। मई-जून में यहां साहसिक पर्यटन के शौकीन लोगों की खासी भीड़ जुटी होती है। भारत ही नहीं, दुनिया के अन्य देशों से भी लोग यहां रोमांचक खेलों का मजा लेने तथा प्रकृति की सुंदरता को निहारने के लिए आते हैं।

अगर आप वन्य प्राणियों के जीवन में रुचि लेते हैं तो उत्तरी सिक्किम में ही स्थित कंचनजंगा नेशनल पार्क बहुत मुफीद जगह है। 850 वर्ग किलोमीटर में फैले इस वन्य जीव अभ्यारण्य को बायोस्फीयर रिजर्व के नाम से भी जानते हैं। यहां तमाम दुर्लभ प्रजातियों के कई जीव स्वच्छंद विचरण करते हैं। इसके क्षेत्र में कई ग्लेशियर भी हैं, जिनमें जेमू ग्लेशियर सबसे लंबा और नयनाभिराम है। चिड़ियों की यहां कुल 550 प्रजातियां पाई जाती हैं। इनमें ब्लड फेजेंट, सेटायर ट्रैगोपन, ऑस्प्रे, हिमालयन ग्रिफॉन, लैमर्जियर, बर्फीला कबूतर, इंपेयन फेजेंट, सन बड्र्स और गरुड़ शामिल हैं।

# विदेश में भी मौजूद हैं कई मंदिर जिन्हें देखकर आप भी कहेंगे वाह!



भारत को मंदिरों का देश भी कहा जाता है, ऐसा इसलिए क्योंकि यहां देवी-देवताओं के कई हजार मंदिर हैं। प्राचीन से लेकर नए मंदिरों के कारण भारत दुनियाभर में आकर्षण का केंद्र है। वहीं, क्या आप जानते हैं कि भारत के अलावा भी अन्य देशों में हिन्दू देवी-देवताओं के मंदिर हैं, जिन्हें दुनियाभर में मान्यता प्राप्त है। दुनियाभर में प्रसिद्ध इन मंदिरों के दर्शन के लिए लोग दूर-दूर से आया भी करते हैं। आज हम आपको उन्हीं मंदिरों के बारे में बताने जा रहे हैं जो भारत के अलावा दूसरे देशों में मौजूद हैं, आइए जानते हैं...

### मुन्नेस्वरम मंदिर, श्रीलंका

श्रीलंका के मुन्नेस्वर गांव में मुन्नेस्वरम नामक ये मंदिर काफी बड़ा है। इसके परिसर में कुल 5 मंदिर स्थित हैं। यहां मां काली और भगवान शिव का भी मंदिर है। ऐसी मान्यता है कि जब श्रीराम ने राम का वध किया था तब वो यहां शिव जी की पूजा करने के लिए आए थे। ये ही कारण है कि इस मंदिर को धार्मिक तौर पर बेहद खास माना जाता है। यहां काफी लोग घूमने और शिव जी के दर्शन करने के लिए आते हैं।

### अंकोरवाट मंदिर, कंबोडिया

कंबोडिया में स्थित अंकोरवाट मंदिर भगवान विष्णु को समर्पित है। हिन्दू मंदिरों में ये दुनिया का सबसे बड़ा मंदिर माना जाता है। 12वीं सदी में इसका निर्माण कम्बुज के राजा सूर्यवर्मा ने करवाया था। इस मंदिर के चारों तरफ एक गहरी खाई है, जिसकी चौड़ाई 650 फुट और लंबाई ढाई मील है, जो इस मंदिर को खास बनाता है। इस मंदिर में हर वर्ष लाखों की संख्या में लोग आते हैं। यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थलों में से एक ये मंदिर है।

### मुरूगन टेंपल, ऑस्ट्रेलिया

मुरूगन मंदिर ऑस्ट्रेलिया की राजधानी सिडनी में स्थित है। यहां पहड़ों के देवता कहलाए जाने वाले भगवान मुरूगन विराजमान है। इसलिए इस विशाल मंदिर को न्यू साउथ वेल्क के पहाड़ों पर बनवाया गया है। इस मंदिर और भगवान के प्रति यहां के हिन्दुओं की अपार आस्था है।

### पशुपतिनाथ मंदिर, नेपाल

भारत से करीबी देश नेपाल की राजधानी काठमांडू में पशुपतिनाथ मंदिर स्थित है। दुनिया के सबसे प्राचीन हिन्दू मंदिरों में से एक ये मंदिर है। यहां पशुपति के रूप में शिव जी की पूजा होती है। हर साल यहां काफी संख्या में लोग दर्शन करने आते हैं। यूनेस्को द्वारा इस मंदिर को विश्व विरासत स्थल का दर्जा मिला हुआ है।

### प्रम्बानन मंदिर, इंडोनेशिया

इंडोनेशिया में कई हिन्दू मंदिर मौजूद हैं। इन्हीं में से एक प्रम्बानन मंदिर भी है। जिसका निर्माण नौवीं शताब्दी में किया गया था। ये मंदिर यूनेस्को की विश्व विरासत स्थल माना जाता है। ये मंदिर केवल इंडोनेशिया का ही नहीं बल्कि पूरे साउथ एशिया का बहुत बड़ा मंदिर है।

### सागर शिव मंदिर, मॉरीशस

बड़ी संख्या में हिन्दू रहने वाले द्वीपीय देश मॉरीशस में सागर शिव मंदिर को एक पवित्र धार्मिक स्थल माना जाता है। इसका निर्माण साल 2007 में हुआ था। भगवान शिव की 108 फीट ऊंची कांसे की प्रतिमा इस मंदिर को खास बनाती है। भगवान शिव के दर्शन के लिए यहां लाखों की संख्या में लोग आते हैं।

### रामलिंगेश्वर मंदिर, मलेशिया

मलेशिया की राजधानी क्वालालमपूर में रामलिंगेश्वर मंदिर स्थित है। साल 2012 में मलेशिया सरकार द्वारा इस मंदिर को ट्रस्ट के हवाले कर दिया गया। जिसके बाद से अब इस ट्रस्ट द्वारा ही मंदिर का प्रबंधन किया जाता है।

### कटास राज मंदिर, पाकिस्तान

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के चकवाल जिले में कटास राज मंदिर स्थित है। ये एक प्राचीन भगवान शिव मंदिर है। छठी से नौवीं शताब्दी के बीच इस मंदिर का निर्माण करवाया गया था। कहा जाता है कि ये मंदिर महाभारत काल से था। इससे संबंधित पांडवों की कई कहानियां प्रसिद्ध हैं।